देवघर संस्करण | वर्ष : 6, अंक : 20 | पंजीयन संख्या : JHAHIN/2019/78205 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, बैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी | शनिवार, 4 मई 2024 | पृष्ठ : 16 | ₹4:00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



इटैलियन ओपन से हटे कार्लोस अल्काराज



इनकम टैक्स में बदलाव की खबर को सीतारमण ने बताया अफवाह

**दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे पीएम मोदी ने चाईबासा की जनसभा में कहा**

# कांग्रेस-जेएमएम में लूट की रेस

- सभा में जुटी भारी भीड़, लगते रहे मोदी-मोदी के नारे

एजेंसी । 3 मई

**चाईबासा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता। मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था।




### रांची के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

*रांची : पीएम मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया। इस दौरान लोगों ने अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। वहीं, खुली जिप से पीएम मोदी लोगों को नमस्कार करते नजर आये और हाथ में कमल का निशान लिए थे, जो लोगों को दिखाते हुए और मुस्कुराते हुए मतदान की अपील कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी के काफिले में रांची लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ, भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी ने खुली जीप में पीएम मोदी का स्वागत किया।*

# राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से किया नामांकन



नामांकन पर्चा दाखिल करते राहुल

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के अलावा प्रियंका और सोनिया रहीं मौजूद
- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप से होगी टक्कर

एजेंसी । 3 मई

**लखनऊ :** राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे। हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल गांधी के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया।

**संक्षिप्त खबर**

### हाईकोर्ट से केजरीवाल को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिका मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती देती है, जो फिलहाल, न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट ने यह देखा है कि वर्तमान में दाखिल की गई याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। कहा कि व्यक्ति अभी न्यायिक हिरासत में है। जो कि वर्तमान याचिका से जुड़ा मामला नहीं है। इसलिए यह याचिका रद्द की जाती है। चुनाव आयोग के पास न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन कैदियों के अधिकारों के संबंध में कोई अधिकार नहीं है।

### हाइवा के धक्के से मिस्त्री की मौत, कई वाहन फूंके गए

**पलामू :** जिले के चैनपुर-रामगढ-भंडरिया मुख्य पथ पर चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढा में कमांडर जीप से जा रहे एक युवक को हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान रामगढ निवासी फिरोज अंसारी (32) के रूप में हुई है। घटना से गुस्साए स्थानीय लोग उग्र हो गए हैं और चार वाहनों में आग लगा दी है। हालांकि इसके आंकड़े और बढ़ सकते हैं। चैनपुर एवं रामगढ थाना पुलिस मौके पर स्थिति को नियंत्रण में करने की कोशिश कर रही है।

### चतरा में एक दर्जन आईईडी बरामद

**चतरा :** जिले के कुशमाहा जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक दर्जन आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने बरामद आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया है। जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा जंगल में सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने डेढ़-डेढ़ किलो के एक दर्जन आईईडी बरामद किया। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

### पलामू में पिता की गोली मारकर हत्या

**पलामू :** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनाग गांव में एक बेटे ने पिता की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद बेटा समेत पूरा परिवार फरार है। घटना के पीछे ओझा गुणी का मामला सामने आया है। लगातार विवाद होने के कारण गुस्से में बेटे ने पिता की हत्या की। एमआरएमसीएच में शुक्रवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम किया गया।

**जमशेदपुर पहुंचे सीएम चंपाई सोरेन, कहा**

## झारखंड की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत

- जमशेदपुर सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के किया नामांकन



चंपाई सोरेन

एजेंसी । 3 मई

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने शुक्रवार को नामांकन किया। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची में आयोजित सभा में चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। पीएम मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

### एसएसटी ने पकड़ा सात पेटियों में भरे सोने-चांदी के पांच करोड़ के जेवरात

**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की एसएसटी टीम गहन जांच कर रही है। इसी क्रम में सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। आयकर विभागकी टीम इसकी जांच कर रही है। जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है। फिलहाल मामले की जांच हो रही है।

# हेमंत सोरेन को नहीं मिली जमानत

- हाई कोर्ट ने माना, नियमों के मुताबिक हुई है गिरफ्तारी



हेमंत सोरेन

एजेंसी । 3 मई

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट से शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल दो अलग-अलग याचिका पर अपना फैसला सुनाया। इसमें हेमंत सोरेन की ओर से गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को चुनौती देने को लेकर क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की गई थी, उस पर भी शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आया। वहीं, हेमंत सोरेन की ओर से प्रोविजनल बेल की मांग पर भी झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला शुक्रवार को सुना दिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट याचिका खारिज कर दी। दरअसल, हेमंत सोरेन की ओर से इस याचिका में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड गलत है और ईडी की ओर से जो उन पर आरोप लगाए गए हैं वह मनी लांड्रिंग के नहीं है। हालांकि, इस मामले में हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। हालांकि एक अन्य मामले में हाई कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्धकर्म में भाग लेने की अनुमति प्रदान कर दी है।

### चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने की मिली छूट

*वहीं, हेमंत सोरेन की प्रोविजनल बेल की मांग वाली याचिका पर भी सुनवाई हुई. कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए 6 मई को छूट जरूर दे दी। आदेशानुसार हेमंत सोरेन 6 मई को अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में पुलिस कस्टडी में ही शामिल होंगे और श्राद्ध कर्म में शामिल होने के बाद पुलिस कस्टडी में ही वापस होटवार जेल लौट जाएंगे। इस दौरान हेमंत सोरेन को मीडिया से किसी भी तरह की बातचीत नहीं करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि पिछले शनिवार को रांची में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।*

**राज्य में पांचवें चरण के नामांकन के अंतिम दिन**

## 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

- पांचवें चरण में चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे
- छठे चरण में अब तक गिरिडीह में 8, धनबाद में 12, रांची में 10 व जमशेदपुर में 11 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन पर्चा
- गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 13 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

एजेंसी । 3 मई

**रांची :** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को राज्य में कुल 41 नॉमिनेशन हुए, जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित हुए बताया कि झारखंड में पांचवें चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। उन्होंने बताया कि अब तक पांचवें चरण में कुल 172 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवें चरण के स्क्रूटनी की तिथि चार मई है और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। छह मई के बाद ही पांचवें चरण में कितने प्रत्याशी हैं, वो साफ हो पाएगा।



के. रवि कुमार

### छठे चरण के लिए शुक्रवार को 15 नामांकन

*छठे चरण के लिए शुक्रवार को झारखंड से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। गिरिडीह से तीन, धनबाद से चार, रांची से चार और जमशेदपुर से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किए। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में आठ, धनबाद में 12, रांची में 10 व जमशेदपुर में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन के अंतिम दिन छह प्रत्याशियों ने फॉर्म भरा।*

**राज्यपाल पर लगे आरोप तो बोलीं ममता बनर्जी**

## 'एक नहीं, दो बार किया यौन उत्पीड़न'

एजेंसी । 3 मई

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर सी वी आनंद बोस पर एक महिला से कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह घटना हृदय विदारक है। उन्होंने सीधे तौर पर राज्यपाल पर ऐसा करने का आरोप लगाया है और कहा कि लड़की डरी हुई है। दरअसल, राज भवन में अस्थाई तौर पर काम करने वाली एक महिला कर्मचारियों ने गुरुवार (2 मई) की रात लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के हेयर स्ट्रेट थाने में जाकर राज्यपाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न की लिखित शिकायत दर्ज करवाई। गवर्नर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बेबुनियाद आरोप बताया और कहा कि वह डरने वाले नहीं है। इसी मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह (युवती) राजभवन में नौकरी करती है। राज्यपाल ने उसके साथ क्या व्यवहार किया। मेरे पास एक नहीं हजारों ऐसी घटनाएं आई हैं, लेकिन मैंने कभी कुछ नहीं कहा। हालांकि यह घटना मेरे लिए ह्दय विदारक है। ममता ने कहा कि राज्यपाल ने अपने यहां काम करने वाली युवती के साथ एक नहीं दो बार यौन उत्पीड़न किया। ममता ने कहा कि मैंने उसका (लड़की) रोना देखा है, मेरे पास उसका वीडियो आया है। कल (गुरुवार) युवती ने बाहर निकलने के दौरान रोते हुए कहा है कि अब मैं राजभवन में नौकरी करने नहीं जाऊंगी। वह डर रही है, कभी भी उसे बुलाकर खराब व्यवहार कर सकते हैं, अपमान कर सकते हैं...।

**'मेरे पास एक नहीं हजारों ऐसी घटनाएं आई हैं, लेकिन मैंने कभी कुछ नहीं कहा'**






# टीएमसी ने बच्चों के भविष्य को दांव पर लगाया : पीएम मोदी

एजेंसी। 3 मई

**बोलपुरः** पश्चिम बंगाल के बोलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विरोधी दलों का गठबंधन देश को बीते दशकों में जाना चाहता है. 60 साल में कांग्रेस महज 7 एम्स बना पाई, लेकिन हमारी सरकार में 22 एम्स बन गए. प्रधानमंत्री ने यहां एक बार फिर कहा कि ये विकास कार्य तो केवल ट्रेलर है, अभी तो बहुत काम करना है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान लाल किले से दिए गए भाषण की याद दिलाई और कहा- यही समय है, सही समय है. पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार से पहले देश की जनता ने कांग्रेस अलायंस को दस साल का मौका दिया लेकिन इन्होंने घोटाले का रिकॉर्ड बना दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल में टीएमसी भी उसी तरह से घोटाले पर घोटाले कर रही है. उन्होंने कहा कि टीचर भर्ती घोटाला ने तो टीएमसी सरकार की पोल ही खोल दी. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी ने प्रदेश के बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है. 25 हजार शिक्षकों को कोर्ट ने घर भेज दिया, ये मामूली बात नहीं. उन्होंने कहा कि टीएमसी आज बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बोलपुर में उमड़ी भीड़ नतीजे की ओर इशारा कर रही है. उन्होंने कहा कि 2014 में जनता ने मुझे केवल प्रधानमंत्री बनाने के लिए नहीं चुना था, देश को नए लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री बनाया था. पीएम ने कहा कि आज देश की जनता जानती है कि हमारी सरकार ने पिछले 10 साल में जितने काम हए हैं, उतने काम पिछली सरकारों के नहीं हुए. उन्होंने कहा कि हमने ठाना है कि नये भारत का निर्माण, देश में अधिक से अधिक शिक्षा संस्थान खुलने चाहिए.



### कांग्रेस 50 और टीएमसी 15 सीटें भी जीत नहीं सकती

कृष्णानगर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर हैं. दुर्गापुर में जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी कृष्णानगर पहुंचे. प्रधानमंत्री ने यहां कांग्रेस के साथ-साथ टीएमसी पर निशाना साधा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में एक बार फिर से बीजेपी की हवा चल रही है. ये चुनाव देश के भविष्य के लिए अहम चुनाव है. हिंदुस्तान को आगे बढ़ाने का चुनाव है. देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है. प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ ये भी कहा कि कांग्रेस को 50 सीटें भी जीत पाना मुश्किल है तो टीएमसी पूरे देश में 15 सीटें भी जीत नहीं सकती. उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस कितना भी जोर लगा ले 50 सीटें पार करना संभव नहीं लग रहा. उन्होंने कहा कि अब लाल झंडा कहीं नजर नहीं आ रहा है कि ये सरकार बनाएंगे. देश में फिर से बीजेपी और एनडीए की ही सरकार बनेगी.

# कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

आवाज प्रतिनिधि। 3 मई

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी। कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी। कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं है? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।



# गोड्डा संसदीय क्षेत्र से मासस के प्रत्याशी होंगे उदय शंकर खवाड़े

आवाज प्रतिनिधि। 3 मई

**बलियापुर।** मासस के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आनंद महतो ने शुक्रवार को अपने आवास बड़ादहा में गोड्डा संसदीय क्षेत्र से उदय शंकर खवाड़े को मासस का टिकट दिया। केन्द्रीय अध्यक्ष ने इसकी स्वीकृति पत्र उन्हें प्रदान की। मौके पर मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पार्टी के केंद्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो मौजूद थे। मासस केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को मासस द्वारा पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को व कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह को मासस ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। महतो ने इस आशय का अलग-अलग पत्र कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को दिया है।



स्वीकृति पत्र देते मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो

## शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होंगे संजय निरुपम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पिछले महीने संजय निरुपम को 'अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बयान देने' के आरोप के चलते छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था. जिसके बाद निरुपम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. अब निरुपम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं. जिस पार्टी से संजय निरुपम ने अपने सियासी सफर की शुरूआत की आज फिर वो उसी पार्टी में वापस जाने को तैयार है. दरअसल मुबंई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम के कांग्रेस पार्टी को इस्तीफा सौंपने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थी कि संजय निरुपम किस पार्टी में शामिल होंगे. जिसका खुलासा आज खुद संजय निरुपम ने कर दिया. निरुपम ने जानकारी दी कि वो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में शामिल होंगे. कांग्रेस ने 3 अप्रैल को संजय निरुपम को ह्यअनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बयान देनेह्न के आरोप के चलते छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था. जिसके बाद निरुपम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था.



### संजय निरुपम ने क्या कहा !

संजय निरुपम ने पार्टी में शामिल होने को लेकर कहा कि आखिरकार आज हमने फैसला ले लिया है, लंबे समय तक कांग्रेस में घुटन भरी जिंदगी से मुक्ति मिली है और लगभग 20 साल बाद मैं अपनी पार्टी शिवसेना ज्वाइन करने जा रहा हूं. उन्होंने आगे कहा कि यह घर वापसी जैसा है. मैं सीएम (एकनाथ शिंदे) की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होऊंगा.

# हजारीबाग के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल ने कई गांवों का किया दौरा

आवाज प्रतिनिधि। 3 मई

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला। उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान हैं।



झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
-:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➤ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➤ कलगी फूल जाना।<br>➤ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➤ नाक से पानी आना।<br>➤ पतला दस्त होना।<br>➤ सांस लेने में तकलीफ होना।<br>➤ चलने में लड़खड़ाना | ➤ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➤ आस-पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➤ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➤ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराएं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR No. 324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

# अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के.एल. शर्मा ने किया नामांकन दाखिल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया. शर्मा के साथ कांग्रेस के स्थानीय नेता मौजूद रहे. इससे पहले, अन्य नेताओं और परिवार के सदस्यों के साथ अमेठी पहुंचने के तुरंत बाद पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचीं और शर्मा से मुलाकात की. उन्होंने पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकताओं को भी संबोधित किया. इसके बाद में वह अपने भाई राहुल गांधी के नामांकन में भाग लेने के लिए रायबरेली के लिए रवाना हो गईं. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत 20 मई को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह अमेठी सीट से शर्मा की उम्मीदवारी की घोषणा की गई. किशोरी लाल शर्मा ने ह्यपीटीआई-भाषा' से कहा, ह्यह्यमैं हमेशा गांधी परिवार का सेवक रहा हूं और एक सेवक को गांधी परिवार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं निभाऊंगा.''

## झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

## जीतू पटवारी की बढ़ी मुश्किलें

# विवादित बयान मामले में इमरती ने दर्ज कराई एफआईआर

**अलीराजपुर।** मध्य प्रदेश में पूर्व मंत्री इमरती देवी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिए गए विवादित बयान का मुद्दा गरमा गया है. मामले में इमरती देवी ने कड़ा एक्शन लेते हुए जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज कराया है. हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसके लिए माफी भी मांग ली है. साथ ही कहा है कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है.

**क्या कहा था जीतू पटवारी ने**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार (2 मई) को पूर्व कैबिनेट मंत्री इमरती देवी को लेकर एक विवादित बयान दिया था. मीडिया से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर बयान देते हुए कहा था "देखो ऐसा है इमरती जी का अब रस खत्म हो गया, अंदर जो चासनी होती है." इसके बाद अब जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर सफाई पेश की.

**दी ये सफाई :** उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'मेरे एक बयान को तोड़मरोड़ कर, गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है. मेरी मंशा सिर्फ सवाल के जवाब को टालने की थी. इमरती जी मेरी बड़ी बहन जैसी हैं और बड़ी बहन मां के समान होती है. यदि फिर भी किसी को ठेस पहुंची हो, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं.'



### पटवारी के बयान पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जताई नाराजगी

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सीट गुना के बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की भी एंट्री हो गई है. उन्होंने पटवारी के बयान को कांग्रेस की मानसिकता से जोड़कर बताया है. उन्होंने कहा कि इसका जवाब कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिल जाएगा.

देवघर संस्करण | वर्ष : 6, अंक : 20 | पंजीयन संख्या : JHAHIN/2019/78205 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, बैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी | शनिवार, 4 मई, 2024 | पृष्ठ : 16 | ₹4:00




औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 41 | 22 | 0% |
| देवघर | 41 | 21 | 0% |
| हजारीबाग | 40 | 17 | 0% |
| आसनसोल | 41 | 22 | 0% |
| रांची | 38 | 21 | 0% |
| पटना | 40 | 22 | 0% |

**संक्षिप्त खबर**

### दनुआ घाटी में आठ घंटे में दो सड़क दुर्घटनाएं

**चौपारण ।** जीटी रोड चौपारण की दनुआ घाटी में शुक्रवार को आठ घंटे के दौरान दो सड़क दुर्घटनाएं हुई। पहली घटना में कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर कन्टेनर में जा टकराया। ट्रक पलटने से कोयला सड़क पर बिखर गया। वहीं एक कोयला लदा टेम्पो भी चपेट मे आ गया। दुर्घटना में ट्रक चालक, उपचालक बाल-बाल बच गए। ट्रक चालक घायल के घायल होने की सूचना है। वही ंदूसरी घटना में रजरप्पा से पूजा करके अपने घर हाजीपुर लौट रहे एक परिवार की कार बीच घाटी में अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई जिसमे कई लोग घायल हो गये। घायलों में एक व्यक्ति गंभीर है। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक अस्पताल चौपारण पहुंचाया गया। वही चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल सोनू कुमार को बेहतर इलाज के लिये हजारीबाग रेफर कर दिया।

### चुनाव ड्यूटी से लौट रही जवानों की बस दुर्घटनाग्रस्त, 17 घायल

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बड़ा हादसा हुआ है. चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में 17 जवान घायल हो गये. सभी घायल जवानों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है. घटना सुबह 11 बजे धरमजयगढ़ के चहला गांव के पास की है. अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे. छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब अचानक ब्रेक फेल होने से बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।

### सड़क हादसे में विधायक परिवार के 5 लोगों की मौत

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. विधान परिषद के सदस्य किरण सरनाईक के परिवार की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई. इस हादसे में विधायक किरण सरनाईक के परिवार के सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई. यह हादसा अकोला जिले के पातुर शहर के पास हुआ है. हादसे में किरण सरनाईक के भतीजे रघुवीर सरनाईक की मौत हो हुई. हादसे में घायल लोगों को अकोला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.ये सड़क हादसा दो कारों के बीच आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ है. कार में किरण सरनाईक के भाई, भतीजे, बेटी और पोती सवार थे. हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए।

**बरवाअड्डा के अजबडीह में अवैध कोयले का हो रहा है गजब खेल**

# 'जगन्नाथ' की तस्करों पर बरस रही असीम कृपा

- चुनचुन, सतीश समेत तीन लोग चला रहे कोयले का अवैध कारोबार
- प्रतिदिन 200 टन अवैध कोयले का करते हैं कारोबार
- एक हार्डकोक प्लांट का मालिक है सतीश, एक में है पार्टनर
- तीनों पर एक दबंग नेता का है प्राप्त आशीर्वाद



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अजब डीह में अवैध कोयले का गजब खेल चल रहा है। जिला और पुलिस प्रशासन के नाक के निचे यह खेल संचालित है। यह खेल में तस्करों पर जगन्नाथ जी की कृपा बरस रही है। सूत्रों के अनुसार कोयले की अवैध धंधे में चुनचुन, सतीश और एक अन्य शख्स शामिल है। इनमे सतीश एक हार्डकोक प्लांट का मालिक है और एक सतीश और चुनचुन साथ में पार्टनर है। चुनचुन और एक अन्य धनबाद के एक दबंग नेता के खास भी हैं। कोयले का काला खेल काली रात में शुरू होती है जो देर रात चलती है। सूत्रों के अनुसार प्रति दिन तीनों मिलकर तकरीबन 200 टन अवैध कोयले की तस्करी कर अपने और गोविंदपुर के कुछ हार्डकोक प्लांट में खपा देते हैं। बताया जाता है कि ये लोग कुछ गाड़ियों का एक नंबर का भी कोयला मंगवाते हैं ताकि प्रशासन की आंखों में धूल झोंका जा सके।

### कतरास और बंगाल के बोदरा से आता है कोयला, सतीश खुद बनाता है हार्डकोक

*बरवाअड्डा के अजब डीह में कतरास और बंगाल के बोदरा से अवैध कोयला मंगवाता है। सूत्रों के अनुसार कतरास से कोकिंग कोल ज्यादातर मंगवाए जाते हैं, जिसे सतीश खुद के हार्डकोक प्लांट में कोकिंग कोल से हार्डकोक बनाकर उंचे दामों में बेच देता है। इनके भट्ठे में स्टॉक की जांच हुई तो अवैध कामों का हो जाएगा खुलासा। सूत्रों के अनुसार तस्करों द्वारा छोटा अम्बोना स्थित किसी लोहारिका के हार्डकोक प्लांट में कोयले को खपाया जाता है। इस मामले में माइनिंग डिपार्टमेंट की चुप्पी संदिग्ध है।*

### 13 जनवरी 2021 को अजबडीह में हो चुका है रेड

*13 जनवरी 2021 को बरवाअड्डा के अजब डीह में अवैध कोयला डिपो तत्कालीन डीएसपी सरीता मूर्मू ने छापेमारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया था। बरवाअड्डा पुलिस की लापरवाही के कारण जब्त कोयले को ग्रामीणों ने सुबह होते ही लूट लिए थे। जब पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम पहुंच जमकर लाठी भांजी। बरवाअड्डा थाना के तत्कालीन एएसआई कृष्ण कुमार यादव के बयान पर किंगपिन विकास कुमार शर्मा समेत गंगाधर महतो, फुचु मंडल, उपेंद्र रविदास एवं अन्य के खिलाफ कोयला चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में दो लोगों को जेल भी भेजा गया था।*

### कोयला चोरी रोकने के लिए एसआईटी गठित, दो हार्डकोक प्लांट की हुई जांच

*धनबाद में कोयला तस्करी पर रोक लगाने के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार एसआईटी में जिला और पुलिस प्रशासन, डीएमओ, बीसीसीएल से अधिकारीयों को टीम में शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार टीम अबतक दो हार्डकोक प्लांट की जांच भी कर चुकी है। टीम कोयले के स्टॉक, उसके कागजात, सेल और परचेज के कागजात समेत कई बिंदुओं पर जांच की है। एसआईटी का मुख्य उद्देश्य यह है की जिले में कोयला तस्करी पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके।*

# चतरा : नामांकन करने पहुंचे पूर्व मंत्री नागमणि हुए गिरफ्तार

- आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई कार्रवाई, चतरा के पूर्व सांसद हैं नागमणि



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**चतरा।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय परिसर में आज जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। बसपा के टिकट पर नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को गिरफ्तार करने पहुंची सदर थाना पुलिस की टीम के साथ उनका जमकर बहस हुआ। नागमणि मीडिया को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने उन्हें रोका तो नागमणि थाना प्रभारी से ही उलझ गए और उन्हें कानून का पाठ पढाने लगे। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर थाना प्रभारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में हुई है। नागमणि आगामी 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे थे। इसके बाद थाना प्रभारी ने उनसे सहयोग की अपील करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# जयराम महतो को बोकारो प्रशासन ने भेजा नोटिस

- सात मई को बुलाया

**एजेंसी। 3 मई**

**बोकारो।** जिला प्रशासन ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयराम महतो को अब नोटिस भेजा है। नोटिस निर्वाचन शाखा ने जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है, जिसका सत्यापन निर्वाचन पदाधिकारी को करना आवश्यक है। नोटिस में कहा है कि इस संबंध में आपको अवगत कराने के लिए बोकारो निर्वाचन शाखा ने आपको दो मई को दो बार फोन किया गया लेकिन आपने फोन नहीं रिसीव किया। आपको इस बात की सूचना देने के लिए आपके घर नोटिस भेजा गया है। साथ ही चार दैनिक अखबारों में नोटिस प्रकाशित की गयी है। आप सात मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो ने दो मई को नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके बाद रांची से डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने की बात कही। महतो को बताया गया कि 2022 में विधानसभा घेराव के दौरान उनपर एफआईआर दर्ज हुआ था। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी होनी है। वहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में जयराम के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया।


# पलामू में मिला माओवादियों का बंकर, महिला गिरफ्तार

**एजेंसी। 3 मई**

**पलामू।** नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पोस्टर लगाये जाने के बाद पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई में शुक्रवार को माओवादियों का बंकर बरामद किया गया। मौके से विस्फोटक समेत कई सामान बरामद किए गए। इस सिलसिले में माओवादी नक्सलियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में की गयी है। बुधवार की रात जिले के हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज में नक्सलियों के द्वारा लोस चुनाव का विरोध करते हुए पोस्टरबाजी की गयी थी। मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी। सर्च अभियान के दौरान घाघरा इलाके में पुलिस को एक बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामान बरामद किए गए। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नीतीश यादव की हुसैनाबाद इलाके में गतिविधि है। सूचना के आलोक में कार्रवाई करने पर सफलता मिली। घाघरा के हरही में अखिलेश यादव के घर के पास बंकर मिला।

### तृणमूल उम्मीदवार देव के हेलीकॉप्टर में लगी आग, बाल-बाल बचे

**मेदिनीपुर।** घाटाल संसदीय सीट से तृणमूल उम्मीदवार और अभिनेता देव तृणमूल के लिए चुनाव प्रचार में पूरे राज्य का दौरा कर रहे हैं। शुक्रवार को यात्रा करते समय उनके हेलीकॉप्टर में अचानक आग लग गई। हालांकि इस घटना में देव को कोई नुकसान नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मालदह के रतुआ से चुनाव प्रचार के बाद मुर्शिदाबाद जाने के दौरान देव के हेलीकॉप्टर में यांत्रिक गड़बड़ी के कारण हेलिकॉप्टर को मालदह हेलीपैड पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। उड़ान भरते ही हेलीकॉप्टर में धुआं भर गया था। सूत्रों के मुताबिक यह घटना मालदह से उड़ान भरने के दस मिनट के भीतर हुई।




**हमनाम उम्मीदवारों से जुड़ी याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

# राहुल गांधी या लालू यादव नाम के कारण किसी को चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते



**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने हमनाम उम्मीदवारों से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि इस मुद्दे को हल करने के लिए एक तंत्र बनाया जाए और इसके प्रति कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश दिए जाएं। बता दें, हमनाम उम्मीदवार वे होते हैं, जिनका नाम किसी दूसरे उम्मीदवार से मिलता-जुलता होता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने याचिका पर विचार करने में रुचि नहीं दिखाई तो याचिकाकर्ता के वकील वीके बीजू ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता बीजू ने साबू स्टीफन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। पीठ ने स्टीफन की ओर से पेश वकील से कहा कि अगर कोई व्यक्ति जिसका नाम राहुल गांधी है या फिर ऐसा कोई व्यक्ति जिसका नाम लालू प्रसाद यादव है तो क्या उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। क्या इससे उनके अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं होगा। अगर किसी के माता-पिता ने यह नाम रख दिया है तो क्या सिर्फ नाम उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है। इसके बाद वकील ने पीठ से कहा कि उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दी जाए। याचिकाकर्ता ने मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए याचिका दायर की।

**संक्षिप्त खबर**

### पुण्यतिथि पर डॉक्टर जाकिर हुसैन को दी श्रद्धांजलि

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने देश के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ जाकिर हुसैन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय हुसैन महान शिक्षाविद, विनम्रता, शालीनता एवं सादगी के प्रतीक थे। वे एक ऐसे राजनेता थे जो राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे। देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने हेतु उनके योगदान को यह राष्ट्र सदैव याद रखेगा।

### बाइक से गिरकर एक व्यक्ति हुआ घायल, भर्ती

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** सारठ थाना क्षेत्र के बगदाहा मोड के पास बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा बाइक सवार घायल का इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सारठ थाना क्षेत्र के बगदाहा के रहने वाले धीरेंद्र मिर्धा घर से बाइक लेकर नशे की हालत में निकाला था, घर से थोड़ी ही दूर बगदाहा मोड़ के पास बाइक असंतुलित होकर दीवार से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसके बाद परिजनों ने घटनास्थल से धीरेंद्र मिर्धा को उठाकर आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां पर इलाज जारी है.

### कार पेड़ से टकराया चालक की मौत

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** पथरोल थाना क्षेत्र के सिमर मोड के पास तेज गति से आ रही कार ट्रक से बचने के क्रम में पेड़ से जा टकरा गया. जिसमें कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिसको इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सा के द्वारा जांच के बाद सिमरा गांव निवासी तामीर अंसारी को मृत घोषित कर दिया गया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अपने घर से कार लेकर निकाला था सिमर मोड के पास कार पेड़ से टकरा गयी, जिसमें तामीर अंसारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिसको इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया पोस्टमार्टम के लिए शव को सुरक्षित रख दिया गया है.

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप का तूफानी जनसभा... 30 गांव में किया शिरकत , कहा

# चुनाव जीतने के बाद सहारा इंडिया का पैसा वापस दिलाना होगी प्राथमिकता



जनसंपर्क में उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव

आवाज संवाददाता

**देवघर।** गोड्डा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत लगभग 30 गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होंने गौरीगंज, तरडीडा, सरासनी, बजरमरुआ, बिचगढ़ा, बलजोरा, नया चितकाठ, गोरा, पुराना चितकाठ, अचाटो, कोल्हनीपाथर, बियाडी रढ़िया, खोभा, त्रिधुना, बारा, नवाडीड, पडरिया, जमुआ, विश्वानी, धावाघाट, पिपरा, उदयपुरा, सलैया, दुम्मा, ठाडीयारा, कुसुमडीह सहित अन्य गांव में प्रचार प्रसार किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के ग्रामीण अभी भी मूलभूत सुविधा से वंचित है बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई और शिक्षा से संबंधित समस्याएं बनी हुई है। आगे उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासनकाल में देश में जो हालात पैदा हुआ उसमें साफ जाहिर हो रहा है कि देश की राजनीतिक करवट ले रही है। भाजपा इस बार 400 का नारा दे रही थी। लेकिन दो चरणों में चुनाव होते ही सच्चाई जाहिर होने लगी है। केंद्र की मंशा भारत के संविधान बदलकर आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने की है जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने और राज करने की चाल जनता ने पकड़ लिया है। कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे-छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। आगे उन्होंने कहा कि जुमला का दूसरा नाम मोदी गारंटी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने आश्वासन दिया है कि प्रदीप यादव को लोकसभा भेजेंगे। लोकसभा पहुंचते ही सबसे पहली प्राथमिकता शहर का पैसा गरीब जनता के खातों में वापस करना होगा । कहा कि इसके लिए जिस हद तक लड़ना होगा लड़ेंगे और संघर्ष करेंगे।

### प्रदीप ने बाबा साहेब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



जनसभा के दौरान खोभा गांव में अंबेडकर युवा क्लब के युवाओं के बीच प्रदीप यादव ने शिरकत की । कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही प्रदीप यादव , सुरेश पासवान व अन्य ने भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही संबोधन के दौरान कहा कि अबकी बार भाजपा की सरकार बनी तो संविधान को खत्म कर देगा । इतना ही नहीं संविधान को खत्म करने के साथ ही आरक्षण भी खत्म हो जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनते ही आरक्षण प्रतिशत को बढ़ा दिया जाएगा। मौके पर सिकंदर दास व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### 15 वर्षों से कुर्सी पर बैठा है अहंकारी , बदल कर देखिए होगा गोड्डा का विकास : प्रदीप

संबोधन के दौरान प्रदीप यादव निशिकांत दुबे पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों से कुर्सी पर बैठे संसद का अहंकार देखिए , कहता है चुनाव प्रचार नहीं करेंगे, यानि उसके सामने वोट की कोई कीमत नहीं है। वोट देने के बाद यदि जीत भी गया तो वोटर का महत्व नहीं समझेगा । एक बार मौका देकर देखिए हर गांव में सड़क की सुविधा होगी। प्रदीप यादव ने दावा किया कि वह झारखंड की आवाज बनकर लोकसभा जाएंगे और यहां के लोगों के हित वह हक अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे।

### सरकार बनते हैं 30 लाख लोगों को मिलेगी नौकरी

संबोधन के दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो खाली पड़े 30 लाख नौकरियां के लिए कैलेंडर जारी कर दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरी दर को पढ़कर 400 रुपया प्रतिदिन कर दिया जाएगा । नरेंद्र मोदी ने कुछ पूंजीपतियों को 20 लाख करोड़ कर्ज माफ किया लेकिन गरीब मजदूर किसान के ऋण माफ नहीं किया गया। अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हर महिला के खाते में प्रतिवर्ष एक लाख रुपए दिया जाएगा। उपस्थित युवाओं को कहा कि अग्निवीर जैसी योजनाओं को समाप्त कर फिर से नई बहाली की जाएगी । दलित ,शोषित, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व गरीबों के हित में काम किए जाएंगे।

## समीक्षा : 13 मई को प्रदीप कराएंगे नामांकन सारी तैयारी दुरुस्त करने का दिया निर्देश



आवाज संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रकाश की अध्यक्षता में बरमसिया के एक निजी परिसर में की गई। इस बैठक में गोड्डा लोकसभा के इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी विधायक प्रदीप यादव ने भी शिरकत की। उपस्थित नेताओं एवं पदाधिकारी ने अपने उम्मीदवार का जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इस बार आप तमाम पार्टी नेताओं में कार्यकताओं एवं महागठबंधन के घटक दलों के सहयोग से इस बार गोड्डा लोकसभा भारी मतों से जीतेंगें। इस बार गोड्डा लोकसभा ही नहीं पूरे देश में बदलाव का बयान चल चुका है। केंद्र के मोदी सरकार के प्रति लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र का जो वातावरण बना है,जिस प्रकार से वर्तमान सांसद का विरोध हो रहा है,जो अंदर से करंट चल रहा है,इस बार गोड्डा लोकसभा तमाम कार्यकताओं की एक जूटता से जीत के रास्ते प्रशस्त होंगें। सबसे बड़ी बात है कि इस बार बीजेपी के परंपरागत वोट भी उनके साथ छोड़ रहा है। हम सभी आपसे छोटे-मोटे गिले शिकवे को बुलाकर एवं छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज करते हुए आगे बढ़ाना है। हमारे राजनीतिक जीवन में कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा है और हमारे द्वारा भी उनके पूरे सम्मान का ध्यान रखा जाता है। कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि हैं। सभी अपने-अपने कार्यों में लग जाए। चुनाव संचालन हेतु सारे विधि व्यवस्था जल्द निर्धारित करें। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में आगामी 13 मई को नामांकन करने जा रहे हैं। इस बैठक के माध्यम से आप सभी को नामांकन के लिए सादर आमंत्रित करता हूँ। जीत सुनिश्चित करने के लिए आज इस बैठक में आप सबों का आशीर्वाद हमारे साथ हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रो.उदय प्रकाश, पूर्व जिला अध्यक्ष जीवन प्रकाश, प्रदेश सचिव अवधेश प्रजापति, नागेश्वर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र दास, जगदीश राय, जियाउल हसन, सुधीर देव, नगर अध्यक्ष रवि केसरी व अन्य मौजूद थे।



भाजपा में शामिल होते संतोष पासवान

## भोजपुरी अभिनेता ने मोदी को तीसरी बार पीएम बनने को लेकर बाबा मंदिर में की विशेष पूजा

आवाज संवाददाता

**देवघर।** शुक्रवार को भोजपुरी अभिनेता ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर बाबा मंदिर में विशेष पूजा की. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनाने की मनोकामना को लेकर बिहार के भोजपुरी अभिनेता और निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक कराया. इसको लेकर अभिनेता और निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने बताया कि 2014 में भी इन्होंने नरेंद्र मोदी के लिए विशेष पूजा और हवन किया था, और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे. इसके बाद 2019 में भी इन्होंने इसी कामना को लेकर बाबा मंदिर में



मनोकामना मांगी थी और अब 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की मनोकामना को लेकर बाबा मंदिर में विशेष पूजन किया. इस पुजा को लेकर दीप श्रेष्ठ ने कहा कि हमारे देश को सौभाग्य से ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिन्हें हमें खोना नहीं चाहते इसलिए मनोकामना लिंग बाबा बैद्यनाथ की नगरी में आकर भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया और विशेष पूजन कर भगवान शिव से उनकी तीसरी बार जीत की कामना की.

## एनडीए गठबंधन की हुई बैठक

# निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ताओं को दिये जीत के मंत्र



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे

आवाज संवाददाता

**देवघर।** शुक्रवार को विलियम्स टाउन स्थित आवास में एनडीए के गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर समन्वय समिति की बैठक की गयी. यह बैठक में भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे की अध्यक्षता में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए के संयोजक राजेश झा ने किया. इस बैठक में भाजपा, आजसू, लोजपा रामविलास व जदयू के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये. इस बैठक में एनडीए घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गोड्डा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए गोड्डा लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनायी. इस बैठक में एनडीए के घटक दलों ने कहा कि देश का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है, इसके साथ ही गोड्डा लोकसभा का भी विकास निशिकांत दुबे के नेतृत्व में हुआ है. प्रधानमंत्री मोदी बाबा बैद्यनाथ के प्रति अपार भक्ति व श्रद्धा के कारण गोड्डा लोकसभा की पहचान अलग है. इसके पहले गोड्डा लोकसभा को लोग जानते तक नहीं थे. गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को घर से निकलकर बूथों तक ले जाकर वोट दिलाने में हम जैसे कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है. हम सभी एनडीए घटक दल के कार्यकर्ता गांव गांव घर-घर जाकर मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे . इसके साथ ही निशिकांत दुबे को चौथी बार सांसद बनाकर केंद्र में मंत्री बनाने की दिशा में काम करेगें. इस बैठक में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा कि 2009 में जब हम पहली बार चुनाव लड़ने आये थे तो इस क्षेत्र में ना तो स्वास्थ्य, ना आवागमन व पेयजल की सुविधा थी. यहां के लोगों का दुख दर्द में समझ सकता हू. गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख करोड़ की विकास योजना पर काम हो रहा है. उन्होंने कहा कि गोड्डा में अदानी पावर प्लांट, देवघर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, देवघर एम्स, नैनो फर्टिलाइजर फैक्ट्री, प्लास्टिक पार्क, कृषि कॉलेज, रेल लाइन बिछाने, रेल गाड़ी का परिचालन, सड़कों का जाल बिछाने जैसे कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया है. उन्होंने कहा कि हम बाहरी भीतरी के पक्षधर नहीं है. इसके साथ ही 1932 के खतियानी के समर्थन में भी हैं. हमें नहीं लगता है कि इसका कोई विरोध करेगा, लेकिन जो शहर या गांव 1956 में शामिल हुआ है उन्हें 1932 का खतियानी कहां से लायेगे. ऐसे में देवघर, गोड्डा, मधुपुर, चाईबासा, धनबाद व बोकारो जैसे कई इलाके के लोग 1932 के स्थानीयकरण नीति से वंचित रह जाएंगे.

### निशिकांत दुबे आज गरजेंगे प्रदीप यादव के गढ़ पोडैयाहाट में

आवाज संवाददाता

**देवघर।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है. इस महाचुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से पोडैयाहाट विधायक को प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाया है. वही भाजपा की ओर से तीन बार के विजेता निशिकांत दुबे पर अपना दाव लगाया है. जिसको को लेकर आज गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे महागठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के गड़ पोडैयाहाट में चुनाव प्रचार को लेकर अपनी हुंकार भरेंगे. इस कार्यक्रम की शुरूआत 4 बजे बारीडीह, 4:25 बजे तेतरिया, 4:50 बजे बभनखेता, 5:15 बजे कस्बा, 5:30 बजे बनियारा, 5:45 बजे गोयठावरण, 6:05 बजे हंसडीहा, 6:30 बजे धनवे, 6:50 बजे मंडलडीह एवं 7:10 बजे हसडीहा मंडल के पोडैयाहाट विधानसभा में चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे.

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

# पहले रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभावार ईवीएम का पृथक्करण शुरू

आवाज संवाददाता

**देवघर।** लोकसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने कल्याणपुर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर पहले चरण के रेन्डेमाईजेशन के पश्चात ईवीएम व वीवीपैट के स्कैनिंग से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकिरियों को दिशा-निर्देश दिया। फर्स्ट रेन्डेमाईजेशन पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा देवघर, मधपुर व सारठ विधानसभा के एआरओ की उपस्थिति में वेयरहाउस शिफ्टिंग के लिए खोला गया। बातचीत के दौरान उपायुक्त ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान के लिए प्रयोग में लाने से पहले ईएमएस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी को दो बार रेंडमाइज किया जाता है। इवीएम के पहले चरण का रेन्डेमाईजेशन होने के पश्चात इवीएम व वीवीपैट मशीनों का स्कैनिंग कर विधानसभावार आवंटित किया जायेगा। इसके अलावे द्वितीय बार इन्हें मतदान केंद्र आबंटित किए जाने के दौरान रेंडमाइज किया जाता है। रेंडमाइजेशन और कमिश्निंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है। दोनों रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की रेंडमाइज्ड सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है। साथ ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की कमिश्निंग की जाती है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार, सहायक जनसंपर्क अधिकारी रोहित विद्यार्थी , झामुमो नेता सुरेश शाह, आजसू जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य व अन्य मौजूद थे।



वेयरहाउस के निरीक्षण में दिशा निर्देश देते उपायुक्त

### आदर्श आचार संहिता को ले डीसी ने अधिकारियों को पढ़ाया पाठ, सख्ती से पालन करने का दिया निर्देश

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम बनाए हैं। इन नियमों को ही आचार संहिता कहा जाता है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात इसका शक्ति से पालन करवाने में निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि आदर्श आचार संहिता के दौरान अगर कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो चुनाव आयोग उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर सकता है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण, चुनावी सभा, रैली, जुलूस और रोड शो से जुड़े कायदे-कानून, मतदान के दिन पार्टियों और उम्मीदवारों के आचरण, मतदान बूथ के अनुशासन, चुनाव के दौरान ऑब्जरवर और सत्ताधारी दल की भूमिका का जिक्र इसमें है। ऐसे में आप सभी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप के कार्य प्रणाली को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता लाए।

## तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



गिरफ्तार साईबर अपराधी के साथ थाना प्रभारी

आवाज संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के भेडवा नवाडीह एवं आमतल्ला भेडवा के पास साइबर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन साइबर अपराधीयों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया. साइबर थाना के द्वारा गिरफ्तार किये गये साइबर अपराधियों में विश्वनाथ दास उर्म 37 वर्ष, सुभाष दास उर्म 37 वर्ष, सनम कुमार दास उर्म 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया. इन जेल भेजे गये अपराधीयों के पास से तीन मोबाईल और 4 सिम बरामद किया गया. इनके मोबाइल में पुरे देश में साइबर अपराध से संबधित 18 साइबर क्राइम लिंक मिले. जिनकी साइबर थाना पुलिस जांच करने में जुटी है. इस छापेमारी में थाना प्रभारी कृष्णानंद सिंह, अमर कुमार, त्रिलोचन तामसोय, सुमित कुमार गुप्ता, सपन कुमार मंडल, सरोज कुमार झा, आशा यादव शामिल थे.

# 14 साल बाद धोखेबाज संगठन छोड़ जनता की सेवा के लिए भाजपा में आई : सीता सोरेन

आवाज प्रतिनिधि


**चितरा।** भारतीय जनता पार्टी की दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन शुक्रवार को सारठ के बॉर्डर पर स्थित पालोजोरी प्रखंड के बरजोरी पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी परिसर में आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव लेकर भारतीय जनता पार्टी के दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेकर हाल-चाल जानने के लिए बरजोरी पहुंची। जिसके सहयोग में दुमका लोकसभा चुनाव के संयोजक सह स्टार प्रचारक व सारठ विधानसभा के विधायक रणधीर सिंह, दुमका लोकसभा प्रभारी सह पूर्व मंत्री राज पलिवार, सारठ प्रभारी विपिन देव आदि ने भाग लिया। सम्मेलन में पालोजोरी प्रखंड के बसाहा, खागा व पालोजोरी मंडल कमेटी अंतर्गत 25 पंचायत के बूथ प्रभारी कार्यकर्ता व समर्थक इस सम्मेलन में पहुंचे। इस मौके पर पूर्व मंत्री राज पलिवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसी भी समुदाय को लाभान्वित करने से नहीं छोड़ा। इसलिए निश्चित रूप से उसके पक्ष में मतदान कर झारखंड व देश का विकास में सहयोगी बनें।साथ ही विपिन देव के अलावे कई स्थानीय कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को याद दिलाते हुए अधिक से अधिक संख्या में आगामी 1 जून को सबसे पहले वोट देने की बात कही। इसके पश्चात स्थानीय विधायक रणधीर सिंह ने 25 पंचायत से आए हुए भाजपा कार्यकताओं को बारी-बारी से बूथ मजबूतीकरण लेकर वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए दिशा निर्देश दिया। अंत में भाजपा की दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता स्वयं ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिस संगठन में मेरे पति और मैं 14 सालों तक संघर्ष करते रहा लेकिन सम्मान नहीं मिलने के कारण मजबूरन भाजपा में शामिल होकर जनता को सेवा करने का अवसर मिला है। ताकि मेरे परिवार के संगठन द्वारा पक्षपात करते हुए सर्वदा दूर रखने वाले दिनों को याद करते हुए उसको भूलने के लिए यहां की भोली भाली जनता को सम्मान के साथ-साथ सेवा करते रहने के लिए संघर्ष में उतरी हूं। कहा कि इस बार मुझे झारखंडियों को सेवा करने का मौका मिला है। जिसे पूरी कर आप सबों के विश्वास को और भी अधिक मजबूत कर दूंगी। कहा कि मेरे स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन ने सर्वदा पार्टी पॉलिटिक्स को किनारे रखते हुए निः स्वार्थ भाव से जरूरतमंदों को निरंतर सेवा करने के बाद भी घर में ही भेदभाव कर दूर रखने के करण मुझे सम्मान के लिए अलग होना पड़ा। इसलिए अधिक से



भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दुमका लोकसभा प्रत्याशी

अधिक मत देकर उस विकास पुरुष को आप सभी वोट के नाम पर एक बार श्रद्धांजलि देकर देखें। ताकि आप लोगों को विश्वास पर खरे उतर सकें।आगे विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता की सेवा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जल,जंगल व जमीन की लड़ाई के नाम पर रात के अंधेरे में सौदा कर जनता को धोखा देने वाले संगठन के मुखिया को जेल जाने के बाद आप सभी के समक्ष अब सुनने सुनाने के लिए कुछ बांकी नहीं बचा है। इसलिए आप सभी इस बार विश्वास कर मुझे सहयोग करते हुए आगामी 10 मई को नॉमिनेशन में जरूर पहुंचें। मौके पर दुमका जिला के भाजपा महामंत्री सह लोकसभा प्रत्याशी के प्रभारी विवेकानंद राय के अलावे गुलशन कुमार सिंह, रवि तिवारी, खागा मंडल से कामदेव यादव,आशीष रुज,धनु महतो, साधन मंडल, बिराजपुर मुखिया हेमलाल हेंब्रम, खागा मुखिया प्रतिनिधि गुपीन रजवार, धावा मुखिया प्रतिनिधि मनोज मुर्मू के अलावे भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

# जंगल में आग लगने से पेड़-पौधे हो रही है नुकसान



जमुआ जंगल में लगी

आवाज प्रतिनिधि

**पालोजोरी।** असामाजिक तत्वों द्वारा पतझड़ के मौसम आने के पश्चात की महुआ चुनाई के समय आते ही जंगलों में आग लगाकर अपने पेड़ के निचले स्थान को सफाई करने के लिए जंगल में आग लगाने का सिलसिला वर्षों से चलते आ रहा है। जिससे प्रतिवर्ष लाखों पौधे अग्नि देव के प्रकोप से राख में परिवर्तित हो जाते हैं। जो पर्यावरण को दूषित करने के लिए बहुत बड़ा कारण है। जिसके आलोक में दुमदुमी पंचायत के सरसबाद जंगल, आसानबनी के सहरजोरी जंगल, फूलचूआं के दिघरी पलास का जंगल,चितरा पंचायत के कटहरा जंगल के बाद आज जमुआ जंगल भी शुक्रवार को असमाजिक तत्वों के खुरापाती दिमाग से परे नहीं रहा। जिसके आलोक में वन विभाग को सूचना मिलने पर बड़े-बड़े पेड़ पौधों को झुलसने के भय से विशाल जंगल की आग को बुझाने के लिए प्रशिक्षण के आधार पर विभिन्न तरह के तरीके से मशक्कत करते हुए पाए गए।

# रेलवे स्टेशन पर स्काउट गाइड और वाणिज्य विभाग ने यात्रियों की बुझाई प्यास

आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर।** पुर्व रेलवे के मधुपुर जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को मधुपुर स्काउट एंड गाइड एवं वाणिज्य विभाग समेत आरपीएफ के पदाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए मधुपुर स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के सामान्य बोगी में बुधवार को शीतल पेयजल पिलाया गया। जिससे यात्रियों को काफी राहत महसूस हुई। पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के द्वारा ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत निशुल्क शीतल पेयजल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत रेलवे स्टेशन पर हुई। स्टेशन पर स्काउट गाइड ने यात्रियों की बुझाई प्यास। इस सेवा का शुभारंभ आसनसोल रेल मंडल के अंतर्गत मधुपुर सीआईटी अमरदीप कुमार सीआईटीजी एस सैन गुप्ता,




आरपीएफ एएसआई एस कमाल,रंजीत कुमार ग्रुप लीडर स्काउट एर्व आरपीएफ के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से पिलाया। गर्मी से परेशान यात्रियों को पानी पिलाने में व्यस्त दिखे। जैसे ही कोई ट्रेन आती दिखाई देती, वे दौड़ कर उसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को पानी पिलाते। यात्री अपने साथ मौजूद बोतलों को भी उनके सामने रखते जिसे बच्चे उन्हें अपने हाथ में थामे जग से भर देते। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर चलते वृद्धों और दिव्यांगों को भी पूरे उत्साह के साथ पानी पिला रहे थे। वहीं छोटे-छोटे बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया। वहीं उन लोगों के द्वारा सामाजिक दायित्व के निर्वहन के स्काउट एंड गाइड के सदस्यों और रेल कर्मी द्वारा किए जा रहे इस कार्य की रेल यात्री ने सराहना की है। मौके पर मुकेश कुमार, ग्रुप लीडर (स्काउट) रंजीत कुमार, स्काउट मास्टर अनिल कुमार स्काउट सुजीत कुमार गौरव कुमार, रोवर्स अनिकेश कुमार शर्मा, बजरंग दे, शाहनवाज अंसारी शाहनवाज आलम, आलोक कुमार राम, उत्तम कुमार ठाकुर, कांस्टेबल आरके सिंह का सराहनीय भूमिका रही।

# पेयजल और स्वच्छता विभाग के अपर सचिव आगमन को ले मुखिया ने गांव-गांव निरीक्षण कर लिया जायजा

आवाज प्रतिनिधि

**पालोजोरी।** पलोजोरी प्रखंड के अंतर्गत कचुवासोली पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता लेकर जांच करने झारखंड के विभागीय अपर सचिव की पहुंचने की सूचना पर पंचायत मुखिया कुमार राजीव रंजन ने छोटी - छोटी गलतियों पर भी सुधार करने के लिए आज से एक्टिव होते हुए गांव गांव का दौरा कर साफ सफाई लेकर निरीक्षण करते हुए चयनित सभी आंगनवाड़ी सेविक, जलसहिया, स्वास्थ साहिया एवं मनरेगा मेट की दीदी से अपील है कि आप सभी अपने अपने गांव का भ्रमण कर प्लास्टिक प्लोथिन या प्लास्टिक का कोई भी वस्तु बोतल फेंका हुआ ना हो या अगर है तो कोई बोरा में एक जगह भर दें तथा सभी घरों को यह सूचित कर दें की अब कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक बाहर गंदगी या प्लास्टिक ना फेंक कर अपने घरों में बोरा में भर कर रखें। क्योंकि अब कचुआसोली के सभी गांवों में प्लास्टिक बैंक की शुरूआत किया जाना तय हैं। जिसकी शुरूआत कचुआसोली गांव से की जा रही है जिसमें जमा की गई प्लास्टिक को उचित दामों में खरीदा जायेगा और उसे रीसाइक्लिंग कर पुनः नया वस्तु बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन हो पाएगा।आपके गांवो में जो भी प्लास्टिक जमा हैं उसे संग्रहित



गांव गांव भ्रमणकर साफ सफाई का निरीक्षण करते मुखिया

कर सुबह 7 बजे तक भरवा दें। ताकि कचड़ा वाला गाड़ी से उठा कर पंचायत स्तर पर निर्मित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र गड़गड़ा गांव तक पहुंचाया जा सके। साथ ही शुक्रवार को कचुआसोली पंचायत के कचुआसोली मुस्लिम टोला में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्लास्टिक बैंक का शुभारम्भ किया गया।मौके पर जलसहिया सबनम खातून,सीनी टाटा ट्रस्ट के कपिल कुमार, शरीफ अंसारी, सद्दाम अंसारी, गोलका मियां आदि उपस्थित थे।

# मधुपुर रेलवे प्रीमियम लॉउज सभागार में सेफ्टी सेमिनार का हुआ आयोजन

आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर ।** पूर्व रेलवे के मधुपुर प्लेटफार्म नंबर दो स्थित प्रीमियम लॉउज में सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सहायक परिचालन सुरक्षा प्रबंधक आसनसोल साधन चक्रवर्ती ने रेलवे अधिकारी को सेफ्टी के बारे में बताया विशेष सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई संरक्षा संगोष्ठी में जोरामो, मदन कट्टा, जगदीशपुर, महेशमुंडा, नया पत्रो, मथुरापुर तथा मधुपुर के स्टेशन मास्टर एवं समेत लाइन पॉइंट मेंन इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सेफ्टी को लेकर संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया । आसनसोल रेल मंडल के विभिन्न स्टेशन



मदनकट्टा, जोड़ा मो,जगदीशपुर, महेश मुंडा, नया पत्रो, मथुरापुर तथा मधुपुर के स्टेशन मास्टर एवं लाइन पॉइंट मेन के लगभग दर्जन प्रतिभागियों ने भाग लिया।इस संगोष्ठी का उद्देश्य ट्रेनों के परिचालन और संचालन से जुड़े कर्मचारियों के साथ फिक्स्ड संरक्षा के रखरखाव के संबंध में परस्पर ज्ञान साझा करना था।इस संगोष्ठी में आसनसोल टीआई सेफ्टी संजय कुमार टी आई (एम) मधुपुर रवि शेखर स्टेशन मैनेजर मधुपुर आर के पांडे और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोक सभा चुनाव को ले स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित



आवाज प्रतिनिधि

**सारवां ।** सारवां सीएचसी सभागार में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर बीडीओ रजनीश कुमार के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई. इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों को बीडीओ के द्वारा एप के द्वारा मतदाता सूची में नाम खोजने के लिये वोटर हेल्प लाइन एप का प्रयोग करने, मतदाता सूची में निबंधन के साथ निर्वाचन संबंधी समस्या समाधान एवं मतदान केंद्र में पहचान पत्र, दस्तावेज व मतदाता पर्ची अपने साथ रखने की जानकारी विस्तारपूर्वक दी . इस दौरान निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी के लिये 1950 पर कोल करने को कहा गया. मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया. इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा बीके सिन्हा, बीएओ विजय कुमार देव, बीडीएम पशांत कुमार, मलेरिया निरीक्षक मनोज पांडे, सहायक नेत्र चिकित्सक अनील कुमार,शर्मिला कुमारी, सुधा कुमारी, उशा किरण, आरती कुमारी, कविता कुमारी, रीमा दास, रेणु कुमारी, इंदु कुमारी, प्रेमलता,शहनाज,नीलम कुमारी, ममता कुमारी सहित दर्जनों की संख्या में अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने बैठक में भाग लिया।

# डकाय जंगल में आग लग जाने से वन्य प्राणी पर संकट




आवाज प्रतिनिधि

**सारवां ।** सारवां प्रखंड अंतर्गत डकाय जंगल में शुक्रवार को आग लग जाने से वन्य जीवां पर संकट उत्पन्न हो गया.ग्रामीणों की मानें तो उक्त जंगल में दुर्लभ प्रजाति के नीलगाय के अलावा, भेडिया, खरहा, सियार, वन सुअर आदि विभिन्न दर्जनों प्रजाति के जंगली जीवों का आवास उक्त जंगल है. आंग से सैकडों छोटे पेड पौधे जल गये वहीं आग की विभिशिका को देख जंगल के छोटे बडे जानवर गांव की और भागने लगे. हो हल्ला सुन ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन कार्यलय मनीगढी को दी गई. जानकारी मिलते ही फोरेस्टर आषुतोश कुमार वन रक्षी के साथ ग्रामीणों के साथ डकाय जंगल पहुंचे व फायर लाइन को कटवाया गया और टेंकर से पानी का छिडकाव करने के घंटों बाद आग पर काबू पाया गया. इस संबंध में फोरेस्टर ने बताया कि आग किस कारण लगा इसकी जानकारी नहीं खबर पाते ही फायर लाइन को काटने के साथ टैंकर से पानी लाकर आग बुझाया गया.कहा आग बाराटांड सोनारायठाढी मुख्य सडक किनारे जंगल में लगी थी।

# आलमगीर अंसारी को गोड्डा लोकसभा का संयुक्त प्रभारी बनाए जाने पर हर्ष

आवाज प्रतिनिधि

**सारठ।** जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कद्दावर नेता सह अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलमगीर अंसारी को गोड्डा लोकसभा का संयुक्त प्रभारी बनाए जाने पर आलमगीर अंसारी के समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। बताते चले कि इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से आलमगीर अंसारी को संयुक्त प्रभारी बनाया गया। वही वही कद्दावर नेता आलमगीर अंसारी द्वारा लगातार जरमुंडी विधानसभा विधानसभा क्षेत्र समेत गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जाकर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को जीत सुनिश्चित करने को लेकर लगातार जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने को लेकर अपील कर रहे है ।



**संक्षिप्त खबर**

### चौपाल के माध्यम से मतदान करने को ले किया गया जागरूक

आवाज प्रतिनिधि।

**कुंडहित।** शुक्रवार को मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रखंड के भेलुवा पंचायत के नाटुलतला गांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा एवं अंचल अधिकारी अमित किस्कु के नेतृत्व में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान आम मतदाताओ को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। साथ ही साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूक किया गया।संध्या चौपाल में लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की गई।मौके पर वीडियो जमाले राजा ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित व जागृत बनाये रखने में मतदान अति आवश्यक है।जिला में लोकसभा चुनाव के निमित सातवें चरण मे मतदान होना सुनिश्चित है, इस दिन एक एक मतदाताओं को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है. मतदान के लिए दूसरे को भी प्रेरित कर बूथ तक ले जाना है।परिवार या गांव में एक भी मतदाता वोट डालने से नहीं चुके इस पर भी ध्यान केद्रिरत रखने की जरूरत है।

आदिवासी महिलाओं में हो रहा बड़ा बदलाव

# हड़िया-दारू बेचना छोड़कर बुनकर के रोजगार में लगीं आदिवासी महिलाएं

## डीसी ने लिया सुध, सभी आदिवासी महिलाओं से मिले और हर मदद का दिया भरोसा

अजीत जायसवाल

**मंडरो/साहेबगंज (आवाज)।** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के कौड़ी खुटाना पंचायत की 18 महिलाओं ने हड़िया और दारू को बाई-बाई कह दिया है। कल तक जो महिलाएं हड़िया और दारू बनाकर बेचती थी, अब कोकुन सुता काटकर हाथों में धागा थाम कर काट कर आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार में लग गयी है। एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने खुद का रोजगार बनाया है। अब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। यह सभी महिलाएं वर्षों तक हाट बाजारों में हड़िया-दारू बेचकर किसी प्रकार जीवन चला रही थी। लेकिन कौड़ी खुटाना पंचायत के मुखिया अनिता हेंब्रम पहल के बाद अब महिलाओं ने हड़िया और दारू बेचना छोड़ दी है। सभी आदिवासी महिला पैसा जमाकर गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी से कोकुन खरीदारी कर अपना खुद का सिल्क शुता काटकर रोजगार कर रही और एक अपना समुह बनाईं जिसका नाम आदिवासी जागरूक रोजगार है।

### बुनकर के रोजगार से हो रहा परिवार का भरण पोषण



आदिवासी महिलाओं से उनकी समस्या को सुनते डीसी समेत अन्य

### सूचना मिलते ही मिलने पहुंचे उपायुक्त

बीते बुधवार को उपायुक्त महोदय हेमंत सती को आदिवासी जागरूक रोजगार संस्था के बारे में जानकारी मिली, उसके बाद उपायुक्त अपने टीम के साथ उससे मिलने कौड़ी खुटाना गांव पहुंचे। सबसे पहले आदिवासी महिलाओं द्वारा उपायुक्त का अपने संथाली रिती रिवाज से स्वागत किया। उसके उपरांत उपायुक्त ने आदिवासी जागरूक रोजगार के सभी महिलाओ से मिलकर उनके बारे में जाना। उपायुक्त ने जाना कि इस कार्यालय से जुड़ी महिलाए पहले क्या करती थी अब सभी महिलाएं किया कर रही है। महिलाओं को हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। उपायुक्त ने कहा आदिवासी समाज के लिए बहुत अच्छा पहल है। और जितनी महिला है, वह आज हड़िया व दारू की बिक्री बंद कर बुनकर से जुड़ कर रोजगार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को विधवा पेंशन, वृद्ध पेंशन समेत अन्य सरकारी लाभ से वांछित उसे चिन्हित कर सभी सरकारी लाभ से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा सरकार और विभाग के तरफ जो भी सहायता होगी हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा। मौके पर साहेबगंज एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार, मंडरो विकास पदाधिकारी मेधनाथ उरांव, मंडरो अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत, मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, कौड़ी खुटाना पंचायत के मुखिया अनिता हेंब्रम पंचायतराज अधिकारी सुनील दास, हेमंत कुमार, जेएसएलपीएस के अधिकारी आदि लोग मौजूद थे।

### हड़िया और दारू छोड़कर ऐसे आया बदलाव

भगैया हाट बाजार चौक चौराहों पर हड़िया व दारू बेचती थी। इससे परिवार के सदस्यों व बच्चों की परवरिश ठीक से नहीं हो रही थी। सस्ते दर में हड़िया व दारू पीकर गरीब व मध्यम वर्ग के लोग बर्बाद हो रहे थे। युवा वर्ग मुख्यधारा से भटक रहे थे। घर के बच्चे बिगड़ रहें थे, कौड़ी खुटाना पंचायत के मुखिया अनिता हेंब्रम ने एक पहल कर जागरूक कर आदिवासी महिलाएं को हड़िया व दारू की बिक्री बंद कराया। सभी महिलाओं को एक अपना संगठन बनाईं संगठन का नाम (आदिवासी जागरूक रोजगार) एक कार्यालय में बुलाकर काउंसलिंग की गयी। बुनकर से स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्या



समस्या को सुनते डीसी

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

# महाप्रबंधक के आगमन को लेकर एडीआरएम ने किया निरीक्षण



स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते एडीआरएम

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** ईस्ट जोन के महाप्रबंधक का निरीक्षण कार्यक्रम इसी सप्ताह होना है। महाप्रबंधक के आगमन को लेकर साहिबगंज में क्या-क्या तैयारी हुई और क्या होना है उसका जायजा शुक्रवार को मालदा के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने लिया। इस दौरान उन्होंने रेल यात्रियों की सुविधा का जायजा लेते हुए रेल अधिकारियों को निर्देश दिया। यात्रियों के लिए ठंडा पानी, पंखा, बिजली आदि सुविधा के बारे में पूछताछ करते कमी दूर करने की बात कही है। वहीं अमृत भारत योजना के तहत बन रहे रेलवे स्टेशन के प्रत्येक विभाग व भवन को देखा। निर्माण कार्य में कुछ कमी पाये जाने पर सुधार की हिदायत दी। उन्होंने नया पूछताछ केंद्र, टिकट व आरक्षण काउंटर आदि का निरीक्षण किया। मौके पर एइएन विनोद कुमार, स्टेशन प्रबंधक हर्षराज पाठक, आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू सहित कई थे।

## मंथन संस्था ने रुकवाया बाल विवाह



ग्रामीणों को समझाते संस्था के सदस्य व पुलिस

आवाज प्रतिनिधि

**राधानगर/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र के पतौड़ा पंचायत के पहाड़ गांव में देर रात्रि को एक नाबालिग के बाल विवाह को मंथन संस्था के समन्वयक शिव प्रसाद के द्वारा रुकवाया गया। संस्था के समन्वयक एवं राधानगर पुलिस के टीम ने उक्त गांव पहुंचकर बाल विवाह को रोका। पतौड़ा में एक नाबालिग बालिका का विवाह हो रहा था।टीम ने वधु के दस्तावेज चेक करने पर वधु की उम्र कम पाया गया। मंथन संस्था के समन्वयक एवं पुलिस अधिकारी ने वधु के माता पिता को बताया गया कि लड़की का उम्र 18 एवं लड़का 21 वर्ष होने बाद ही दोनों की शादी कराए।इस दौरान वधु पक्ष से शपथ पत्र लिया गया। कहा गया कि कम उम्र में लड़के एवं लड़कियों की शादी नहीं करेंगे। इसके लिए सभी को अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करेंगे।मौके पर मंथन संस्था के कामुनिस्ट सोशल वर्कर शबनम परवीन,राधानगर थाना के एसआई हसनैन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# मतदान को लेकर वाहन टैगिंग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ डीटीओ ने की बैठक

### मतदान कर्मी को पहुंचाने और केंद्रों पर ई रिक्सा को टैग करने को लेकर मिला निर्देश

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कश्यप के नेतृत्व में शुक्रवार को वाहन कोषांग कार्यालय कक्ष में बैठक आहुत की गई। जिसमें दुर्गम क्षेत्र के मतदान केन्द्रो पर मतदान कर्मी को पहुंचाने हेतु वाहन का टैगिंग तथा मतदान केन्द्रों में ईझरिक्शा को टैग करने के लिए संबंधित बीएलओ से समन्वय बना कर के स्थानीय स्तर पर टैग करने का निर्देश दिया गया एवं सभी दुर्गम क्षेत्रों पर मतदान केंद्र तक पहुंचने हेतु वैसे वाहनों को टैग करने का निर्देश दिया गया जहाँ बड़ी गाड़ियां नही पहुंच सकती। साथ ही साथ दियाराक्षेत्रों में जो मतदान केंद्र है। उन मतदान केंद्रो तक पहुंचने हेतु मोटर नाव को टैग करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज प्रसार, प्रधान लिपिक प्रेम प्रकाश वर्मा, अभिषेक कुमार एवं वाहन कोषांग के अन्य कर्मी मौजूद थे।



बैठक में शामिल डीटीओ समेत अन्य पदाधिकारी

## करोड़ों की लागत से बना खेल मैदान एक सौभाग्य वस्तु बनकर रह गई

आवाज प्रतिनिधि

**कुण्डहित/जामताड़ा।** प्रखंड के कालीपथार गांव के समीप लगभग 10से 12 वर्ष पूर्व कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल जामताड़ा झारखंड ने करोड़ों रुपया खर्च कर बनाए गए( खेल मैदान) स्टेडियम इन दिनों रखरखाव के अभाव में एक शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। बताते चलें कि कुंडहित प्रखंड के कालीपाथर गांव के समीप में बने इस (खेल मैदान )स्टेडियम बनने के बाद से आज तक इसमें किसी तरह का कोई खेल कूद या कोई अन्य प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया है। इस स्टेडियम की हालत देखकर लगता है कि या भविष्य में कभी भी किसी तरह का कोई खेलकूद या किसी अन्य तरह का प्रतियोगिता होने का उम्मीद नहीं है। समय रहते ही विभाग द्वारा अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो करोड़ों रुपए की लागत से बने सरकारी संपत्ति पूर्ण रूप से ग्रहण लग जाएगा ।जिस उद्देश्य से इस स्टेडियम का निर्माण करवाया गया उस उद्देश्य पुर्ती भविष्य में कभी नहीं हो पाएगा। यह स्टेडियम कुंडहित मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूरी पर बना है जिस कारण मुख्यालय के खिलाड़ी पहुंच नहीं पाते हैं।

करोड़ों रुपैया खर्च कर विभाग द्वारा स्टेडियम का निर्माण तो करा दिया गया। परंतु स्टेडियम बनने के बाद इसकी देखरेख नहीं किया गया और ना ही इस ओर किसी ने ध्यान दिया। जिसके चलते अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर स्टेडियम में लगे शौचालय के बेसिन, टाइल्स, मार्बल खिड़कियों के कांच ,लोहे का बना गेट, दरवाजा ,कलकड़ी के बने किवाड़, खिड़की ,दरवाजे आदि उखाड़ कर ले गए। स्टेडियम का जब से उद्घाटन किया गया है तब से लेकर आज तक स्टेडियम में ना तो कोई भी छोटा बड़ा खेल प्रतियोगिता आयोजन नहीं किया गया है।

# उपायुक्त ने तामिलनाडु की वृद्ध महिला को उनके घर भिजवाया

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** एक वृद्ध महिला वेम्बू (70) जो तंजावुर (तामिलनाडु) की रहने वाली है। जिसे दिनांक 14/12/23 से स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में आवासित किया गया। वृद्ध महिला को यहाँ कि भाषा में परेशानी हो रही थी। जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई, सखी वन स्टॉप सेंटर, वृद्धा आश्रम तंजाउर और साहेबगंज से संपर्क स्थापित किया गया। उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता के दिशा निर्देशन में आज दिनांक 02/05/24 को केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर साहेबगंज एवं तंजावुर के एम विमला एवं उनके टिम केन्द्र प्रशासक साहेबगंज पुनम कुमारी वृद्धा आश्रम से बंदना कुमारी के द्वारा हावड़ा स्टेशन पर वृद्ध माता जी को सुरक्षित सौंपा गया।



## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया वेयरहाउस



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया वेयरहाउस

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव को सफल बनाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में शुक्रवार को तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन को लेकर बने जागरूकता अभियान का हिस्सा : डीसी

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की बढ़ोतरी एवं अलग-अलग थीम पर मतदान के प्रति मतदाता जागरूक कराया जाए। लोकसभा चुनाव -2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है। निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आस-पास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है। लोकसभा निर्वाचन- 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक सोशल मीडिया कैम्पेन में जिले के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ- साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें।

मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सम्मिलित रहे।



बैठक में शामिल डीसी समेत अन्य पदाधिकारी

## कांग्रेस नेता ने अग्निपीड़ित परिवार से मिलकर जाना हालचाल



आवाज प्रतिनिधि।

**बोरियो/साहिबगंज।** कांग्रेस बोरियों विधानसभा के अध्यक्ष असगर अफरीदी ने शुक्रवार को दनवार में अग्नि पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रुप में चावल दाल सहित जरूरी सामग्री दिए। इस मौके उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

### टोटो पलटने से तीन घायल

आवाज प्रतिनिधि।

**बरहेट/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपलाडीह गांव के पास टोटो के पलटने से तीन लोग घायल हो गए।वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बरहेट दुमका मुख्य सड़क में तलबड़िया से बरहेट हाट सवारी लेकर आ रहा टोटो असंतुलित होने से पलट गया। इस घटना में जसीडीह निवासी 22 वर्षीय लखीराम मुर्मू,15 वर्षीय बाबूराम सोरेन और लखीपुर निवासी 20 वर्षीय होपनमय मूर्म घायल हो गए। सभी घायलों को बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी घायलों का डॉक्टर संतोष टूडू ने प्राथमिक उपचार किया ।

# भाजपा की बैठक में राजमहल सीट जीतने को लेकर दिया जोर

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र में खुलेगा ताला, खिलेगा कमल रणनीति के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह विधानसभा सहसंयोजक अनुग्राहित प्रसाद साह के गरिमामय उपस्थिति एवं भाजपा नवीनगर मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा नवीनगर मंडल समिति की बैठक ग्राम खोट्टापाड़ा में हुई।

बैठक में सभी कार्यकताओं ने घर-घर जाकर हर मतदाता से सम्पर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के लिए किये गये कार्य एवं आगे किये जाने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यों के साथ विकसित भारत बनाने के संकल्प व विपक्षियों के भ्रामक प्रचार एवं झूठे वादों से भी अवगत कराने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के मतदातागण भी अब सच जान चुके हैं वे भय, भूख, गरीबी और निराशा को दूर करने व विकसित भारत बनाने के लिए 400 पार के साथ फिर एक बार मोदी सरकार चाहते हैं। हम भरोसा दिलाते हैं कि हम उनके साथ है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर हमारे ईश्वरीय स्वरूप मतदाताओं से कमल निशान पर वोट देने का विनम्र आग्रह करेगी, ताकि उन्हें विश्वास हो सके कि किसी भी भय, भूख, गरीबी और निराशा के खिलाफ हम सदैव उनके साथ है। उनके सभी जनसमस्याओं का निदान हेतु भाजपा हमेशा तैयार रहेगी। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुबोध मंडल, पाकुड़ विधानसभा विस्तारक श्री जयप्रकाश यादव, सादेकुल आलम, मोहन मंडल, अक्षय मंडल, पारस साहा, सकल टुडू, भद्रेश्वर साहा, हारो राजवंशी, भुतू कुनाई, सुरेश मंडल, मंत्री लालकृष्ण मंडल, साधन रविदास, शिबू हेंब्रम, मुस्तफा सेख, मंगल हांसदा, सुबोध मंडल, नारायण राय, करण मंडल, रफाएत मुर्मू आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

# राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर भाकपा की ओर से शोक सभा का हुआ आयोजन

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** गोपालपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मुखिया सोनहरी हेम्ब्रम ने की। इस दौरान सबों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सचिव मंडल के राष्ट्रीय सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा का राष्ट्रीय महासचिव स्व० अतुल कुमार अंजान के चित्रपट पर पुष्प देकर श्रद्धासुमन अर्पित की।

इस अवसर पर भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि उनका निधन 3 मई को लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। कॉमरेड अतुल कुमार अंजान के निधन से देश में कम्युनिस्ट पार्टी सहित बामपंथी का बहुत क्षति हुई है। कॉमरेड अंजान के निधन से पूरे झारखंड सहित जामताड़ा जिला पार्टी पूरी आहत हुई है। आज जिला कमिटी के सभी सदस्य निधन की खबर सुनते ही नाला पहुंच कर शोक सभा में भाग लेकर स्व० अतुल कुमार अंजान के चित्रपट पर पुष्प देकर श्रद्धासुमन अर्पित की तथा उनके आत्मा शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा। शोक सभा के पश्चात जामताड़ा जिला सचिव सह पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने दुमका लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की साथ ही सभी सदस्यों के कार्य रिपोर्ट या चुनाव तैयारी की समीक्षा पर चर्चा किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुमका लोकसभा 02 चुनाव का 13 मई को नामांकन किया जाएगा। मौके पर पशुपति कोल, बिमल कांत घोष, कालिपद राय, गौर रवानी, हीरेन बाउरी, बादल मंडल, मंटु बाग्ती, गोपीनाथ मंडल, सुदन मुर्मू, मानिक सोरेन, जमशेद अंसारी, रत्नाकर माजी, स्वपन मंडल, आयेन माजी, राजेश किस्कु, परितोष घोष, रविचन्दन टुडू, महमद अंसारी, नदिया मंडल, मिहिर मंडल, भोलानाथ पाल, सुबोध घोष, सत्य बेसरा सहित अन्य कॉमरेड मौजूद थे।


श्रद्धासुमन अर्पित करते जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया।

# सोशल मीडिया कैंपन में भाग लें पाकुड़वासी : डीसी

आवाज प्रतिनिधि



**पाकुड़।** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु 7 मई को संध्या 6 से 8 बजे के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग में 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' सोशल मीडिया कैंपेन संचालित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने बताया की स्वीप के तहत विभिन्न स्टेकहोल्डर्स यथा विद्यालय के विद्यार्थियों, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स, मीडिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स, लेबर यूनियन, एनयूएलएम, जेएसएलपीएस, कॉर्पोरेट्स, यूएलबी, बीएजी आदि के सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु उक्त गतिविधियों का संचालन किया जाना है एवं वीडियो, फोटो 7 मई को हैशटैग में भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ संध्या 6 से 8 बजे के बीच अपने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड कराया जाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत दिनांक 7 मई 2024 को संध्या 5:00 बजे सभी मतदान केन्द्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित करते हुए उक्त मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित की जाएगी। उक्त अभियान में पाकुड़ जिले के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत आम नागरिक अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने निर्वाचन कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें और इस मुहिम का हिस्सा बने।

# एबीवीपी के सदस्यों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। परिषद के सदस्य इसके लिए नुक्कड़ नाटक एवं जनसंपर्क कर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। वहीं शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं में मतदान के लिए जोश भरने का काम कर रहे हैं। इस क्रम में ऑक्सफोर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान एवं सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षको के मध्य अभाविप के सदस्यों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सभी को को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवा, बुजुर्ग, महिला एवं किसान की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो, इसके लिए परिषद डोर टू डोर कैंपेन चला कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले भर में 600 बैठकों के लक्ष्य के साथ प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में बैठके एवं सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है। परिषद के अभियान में गांव एवं नगर के युवा भी उत्सुकता के साथ जुड़ते चले जा रहे हैं। मत का प्रयोग जरूर करें इसके लिए मतदाताओं से आग्रह भी कर रहे हैं। कैंपेन के दौरान मतदाताओं को बताया जा रहा है कि अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें। लोकतंत्र की मतबूती के लिए यह आवश्यक है। वैसे नेता को चुनें जो सही मायने में देश और जनहित के लिए कुछ अच्छा सोचता हो।उन्होंने कहा कि इस बार के आम चुनाव में रिकॉर्ड मतदान हो इसके लिए हम सभी अभाविप कार्यकर्ता गांव-गांव तक जाकर लोगों को उनके मत के अहमियत को बता रहे हैं। नगर मंत्री हर्ष भगत ने बताया कि इस क्रम में हम नुक्कड़ सभा, नुक्कड़ नाटक, संबंधित पर्चों का वितरण कर जागरूकता अभियान चलाएंगे।वैसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर है और मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है अभाविप कार्यकताओं द्वारा वैसे युवाओं का पंजीयन भी करवाया जा रहा है। मौके पर विशाल यादव, अभिजित आनंद, पप्पू कुमार, पिंकू , बिट्टू दान ,संजीत कुमार, ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।


वोटिंग के लिए जागरूक करते छात्र।

# छेड़खानी का मामला दर्ज

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** थाना कांड संख्या 52/24 के तहत धारा 448,354,504,506 आईपीसी के आरोपी झपनी बांध गांव निवासी विजेंद्र राय 24 वर्षीय को बनाया है। गांव के ही गुंजा देवी 27 वर्षीय पीड़ित महिला ने लिखित आवेदन देकर उल्लेख किया था कि आरोपी युवक हमारे घर के पीछे का दरवाजा उखाड़ कर घर में घुसा और हमारे साथ गाली गलौज जान से मारने की धमकी एवं हमें हाथ पकड़ कर गलत करने का प्रयास किया। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित महिला के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जारी है। जल्दी आरोपी युवक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जाएगा।

# लू की चपेट में आने से कनीय अभियंता की बिगड़ी तबियत

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** भीषण गर्मी एवं बढती तपिश से इन दिनों लू का प्रकोप क्षेत्र में खासा दिख रहा है। शुक्रवार को कुंजबना स्थित योजना अवलोकन के क्रम में नाला ब्लॉक के कनीय अभियंता सहदेव टुडू(43) को लू लग जाने के कारण बेहोशी हालत में गिरे पड़े थे। वहीं परिजनों तथा बीडीओ अकांक्षा कुमारी के सहयोग से उन्हें नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० लियाकत अंसारी को सूचना मिलते ही मेडिकल टीम के द्वारा प्राथमिक इलाज प्रारंभ कर दी गई। बताया जाता है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० लियाकत अंसारी सिविल सर्जन सभागार जामताड़ा में आयोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम समीक्षात्मक बैठक के दौरान उन्हें सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने अपने मेडिकल टीम को निर्देशित करते हुए त्वरित इलाज उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर नाला सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ० संजय कुमार तथा डॉ० गुनीता लोईतंगबम के द्वारा इलाज की गई। मालूम हो कि इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी अस्पताल पहुंचकर कनीय अभियंता से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनका हालचाल भी पूछा। मालूम हो कि इन दिनों चल रहे हीट वेव से बचने के लिए डॉ० गुनीता लोईतंगबम ने लू से बचने के लिए आवश्यक परामर्श देते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से धूप में न निकले बहुत आवश्यक काम पड़ने पर ही अपने सिर को ढककर निकलें। कहा कि घर के बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पियें आदि सावधानियां बरतनी चाहिए। मौके पर बीडीओ अकांक्षा कुमारी, बीपीओ गौतम रूंज,जेई रामजतन मुर्मू, 20 सुत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा,20 सुत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, आशीष तिवारी, भवसिंधु लायक, राजू दास, दयामय घोष, तपन राउत के अलावे एमटीएस अहमद रजा परवेज,एएनएम लोबन डुंगडुंग, अर्पिता दे, संतोष कुमार,सईद आलम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


नाला सीएचसी में इलाजरत कनीय अभियंता का हालचाल पूछते बीडीओ।

# सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए बनाए गए कैंप का निरीक्षण

आवाज प्रतिनिधि

**लिट्टीपाड़ा।** लोकसभा चुनाव में पारा मलेट्री के ठहरने के लिए प्रखण्ड क्षेत्र में कई केम्प बनाया गया है. जिसका शुक्रवार को कमांडेन, थाना प्रभारी व बीपीआरओ ने निरीक्षण किया. वही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि हाई स्कूल लिट्टीपाड़ा, हाई स्कूल तालपाहड़ी व वन विभाग कार्यालय लिट्टीपाड़ा, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय धर्मपुर, उत्क्रमित विद्यालय जोरडीहा का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से स्थल पर भवन, बिजली, पानी व शौचालय का निरीक्षण किया गया.ताकि चुनाव के दौरान आने वाले पारा मिलिट्री को ठहरने के लिए किसी प्रकार का समस्या न हो. चुनाव के दौरान फोर्स सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न क्षेत्र में जाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से करवाएंगे. जिसके रहने के लिए पांच स्थानों का निरीक्षण किया गया. मौके पर बीपीआरओ केसी दास सहित अन्य लोक मौजूद थे.



# स्वास्थ्य उप केन्द्र सालुका में सहिया और सहिया साथी की हुई क्लस्टर बैठक

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** नाला सीएचसी अन्तर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र सालुका में सहिया एवं सहिया साथी की क्लस्टर बैठक हुई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता एएनएम रूपम कुमारी ने की। इस क्रम में परिवार नियोजन, टीकाकरण,लेप्रोसी, मलेरिया, फाइलेरिया एवं भीषण गर्मी को देखते हुए होने वाली बीमारियां जैसे डिहाईड्रेशन एवं लू से बचने के उपाय के बारे में विस्तृत रूप चर्चा किया गया। इसके अलावे अपने क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एमटीसी में भर्ती कराने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सहिया साथी सोनाली माजी,सहिया सेफाली मंडल, आदोरा मंडल, भवानी मरांडी, अर्चना मंडल सहित अन्य सहिया मौजूद थी।


क्लस्टर बैठक करती एएनएम एवं मौजूद सहिया।

## संसद के अंगने में गरीबों का क्या काम

*संसद के अंदर साल दर साल करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। चुनाव खर्च भी चुनाव आयोग बढाता जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख तय कर दी है। जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ना, मध्यम एवं निम्न वर्गीय ईमानदार व्यक्ति के लिये चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता है। लोकसभा में 2004 में 156 सांसद करोड़पति और अरबपति थे। 2009 में यह संख्या बढ़कर 315 हो गई है। 2014 में संख्या बढ़कर 443 हो गई। रही सही कसर 2019 के लोकसभा चुनाव में करोड़पतियों और अरबपति सांसदों की संख्या बढ़कर 475 हो गई। 2024 के लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसमें भी अरबपति और करोड़पति उम्मीदवार बड़ी संख्या में सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 95 लाख तय की गई है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के चुनाव खर्च के लिए अलग से खर्च करते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से पूंजीपतियों को टिकट दी जा रही है। राजनीतिक दलों में सामान्य कार्यकर्ता और नेता हैं, उसे राजनीतिक दलों की टिकट नहीं मिलती है। टिकट लेने के लिये पार्टी फंड में दान करने और स्वयं चुनाव खर्च उठाने वाले उम्मीदवारों को पंजीकृत राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पार्टियों द्वारा टिकट दी जाती है। सांसद और विधानसभा के अंदर मध्य और निम्न वर्ग की आवाज उठाने वाला सांसद अथवा विधायक निर्वाचित होकर सदन में नहीं पहुंच रहे है। कुछ इसी तरीके की स्थिति जिला पंचायत, जनपद पंचायत और पार्षद के चुनाव में भी देखने को मिलने लगी है। पंचायत के चुनाव में भी लाखों और करोड़ों रुपए के खर्च होने की बात सामने आती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव लगातार महंगे होते चले जा रहे हैं। चुनाव में जब उम्मीदवार लाखों और करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। चुनाव जीतने के बाद फिर वह धंधे तरह खर्च की भरपाई करने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। जिसके कारण जनसेवा भी एक धंधा बन गया है। जिसके फल स्वरुप चुनाव से धीरे-धीरे मध्य और निम्न वर्ग के लोग बाहर होते चले जा रहे हैं। संसद और विधानसभा जहां कानून बनते हैं। वहां केवल करोड़पति और अरबपतियों की संख्या बहुतायत में होने के कारण, निम्न एवं मध्यम वर्ग प्रतिनिधित्व अब सांसद और विधानसभा में करने वाला भी कोई नहीं रहा। पिछले 20 साल में यह स्थिति तेजी के साथ बदली है। पिछले 10 साल में संसद में 204 फीसदी की दर से करोड़पति और अरबपति सांसदों की संख्या बढी है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो कुल 21 फीसदी सांसद ऐसे थे जिनकी संपत्ति एक करोड रुपए से कम थी यदि आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो इनका भी चुना जाना संभव नहीं होता। राजनीतिक दल एसटी और एससी वर्ग के जो उम्मीदवार खड़ा करते हैं। उनके लिए पार्टी फंड से उन्हें चुनाव लड़ाया जाता है। ऐसी स्थिति में वह पार्टी में बंधक के रूप में रहते हैं। वह अपनी बात मुखर होकर पार्टी के अंदर भी नहीं कह पाते हैं। विधानसभा और लोकसभा में विहिप में बंधे होने के कारण उनकी अपनी अलग से कोई आवाज नहीं होती है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ी चिंता का है। 542 सांसदों में से यदि 475 सांसद करोड़पति और अरबपति हैं। शेष 21फीसदी सांसद आरक्षित वर्ग से आते हैं। जिसके कारण लोकसभा और विधानसभा में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, लोकतंत्र के अंगने में गरीबों का क्या काम है।*

# ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग


उमाशंकर पाण्डेय

मनुष्य का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यतः कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एकसाथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है।

अबतक यह एक स्थापित तथ्य माना जाता था कि आर्कटिक वृत्त पृथ्वी के बाकी हिस्सों के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म होता है। लेकिन पिछले साल नासा से जुड़े कुछ वैज्ञानिकों के नए शोध के अनुसार आर्कटिक वृत्त असल में दोगुनी नहीं बल्कि चौगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। लांसेट स्वास्थ्य जर्नल में 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में असामान्य तापमान के कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। इनमें से 6.5 लाख लोगों की मौत असामान्य ठंडे तापमान और औसतन 80 हजार लोगों की मौत असामान्य गर्म तापमान के कारण होती है।

असामान्य तापमान के कारण मरने वाले लोग आमतौर पर समाज के निचले तबके से आते हैं। लू और शीतलहर के अलावा ग्लोबल वार्मिंग के कारण एक और भयानक प्रक्रिया घटित हो रही है। यह प्रक्रिया है हिमनदियों और ध्रुवीय हिमच्छदों (पोलर आइस कैप्स) का तेजी से पिघलना और औसत समुद्र तल (मीन सी लेवल) का लगातार बढ़ना। अगले कुछ दशकों में शंघाई, हॉन्ग कॉन्ग, ओसाका, रिओ, एम्स्टर्डम, अलेक्सान्द्रिया जैसे दुनियाभर के कई तटवर्ती शहरों के बड़े हिस्सों के जलमग्न हो जाने की आशंका है। मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम आदि शहरों के कुछ इलाके 2050 तक जलमग्न हो सकते हैं। समुद्र स्तर के बढ़ने से आने वाली बाढ़ के कारण समंदर का खारा पानी जमीन के अंदर रिसकर चला जाएगा। इससे भूमिगत जल भी खारा बन जाएगा। इससे स्वच्छ पानी की उपलब्धता भयंकर विकराल रूप ले लेगी, क्योंकि आज ही मीठे पानी की समस्या गम्भीर समस्या बन चुकी है। तब क्या होगा इसकी कल्पना से कलेजा फटने को हो जाता है। पेयजल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है। भूमिगत जलस्तर के लवणीकरण के कारण तटीय इलाकों में कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

एक बदलाव यह भी हुआ है कि पहले मानसून के दौरान कुल बारिश जितनी होती थी उसकी तुलना में आज काफी कम होती जा रही है। बाढ़ की नियमितता और तीव्रता बढ़ती जा रही है। अचानक से कुछ दिनों के लिए मूसलाधार बारिश होती है तो बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। एक-दो सप्ताह में ही इन इलाकों में सूखे की स्थिति बाढ़ की स्थिति में तब्दील हो जाती है। सूखे और बाढ़ का लगभग साथ-साथ होना और अनियमित बारिश ग्लोबल वार्मिंग और बदलती जलवायु का ही परिणाम है। देश में 2011 से 2020 के बीच हर साल औसतन 1500 लोग बाढ़ में काल कलवित हो हुए हैं।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों की सतह के तापमान में बढ़ोतरी और वायुमंडल में मौजूद जल वाष्प (वाटर वेपर) का अनुपात दोगुना होने से दुनियाभर में चक्रवात और तूफान पहले से अधिक नियमित तौर पर आने लगे हैं। इनकी तीव्रता में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। भारत आज भयंकर रूप से सूखा ग्रस्त देशों की श्रेणी में शामिल है। 2020 से 2022 के बीच देश का दो-तिहाई हिस्सा सूखे की चपेट में था।

देश के एक तिहाई जिले पिछले एक दशक में चार बार सूखा झेल चुके हैं। भारत में प्रति वर्ष पांच करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार सूखे के कारण आज लगभग 230 करोड़ लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं। इसमें से 1.6 करोड़ बच्चे ऐसे हैं जो भयंकर और दीर्घकालिक सूखे से जूझ रहे हैं। पिछले पचास साल में सूखे से 6,50,000 लोगों की मौत हुई है। माना जाता है कि ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित बारिश, जंगलों की कटाई और भूमिगत जलस्तर में तेज गिरावट को देखते हुए यह तय है कि सूखा और जल संकट आने वाले दिनों में और बढ़ेगा।

ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और अनियमित बारिश के कारण कृषि उत्पादन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2050 तक भारत में सात करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के कारण भुखमरी का शिकार हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

**सिंह** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** — व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# अतंरराष्ट्रीय योग दिवस की गिनती शुरू उल्टी

मुकुंद

देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव 'योग महोत्सव' के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है।

इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अभ्यास के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच 'योग महोत्सव' के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई- 2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अभ्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरूआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अभ्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2024 (आईडीवाई-2024) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित योग महोत्सव की भूमिका को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का यह 10वां संस्करण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले इस वैश्विक आंदोलन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दिखाता है।

इस कार्यक्रम के तहत सामान्य योग प्रोटोकॉल का सीधा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में 5,000 से अधिक योग उत्सुक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल में उल्लिखित निर्धारित योग अभ्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, गुजरात योग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। इसके अलावा योग गुरुओं के संदेशों ने कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर आयुष मंत्रालय '100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन' अभियान के तहत सामूहिक योग प्रदर्शनों और सत्रों की श्रृंखला की शुरूआत की है।

## चुनाव भारत में और बवाल पाकिस्तान में

बाल मुकुन्द ओझा

चुनाव भारत में हो रहा है और बवाल पाकिस्तान में मचा हुआ है। पाक मीडिया लगातार मोदी की जीत को लेकर अपने देश पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेशण करने में जुटा है। पाकिस्तान की भारत के चुनाव में एंट्री हो गई है। पाकिस्तान की तरफ से चुनाव को लेकर बयानबाजी शुरू कर दी गई है। कुछ लोग पाक के रिश्तों को खंगाल रहे हैं तो कुछ मोदी का गुणगान कर रहे हैं। भारत और पाक की प्रगति का बखान किया जा रहा है। भारत के उत्तरोत्तर विकास के मुकाबले पाक की कंगाली पर लोग अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं। लोगों का मानना है पाक की स्थिति में तभी सुधार होगा जब वह पड़ौसी मुल्कों से अपने रिश्ते सुधारेगा। इसी बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने लोकसभा चुनाव के बाद भारत के साथ संबंधों में बेहतरी की उम्मीद जताई है। इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, भारत के साथ हमारे संबंध वहां चुनाव के बाद बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के संबंधों का अपना इतिहास है। पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद का गढ़ है। भारत और पाकिस्तान के बीच आजादी के बाद से चार बार युद्ध हो चुके हैं। हर युद्ध में पाकिस्तान को करारी हार झेलनी पड़ी है, इसके बावजूद वह लगातार नापाक कोशिशें करता रहा है। पाकिस्तान लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद की बात करने की जगह भारत के खिलाफ जहर उगलने में समय बर्बाद करता है। पाकिस्तान के साथ दिक्कत ये है कि वहां के नेताओं के पास इस वक्त कोई मुद्दा नहीं है। घर के अंदर और घर के बाहर पाकिस्तान हर मोर्चे पर जिस तरह से घिरा हुआ है। आज के पहले उसकी कभी इतनी बुरी हालत नहीं थी. चुनाव के बाद भी वहां राजनीतिक स्थिरता बहाल नहीं हो पाई है। पाकिस्तान खुद को हारा हुआ महसूस कर रहा है । पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली की हालत पूरी दुनिया के सामने आ चुकी है। आटे दाल से लेकर पेट्रोल तक के भाव आसमान छू रहे हैं। महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पाकिस्तान में महंगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

## अंकजाल - 7537

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | | 2 | | ■ | | 8 | | 4 | 24 |
| 18 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 7 | | 25 |
| 13 | | 8 | | ■ | | 3 | | 2 | 16 |
| 32 | 6 | | 9 | | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | | 9 | | 3 | 21 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

अंकजाल 7536 का हल

[illegible]

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6781

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6780 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# पशु जीवन के साथ भी हो गरिमापूर्ण व्यवहार


डॉ. सत्यवान सौरभ

दंड संहिता में संशोधन करके, जानवरों को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने और जानवरों को मारने या गंभीर रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए सजा बढ़ा दी गई। इसमें क्रूरता के विभिन्न रूपों, अपवादों और किसी पीड़ित जानवर के खिलाफ कोई क्रूरता होने पर उसे मार डालने की चर्चा की गई है, ताकि उसे आगे की पीड़ा से राहत मिल सके। अधिनियम का विधायी इरादा ₹जानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा पहुंचाने से रोकना₹ है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई थी। यह अधिनियम जानवरों पर अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुंचाने के लिए सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है। पहले अपराध के मामले में, जुमार्ना जो दस रुपये से कम नहीं होगा, लेकिन जो पचास रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। पिछले अपराध के तीन साल के भीतर किए गए दूसरे या बाद के अपराध के मामले में जुमार्ना पच्चीस रुपये से कम नहीं होगा। जिसे एक सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है या तीन महीने तक की कैद या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए जानवरों पर प्रयोग से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। यह अधिनियम प्रदर्शन करने वाले जानवरों की प्रदर्शनी और प्रदर्शन करने वाले जानवरों के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को स्थापित करता है।

प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुर्माना महत्वहीन है (कई मामलों में 10 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है। कानून को इस तरह से लिखा गया है कि मामले से निपटने वाली अदालत को आरोपी पर कारावास या जुमार्ना लगाने के बीच चयन करने का विवेक है। यह पशु क्रूरता के अपराधियों को अधिकांश मामलों में केवल जुमार्ना अदा करके पशु क्रूरता के सबसे क्रूर रूपों से बच निकलने की अनुमति देता है। कानून में स्वयं 'सामुदायिक सेवा' के लिए कोई प्रावधान नहीं है जैसे कि सजा के रूप में पशु आश्रय में स्वयंसेवा करना, जो संभावित रूप से अपराधियों को सुधार सकता है। जानवरों के लिए पाँच मौलिक स्वतंत्रताओं का समावेश, दंडों में वृद्धि और विभिन्न अपराधों के लिए जुमार्ने के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि, नए संज्ञेय अपराधों को जोड़ना, मसौदा विधेयक में पशु क्रूरता के मामले से निपटने वाली अदालत के लिए दो विकल्पों के रूप में कारावास और जुमार्ने का प्रावधान जारी रखा गया है।पशुओं को मौलिक अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान किये गये हैं। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) व्यक्तियों को दिए गए हैं। व्यक्ति का अर्थ है मनुष्य या मनुष्यों के संघ, जैसे निगम, साझेदारी, ट्रस्ट आदि अनुच्छेद 48 गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना और उनकी नस्ल में सुधार करना, अनुच्छेद 48ए पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए अधिनियम), 1960 जानवरों के प्रति क्रूरता का कारण बनने वाले कई प्रकार के कार्यों को अपराध मानता है। यह चिकित्सा उन्नति सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रयोगों के लिए जानवरों के उपयोग की छूट देता है।

भले ही विधेयक का मसौदा कानून बन जाए, फिर भी अपराधियों के लिए मामूली जुमार्ना भरना और अत्यधिक क्रूरता के कुछ कृत्यों के लिए कारावास से बचना संभव होगा। अपनी सीमाओं के साथ, मसौदा विधेयक का अधिनियमन भारत में पशु कानून के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। भारत को दुनिया के सभी देशों के लिए एक महान उदाहरण स्थापित करना चाहिए। हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए, इसलिए नहीं कि मुझे लगता है कि हम श्रेष्ठ हैं लेकिन क्योंकि हमने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक अहिंसा के बारे में बात की है, इसलिए जितना अधिक हम इसके बारे में बात करेंगे, इसे व्यवहार में लाने की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होगी। नई सरकार को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए ताकि पीसीए अधिनियम (1960) में संशोधन अंततः दिन के उजाले को देख सके।

अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया हैः लेकिन जीवन शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन जीवन शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है।

# गोपीकांदर थाना क्षेत्र में मानव कंकाल मिलने से सनसनी



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुश्चिरा गांव में मानव कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मानव कंकाल को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी।हालांकि कंकाल काफी पुराना और बिखरा पड़ा था।कंकाल के पास से आधार कार्ड और कपड़े मिले हैं। आधार कार्ड के मुताबिक कंकाल मरांग सोरेन का है।ग्रामीणों ने भी मिले कपड़े से मरांग का कंकाल होने का दावा किया है।मामले की जानकारी गोपीकांदर पुलिस को दी गई।कुश्चिरा गांव का मरांग सोरेन पिछले सात माह से लापता था। मरांग के पुत्र संजय सोरेन ने बताया कि कंकाल के पास से एक जर्सी पेंट और एक टीशर्ट बरामद किया गया है।पूरी तरह जानकारी है कि पेंट टीशर्ट मेरे पिता का है।पेंट के अंदर ही आधार कार्ड मिला है।कंकाल मेरे पिता का ही है। संजय ने बताया कि दुर्गा पूजा से पहले लोन वाले फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट हुई थी। उन्होंने बताया कि पैसे नहीं दे सकने के कारण कर्मचारियों ने घर में आकर पिता के मारा था।दूसरे दिन शनिवार को पिता मुर्गा बेचने के लिए अमड़ापाड़ा हटिया गया लेकिन वापस नहीं लौटा। जिसके बाद से लगातार काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला।

संजय सोरेन के मुताबिक कंकाल की खोपड़ी नदी में थी। कुछ बच्चों ने खोपड़ी को फुटबॉल की तरह खेल कर बालू में एक डंडे के सहारे टांग दिया था। एक बच्चे ने उन्हें बताया कि एक खोपड़ी नदी में है।जिसके बाद उनसभी बच्चों को लेकर वह नदी पहुँचा।खोपड़ी को लेकर वह नदी के ऊपर झाड़ियों के पास बिखरे शरीर के हड्डियों के पास पहुँचा। हड्डियों के पास टीशर्ट और पेंट को देखकर पहचान लिया और पेंट का तलाशी लिया तो उसमें आधार कार्ड मिला।जिस जगह पर मानव हड्डियां मिली हैं इससे कई सवालों को भी जन्म देती है। आपको बता दें कि मरांग पिछले वर्ष बरसात के समय से ही गायब था। इस दौरान नदी किनारे काफी झाड़ियाँ निकल जाती है। लोगों का आना-जाना कम हो जाता है।लेकिन सवाल यह भी है कि उस जगह से 200 गज की दूरी में कई परिवार निवास करते है, दूसरी और दोनों तरफ से नदी जाने का रास्ता भी है। लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन किसी को महक तक नहीं आई।

## रामगढ़ झामुमो प्रखंड कमेटी ने गंगवारा और कांजो पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**रामगढ़।** दुमका लोस चुनाव के मद्देनजर झामुमो रामगढ़ प्रखंड कमिटी ने प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल मरांडी की अगुवाई में दुमका लोस को झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में गंगवारा पंचायत के ठाड़ी तथा कांजो पंचायत के मधुबन गांव में शुक्रवार को जनसंपर्क कर लौगो को झामुमो के पक्ष में वोट देने कि पुरजोर अपील किया साथ ही झामुमो नेताओ ने लोगों को झारखंड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। अध्यात्म शिवलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो गरीबों की जमीनी स्तरीय पार्टी है। उन्होंने लोगों को किसी कि बहकावे में नहीं आने की अपील किया। मौके पर मौके पर विधायक प्रतिनिधि जोन सोरेन अध्यक्ष शिवलाल मरांडी, नंदलाल राउत,नेपाली इसर, सुशील मुर्मू, नेपाल मरीक,सतीश यादव रामकृष्ण मंडल आदि मौजूद थे।

# जो जामा विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं कर पाया वह भाजपा प्रत्याशी दुमका लोस का क्या विकास करेंगी : राजीव जायसवाल



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**रामगढ़।** जो विधायक जामा विस का समुचित विकास नहीं कर पाया वह दुमका लोस के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन दुमका लोक सभा का क्या विकास कर पायेंगे। उक्त बातें दुमका जिला के कांग्रेस जिला सचीव राजीव कुमार जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया। उन्होंने कहा माननीय विधायक महोदय सीता सोरेन जामा विस से लगातार तीन टर्म जामा विधानसभा का प्रतिनिधित्व करती रही है और इन तीन टर्म में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने जी भर के उनको गालियां दी की विधायिका कुछ भी विकास नहीं करती रामगढ़ में क्षेत्र में नहीं रहती उनसे भेंट करना मुश्किल है यहां तक की झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी उनसे परेशान रहते थे की विधायिका अपने से कुछ नहीं करती तब उसका का राकेश चौधरी करता है और अब यह भाजपा में जाकर कर रही है कि राज्य सरकार प्राकृतिक संसाधनों को लूटने में लगी है पिछले 4 साल से आप राज्य सरकार के अंग थे आपने एक बार भी विधानसभा में यह बात नहीं रखी और आपने जामा का विकास विधायक के रूप में नहीं किया जिसका परिणाम आपको रिजल्ट में देखने को मिलेगा साथ ही आप लोकसभा का विकास क्या करेंगे यह समझ से परे है. सिर्फ आरोप लगाना और दौरा करके लोगों को भ्रमित करना यह भाजपा की कार्यशैली है क्योंकि भाजपा के शीर्ष लीडर मोदी जी भी मंच से सिर्फ झूठ परोसने का काम करते हैं और वह अपने 14 और 19 के वादों को बिल्कुल भूल चुके हैं वैसे ही महोदय 4 साल पहले जब विधायक की चुनाव लड़ रही थी तो उन्होंने लोगों से क्या-क्या वादे किए हैं उनको अपने वादे को सिर्फ याद करना चाहिए और रामगढ़ की जनता को भी ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने जो वादा किया था क्या उसको पूरा किया है अगर पूरा किया है तो आप निश्चित वोट करें और अगर नहीं तो इनको सबक सिखाना होगा क्योंकि जो परिवार का नहीं हुआ वह जनता का क्या होगा।मैंने इसके जबाब में दुमका लोस के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन का पक्ष लेने के लिए संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं होने से उनका मंतव्य नहीं लिया जा सका।

# एक वर्ष पूर्व पेयजल के लिए किया गया बोरिंग बनी शोभा की वस्तु



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा प्रखंड के लताकांदर गांव के प्राणिक टोला में 1 साल पहले पेयजल के लिए किए गए बोरिंग बनी शोभा की वस्तु इस संबंध में ग्रामीण बताते हैं कि 1 साल पहले यहां पर डिप बोरिंग किया गया था , और बताया गया था कि 200 मीटर तक आस पास सभी को घर-घर तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी मिलेगा, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी हम लोगों को पानी नहीं मिला। बोरिंग सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है हालांकि एक दो बार जांच करने के लिए लोग आए,लेकिन सिर्फ जांच करके ही चले गए ।आगे ना ही चापाकल लगा ना ही पाइपलाइन के लिए टंकी बना। यहां बताते चले कि लताकांदर के प्राणिक टोला के लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूर स्थित चापाकल या अन्य फिर स्त्रोत से पेयजल लाना पड़ रहा है। हालांकि कई बार अबतक जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन इस गांव पहुंचे है लेकिन इस बोरिंग पर किसी का ध्यान नहीं है। इस सम्बंध में जब जेई से बात की गई तो उन्होंने कहा यह बोरिंग पहले के डीसी ने कराया था। और डीसी सर के माध्यम से ही आगे का काम होगा।

# राजद के प्रवीर कुमार वर्मा बने दुमका लोस चुनाव अभियान समिति के संयोजक



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**दुमका।** झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल, लोक सभा चुनाव अभियान समिति, 2024 के संयोजक गौतम सागर राणा के निदेर्शानुसार दुमका लोक सभा क्षेत्र में निम्नलिखित पार्टी पदाधिकारियों को लोक सभा चुनाव अभियान समिति का संयोजक और सदस्य नियुक्त किया गया है।जिसमें संयोजक प्रवीर कुमार वर्मा, प्रदेश सचिव को बनाया गया है और सदस्य के रूप में जामताड़ा जिलाध्यक्ष दिनेश यादव, दुमका जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित, देवघर जिलाध्यक्ष फणीभूषण यादव, साहेबगंज जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव एवं असलम परवेज, गौरव मिश्रा, जीतेश कुमार दास,बाबूराम हांसदा, मोहम्मद अली, जुलकर अंसारी, कंचन यादव, जयदेव गोराई, अफरोज आलम, सुशील राय, लक्ष्मी नारायण राउत व अशोक माजी को सदस्य नियुक्त किया गया है। संयोजक और सदस्य बनाये जाने पर राजद कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रदेश अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा एवं राजद के प्रधान महासचिव पूर्व विधायक गोड्डा संजय प्रसाद यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर किया है। दुमका के नव नियुक्त संयोजक प्रवीर कुमार वर्मा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के द्वारा उस पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतरना पहली प्राथमिकता होगी। दल के सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान दिलाते हुए, इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में राजद प्रमुख भूमिका निभाएगी। किसी कीमत पर दल के झंडा को झुकने नहीं दिया जाएगा।

# लोस चुनाव को लेकर पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी के गठन के लिए महागठबंधन की बैठक

## झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने का लिया संकल्प



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**गोपीकांदर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय गोपीकांदर में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी के गठन हेतु महागठबंधन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मरांडी ने की।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सात पंचायत में बूथ स्तर पर बीस सदस्यों की टीम गठन की जाएं,जिसमें महिला एव पुरुष दोनों की भागीदारी सुनिश्चित रहेगी। यही बीस सदस्यीय टीम पंचायत स्तर पर झामुमो पार्टी के लिए काम करेगी। बैठक में इस बार के लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को पहले की अपेक्षा और ज्यादा से ज्यादा मतों के अंतर से जिताने का संकल्प लिया गया।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर भगत,विधायक प्रतिनिधि लखीचंद मंडल,जिप सदस्य निशा सबनम हांसदा, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष बासकी,हराधन पाल, सुलेमान हांसदा, पोलीना मुर्मू, नीजू मंडल, कुबराज बेसरा, दशरथ भगत, अमरनाथ भगत, विनोद मरांडी, सुरेश मरांडी, दीवान सोरेन, सुकल मुर्मू, शीला मुर्मू सहित दर्जनों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच करेंगे मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**रामगढ़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीएलओ की बैठक बुलाई गई।बैठक में प्रखंड के सभी 154 मतदान केंद्रों के बीएलओ उपस्थित थे।निर्वाचन कोषांग द्वारा आयोजित इस बैठक में बीएलओ के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया।साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वह दस दिनों के भीतर घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही उनके मतदान केदो में उपलब्ध एमएफ संबंधी सुविधाओं का अद्यतन प्रतिवेदन भी जमा कराया गया। सभी बीएलओ से उनके मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय,रैंप आदि उपलब्ध होने का शपथ पत्र भी लिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को उनके घर में पोस्टल बैलेट के मध्यम से मतदान करने की सुविधा दिए जाने की जानकारी भी दी गई। निर्वाचन कोषांग के अधिकारियों ने बताया कि वैसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की सूची जिन्हें अपने घर में पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करना है जिले में भेज दी गई है।बैठक में निर्वाचन कोषांग के योगेंद्र प्रसाद साह, पार्वती हेम्ब्रम तथा निरंजन पंडित द्वारा उपस्थित बीएलओ को संबंधित जानकारी दी गई।

# जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं : आनंद जी महाराज



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**रामगढ़:** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कडबिंधा बाजार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक आनंद जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का मधुर प्रसंग सुनाया। कथा वाचक के मुखारविंद से उक्त प्रसंग सुन हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गयेछठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य आनंद जी महाराज ने महारास के पांच अध्याय का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं।उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है।उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान,कंस का वध,महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना,कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद,ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना,द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया।कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है।इस दौरान एक से बढ़कर एक सुंदर झांकी तथा छप्पन भोग का भी आयोजन किया गया। देर रात तक हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर संगीत मय प्रवचन का आनंद लें रहे थे।

### लोकपाल ने रामगढ़ प्रखंड के बड़ी रण बहियार पंचायत में किया मनरेगा योजनाओं का औचक निरीक्षण

# बड़ी रणबहियार में सिंचाई तालाब निर्माण में सामने आई भारी अनियमितता





मनरेगा योजनाओं में बरती जा रही है व्यापक अनियमितता
रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में जारी है योजनाओं में गड़बड़ी का सिलसिला

■ **भ्रष्ट कर्मचारी में मचा हड़कंप**

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**दुमका।** मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने शुक्रवार को प्रखंड के बड़ी रण बहियार में संचालित मनरेगा योजनाओं का औचक निरीक्षण किया।लोकपाल के साथ सहायक अभियंता विकास कुमार,मनरेगा बीपीओ नीतू टुडू तथा कनीय अभियंता जनार्दन पंडित भी मौजूद थे।जांच के क्रम में उन्होंने ललीन बेसरा तथा षष्टी चरण मंडल के सिंचाई तालाब तथा क्लस्टर बनाकर लगाए गए आम बागवानी की योजनाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने बताया कि आम की बागवानी की स्थिति बहुत अच्छी है। बागवानी के कलेक्टर पॉइंट में पौधों की सिंचाई के लिए सिंचाई कूप का निर्माण भी किया जा रहा है।बागवानी की बाड़बंदी भी की गई है।आम के पौधों के बीच में किसान अन्य फसलों की खेती भी कर रहे हैं।वहीं गांव में मनरेगा के तहत निमार्णाधीन सिंचाई तालाब की योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि लोलिन बेसरा के सिंचाई तालाब में गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। तालाब की प्राक्कलित राशि 4,74,021 रुपए है।जिसमें से 4,42,912 रुपए की निकासी कर ली गई है।जबकि निकासी के अनुरूप बहुत कम काम हुआ है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 में स्वीकृत इस योजना में तालाब की खुदाई निकासी के अनुरूप नहीं पाई गई है। उन्होंने कहा कि किए गए कार्य की मापी कराकर शेष बची राशि की रिकवरी संबंधित कर्मियों से कराई जाएगी।साथ ही दोषी कर्मियों पर अर्थ दंड भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा में काम के बाद मजदूरी का भुगतान का प्रावधान है।यहां अग्रिम दिए जाने की कोई व्यवस्था नहीं है।इसके बावजूद इतनी अधिक राशि की निकासी हो जाना और कार्य का नहीं होना गंभीर खामियों को इंगित करता है।

# जरुरतमंद के लिए ,सुमन ने किया रक्तदान



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**दुमका:** रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता, रक्तदान से कई मरीजों की जान तत्काल बचाई जा सकती है। वर्तमान में भले ही सभी लोग रक्तदान को लेकर इतने जागरूक न हो लेकिन दुमका जिले में कई ऐसे लोग हैं जो रक्तदान के महत्व को समझते हैं तथा अपना सर्वस्व समर्पण समाज की भलाई के लिए कर देते हैं। इसी में से एक नाम दुमका के रहने वाले रक्त वीर वत्स सेवा समिति के अध्यक्ष चंचल सिंह का है जिनकी सहायता से न जाने अब तक कितने ही मरीजों की जिंदगी बचाई जा चुकी है। बताते चलें कि दुमका के रहने वाले एक युवक जिनका कमर का ऑपरेशन होना था और जो जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था तथा रक्त के अभाव में शायद क्या होता कहना मुश्किल था।लेकिन जैसे ही यह जानकारी चंचल सिंह को मिली तो इन्होंने तुरंत सुमन कुमार से संपर्क किया और मानवता की मिशाल के रूप में स्वयं ब्लड बैंक आकर चंचल सिंह के आग्रह पर रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में अपनी भूमिका निभाई और समाज के लिए एक संदेश दिया कि आपातकाल समय में रक्तदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए न धूप न रात तथा अस्पताल में चिकित्सकों के अनुसार उन्हें तुरंत एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी।मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था कर पाने में असमर्थ थे। अतः मरीज के परिजन ने रक्तदान हेतु चंचल सिंह से संपर्क किया। रक्तदान के पश्चात सुमन ने कहा की 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, लोगों की मदद करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

# भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी का तूफानी जनसंपर्क अभियान, भाजपा के पक्ष में मांगा जन समर्थन

आवाज प्रतिनिधि

**बसंतराय।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर निशिकांत दुबे ने बसंतराय प्रखंड के दर्जनों गांवों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन मांगा।

अभियान की शुरूआत चनायचक से हुआ। जहां प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के साथ ग्रामीणों ने प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद हिलावे, खट्टी, घाट अमरपुर, देवघरा जागीर, घाट सुरनिया, महेशपुर, पकड़िया, डेरमा, सनोर, गोरगम्मा, अमरपुर, बसंतराय, बाजपई, लक्ष्मीपुर आदि गांवों में भव्य स्वागत हुआ एवं भाजपा के पक्ष में समर्थन का भरोसा दिलाया।

प्रत्याशी ने इन सभी गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और हाथ जोड़कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा और उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा दिया।


क्षेत्र के लोगों से बात करते प्रत्याशी।

सैकड़ो ग्रामीणों ने अबकी बार मोदी सरकार के नारों को समर्थन दिया।भाजपा क प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथों में है। देश सुरक्षित रहेगा, तभी हम सुरक्षित हैं। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देख रहा है। तीसरी बार मोदी जी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं हैं, जो भारत का तस्वीर बदल देगा। जनसंपर्क अभियान में गोड्डा विधायक अमित मंडल, जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, राजेश झा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव मेहता सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आखिरकार कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे ने खा ही लिया मुढ़ी घूघनी और पिया नींबू पानी...

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव का रण सज चुका है। प्रत्याशी मैदान में चिलचिलाती धूप में पसीना बहा रहे हैं। लोगों के बीच जाकर संपर्क कर रहे हैं। अपने-अपने अंदाज में पार्टी प्रत्याशी लोगों को रिझाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे का भी अलग अंदाज दिखा। पहले बोले हुए बातों पर भाजपा प्रत्याशी ने मुहर लगाया। आखिरकार उन्होंने कार्यकताओं के साथ मुढ़ी घुघनी खा ही लिया। इसके अलावा कार्यकताओं के घर पर नींबू पानी भी पिया।

जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे द्वारा


मुढ़ी घूघनी खाते निशिकांत दूबे।

भारतीय जनता पार्टी के काफिला के साथ बसंतराय क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में इस अंदाज में नजर आये। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास के लिए एक बार पुनः मोदी सरकार के लिए लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की चौमुखी विकास के लिए एक बार पुनः हमें समर्थन देकर केंद्र में बनने वाली सरकार को मजबूती प्रदान करने की बातों पर बल दिया। भ्रमण के क्रम में उनके साथ विधायक अमित मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## ईवीएम, वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइज़ेशन



डीसी जिशान कमर व अन्य।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में एनआईसी वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, बीयू आदि का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने रेंडमाइजेशन से पूर्व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वहीं, प्रथम रेंडमाइजेशन में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 16- पोड़ैयाहाट, 17- गोड्डा एवं 18-महागामा के मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1178 मतदान केन्द्रों के लिए 1365 बीयू, 1365 सीयू एवं 1526 वीवीपैट आवंटित किए गए। प्रथम रेंडमाइजेशन उपरांत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता गोड्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा, भूमि सुधार उप समाहर्ता, गोड्डा, सूचना विज्ञान पदाधिकारी गोड्डा, नगर प्रशासक गोड्डा, ईवीएम कोषांग के कर्मी गण एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट कोषांग के कार्यों की हुई समीक्षा

आवाज प्रतिनिधि

- **कहा एसेंशियल सर्विसेज से जुड़े सरकारी एवं निजी संस्थानों, प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी एवं कर्मी शत-प्रतिशत करें मतदान**
- **कहा एसेंशियल सर्विसेज के निमित्त सभी संबंधित पदाधिकारी घोषणा पत्र करें समर्पित**

**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा- निदेशों के तहत जिले में अब तक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों का पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से वोटिंग करने से संबंधित निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले कर्मियों से प्रपत्र 12डी की जानकारी ली एवं उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मी मतदान करने से वंचित नहीं रहे। कर्मी या तो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करें या मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। इस हेतु संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को घोषणा पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया है। घोषणा पत्र में स्पष्ट करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मचारी शत-प्रतिशत मतदान करेंगे। विभाग के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों को प्रपत्र 12डी आवश्यकता अनुसार भरवाया गया है, जिसकी कुल संख्या क्या है उसकी जानकारी देंगे। सभी पदाधिकारी यह घोषणा करेंगे कि मेरे विभाग के कोई भी पदाधिकारी/कर्मचारी मतदान करने से वंचित नहीं रहेंगे। घोषणा पत्र को सभी अविलंब पोस्टल बैलेट कोषांग को समर्पित करेंगे। इस मौके पर अपर समाहर्ता गोड्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोड्डा, भूमि सुधार उप समाहर्ता गोड्डा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी गोड्डा, सूचना विज्ञान पदाधिकारी, गोड्डा एवं पोस्टल बैलेट कोषांग के कर्मी आदि मौजूद रहे।


डीसी जीशान कमर।

## तस्करी के लिए ले जाए जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा।** बीती रात्रि करीब 10.30 बजे एफएसटी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर साईकिल पर दो झोला में अवैध रूप से विदेशी शराब तस्करी के लिए बलबड्डा से छगराहा की ओर जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर बलबड्डा से छगराहा जाने के क्रम में हिरो स्पलेन्डर प्लस मोटर साईकिल के पिछे में दो झोला बांधे हुए है। मोटर साईकिल सवार को एफएसटी टीम के द्वारा रोका गया, तो वह पुलिस वाहन को देखते ही भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम अरूण कुमार सिंह, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता महेन्द्र सिंह, सा० कदवा (प्रतापनगर), थाना नवगछिया, जिला भागलपुर (बिहार) बताया। मोटर साईकिल में बांधे गये झोले की जांच करने पर उक्त झोले में विभिन्न कम्पनियों का विदेशी शराब बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया। साथ ही उक्त संबंध में सुसंगत धाराओं के तहत काण्ड दर्ज किया गया। छापेमारी में बकार्डी लिमोन 750 एमएल 06 पीस, इंपीरियल ब्लू 750 एमएल 06 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व बी सेवन 750 एमएल 06 पीस, हंटर केन बीयर, 500 एमएल 06 पीस, हीरो होंडा प्लस, मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 39 एए 7759 जब्त किया गया। वहीं, छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार चौबे, थाना प्रभारी, बलबड्डा, संजय कुमार मंडल, सहायक अभियंता, मेहरमा प्रखण्ड सह सदस्य एफएसटी टीम, सहायक अवर निरीक्षक नन्द किशोर कुमार, थाना प्रभारी, बलबड्डा, थाना सशस्त्र बल, बलबड्डा मौजूद थे।


जब्त शराब, पीछे खड़ा आरोपी व पुलिस पदाधिकारी।

## लायंस क्लब की ओर से रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 15 यूनिट रक्त संग्रह


रक्तदान करते रक्तवीर।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा।** श्रमिक दिवस के मौके पर मजदूर और श्रमिक वर्ग के योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनके सहयोग को सलाम करते हुए लायंस क्लब ऑफ गोड्डा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में किया गया। इस रक्तदान शिविर का संचालन लायंस क्लब के अध्यक्ष शाहिद इकबाल द्वारा मनोनीत शिविर संयोजक राजीव सिंह की अगुवाई में कुल 15 यूनिट रक्तदान संग्रह किया गया। जिसमें नीरज कुमार झा, रमण कुमार सिंह, अभिषेक आनंद, गुलशन कुमार, विजय कुमार, विनोद साह, ललन कुमार, राम प्रताप, संतोष कुमार, लखन कुमार सिंह, आशीष कुमार, तारकेश्वर कुमार, सुमित कुमार झा, रौशन कुमार सिन्हा, आसिफ अंसारी ने अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तवीरों की हौसला अफजाई तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लायंस क्लब ऑफ गोड्डा की ओर से डॉ० अशोक कुमार, डॉ० प्रभा रानी प्रसाद, डॉ० अरुण कुमार सिंह, अनुप गाडिया, प्रमोद शर्मा, मनोज भारती, अभिषेक आनन्द (रक्तवीर), रितेश कुमार झा, किरण मण्डल, ज्ञान किशोर झा, लायन सुनील साह, राजेश कुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में रक्तवीरों को प्रोत्साहित करने तथा एकत्रित करने में कार्यक्रम संयोजक लायन राजीव सिंह तथा ग्राम दियारा निवासी लखन सिंह व क्लब ट्रेसरर रितेश झा ने अहम भूमिका निभाई।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

आवाज प्रतिनिधि

**महागामा।** महागामा थाना क्षेत्र अंतर्गत नूनाजोर बसंतराय मुख्य मार्ग के नूनाजोर गांव स्थित पुरानी पंचायत भवन के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रामजतन यादव का 30 वर्षीय पुत्र विक्की यादव की मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक नूनाजोर चौक से घर नूनाजोर गांव आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। वाहन के धक्के से घायल व्यक्ति सड़क के किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा। शुक्रवार की सुबह किसी की नजर पड़ी तो देखा की मौत हो चुकी है। इसके बाद घटना की सूचना परिजन को दी गई। इसके साथ ही घटना की सूचना आसपास के गांवों में फैल गई। सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ घटना स्थल पर पहुंच गई।इधर घटना की सूचना महागामा पुलिस को भी दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

बताया जाता है कि मृतक मजदूर कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। घटना से पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

## विधायक के प्रयास से पथरगामा के सिमरिया ग्राम में 25 केवी का लगा ट्रांसफॉर्मर



**गोड्डा (आवाज) :** बीते दिनों पथरगामा प्रखंड अंतर्गत कोरकाघाट पंचायत के सिमरिया ग्राम में 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। इस समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने समस्या की लिखित शिकायत गोड्डा विधायक अमित मंडल को दिया था। जिसके बाद गोड्डा विधायक ने अनुसंशित पत्र को बिजली विभाग के प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिन्हा उर्फ गप्पू सिन्हा को दिया गया। वहीं त्वरित समाधान हेतु विधायक प्रतिनिधि ने इस भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यालय के आवश्यक कार्य करवाकर ट्रांसफार्मर निर्गत कराया। इस नेक कार्य हेतु गोड्डा विधायक एवं प्रतिनिधि को ग्रामीणों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर कार्तिक पंजियारा, विनोद पंजियारा, रवि पंजियारा, मनोज कापरी, मंगल यादव के साथ-साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिली घरेलु हिंसा अधिनियम की जानकारी

आवाज प्रतिनिधि

**बसंतराय/गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य एवं सचिव डा. प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में बसंतराय प्रखंड के विभिन्न गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने शुक्रवार को ग्राम मांजर में अभियान चलाया। ग्रामीणों को कानूनी अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मो.हसीब एवं मंजूरी बीबी ने कहा कि घरेलु हिंसा अधिनियम महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों का संरक्षण करने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करती है। इस अधिनियम में केवल पत्नी नहीं बल्कि मां, बहन, विधवा, अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को प्रताड़ित करना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना, मारपीट करना , शरीर के अंग को चोट पहुंचाना ,गाली गलौज करना मान सम्मान अपमानित करना, लड़का न पैदा होने पर ताने मारना, दहेज संबंधी मांग करना, परिजनों को धमकाना, बीमार होने पर इलाज न करना, उनके अधिकारों से वंचित रखना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। हमारे समाज में आए दिन घरेलू हिंसा अपराध की घटनाएं एवं समस्या बनी हुई है। इससे परिवार में तनाव, परिवार टूटने व बिखरने का डर लगा रहता है। समाज में हो रहे अपराध को रोकने हेतु सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।



ग्रामीणों के साथ पीएलवी सदस्य।

### सर्वोदय सेवा समिति ने जामताड़ा में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

# लोकतंत्र का सम्मान करें, निर्भय होकर मतदान करें वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है : मुन्ना

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा।** सर्वोदय सेवा समिति जामताड़ा तथा मीडिया एम सी एम सी कोषांग जामताड़ा स्वीप के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता को जागरूक करने के लिए बालिका उच्च विद्यालय जामताड़ा के बूथ संख्या 252 के पोषक क्षेत्र तथा आर के प्लस टू उच्च विद्यालय मिहिजाम के बूथ संख्या 341 के पोषक क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैसे बूथ पर पिछला चुनाव में मतदान प्रतिशत काम था वहां पर मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक का मंचन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।तथा सत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।कलादल के नायक मुन्ना कुमार ने कुछ स्लोगन के माध्यम से भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जैसे पहले मतदान फिर जलपान,लोकतंत्र का सम्मान करें निर्भय होकर मतदान करें,वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम,सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के साथ-साथ 4 मई तक नया मतदाता अपने बीएलओ से संपर्क कर या वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा फॉर्म 6 को भरकर वोटर लिस्ट में अपना नाम अंकित करवा सकते हैं।या प्रतीक 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को नए मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं।दृष्टिहीन मतदाताओं को ब्रेल लिपि के माध्यम से अपना मतदान का प्रयोग करने के बारे में भी प्रेरित किया गया। जब उम्मीदवार पसंदीदा ना हो तो नोटा बटन दबाने के लिए प्रेरित किया गया।बुजुर्ग 85 वर्ष से ऊपर दिव्यांग, शारीरिक रूप से अक्षम गर्भवती महिलाएं, शिशुओं की माताओ को बूथ पर लाने और घर वापस पहुंचाने की भी व्यवस्था चुनाव आयोग द्वारा की गई है।आपके आस पास ऐसे मतदाता हो तो अपने बीएलओ को सूचित करें।इसके लिए घर बैठे वोटर हेल्पलाइन एप का सहारा ले सकते हैं।वैसे मतदाता जो अपने बूथ पर आने में भी सक्षम नहीं है।वह अपने घर से ही पोस्ट वॉलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। परंतु अपने बीएलओ को सूचित कारना होगा।किसी के बहकावे या लोभ लालच का फेर में नहीं पड़े।यदि कोई लोभ लालच दे तो अपने मोबाइल पर इ बिजिल एप के माध्यम से या 1950 पर फोन कर सूचना दे सकते हैं।याद रखें 1 जून 2024 को प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपने-अपने बूथ पर जाकर अपना मत का प्रयोग जरूर करें।अंत में सर्वोदय सेवा समिति जामताड़ा के कलाकारों तथा मतदाताओं ने मतदान के लिए भी शपथ लिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेस्मी मिर्धा,संजना मिर्धा,कंचन मिर्धा,रूबी मिर्धा, इन्द्रदेव पासवान मुन्ना कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। साथी दोनों बूथों के बीएलओ का सहीयोग रहा।



नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदान के लिए जागरूक करते कलाकार।

## पत्नी को हथोड़ा से मारकर घायल कर देने का हुआ मामला दर्ज

**पोड़ैयाहाट (आवाज) :** थाना कांड संख्या 53/24 धारा 341,323,324,307 भादवी के तहत डहुपगार गांव निवासी सुंदर मरांडी 37 वर्षीय को आरोपी बनाया है।पीड़ित महिला अलका मुर्मू 30 वर्षीय ने अपने पति सुंदर मरांडी पर आरोप लगाया है कि हम आंगनबाड़ी केंद्र में काम कर रहे थे। अचानक मेरे पति आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा हाथ में हथोड़ा लेकर बिना किसी बात कहे एकाएक हमारे सर पर वार कर दिया। इसके बाद हम वहीं पर गिर पड़े गिर पड़े होने के बावजूद भी आरोपी पति के द्वारा दो-तीन बार हथोड़ा से और सर में वार किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित महिला के नगर थाना के द्वारा लिए गए फर्द बयान मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है, जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DUMKA**

**VERY-VERY SHORT TIME**
**e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. RCD/DUMKA/707 Date 03.05.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Junction Improvement Work at Chigalpahari in Gobindpur-Sahibganj Road under Non Plan (Shrawani Mela 2024) for the year 2024-25. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 1,25,00,000.00 (Rupees One Crore Twenty Five Lac Only) |
| 3 | Time of completion | Two Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 10.05.2024 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 16.05.2024 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 17.05.2024 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of the Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001 vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 Ansh-I 1984(S)WE dt 02.05.24

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Dumka**

**PR.NO.324372 Road(24-25):D**


## लोकसभा चुनाव के निमित्त महिला बूथ में लगने वाली महिला कर्मियों को मिला प्रशिक्षण


प्रशिक्षण देते अधिकारी।

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा।** शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त महिला मैनेज बूथ में लगने वाली महिला कर्मियों का प्रशिक्षण न्यू पालिटेक्निक कालेज पाथरचपड़ा में आयोजित किया गया। जिसमें कुल नब्बे महिला कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ओमप्रकाश चौटाला ने संबोधित करते हुए बताया कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और गोपनीय मतदान कराना हम सभी लोगों की जवाबदेही है। इनकी प्रक्रिया को समझने में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आप सभी प्रशिक्षण पूरी गंभीरता से प्राप्त करें और प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सैयद इमाम द्वारा बताए गए बातों पर ध्यान दें और जो भी निर्देश चुनाव में दिए जा रहे हैं उसका अक्षरशः पालन करें।
प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए मुख्य मास्टर ट्रेनर सैयद मो० इमाम ने बताया कि दो फैक्टर को ध्यान में रखते हुए अपना काम करेंगे। एश्ट और श्श्ढअळ का संचालन और मतदान के पश्चात विभिन्न प्रकार के प्रपत्र को भरने का काम। ये दोनों काम पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण में सीख लें ताकि वास्तविक मतदान में कोई कठिनाई न हो। क्यों कि भीड़ बढ़ जाने पर आपकी त्रुटि गंभीर संकट पैदा कर सकती हैं।

पीठासीन अधिकारी, पोलिंग पदाधिकारी एक, पोलिंग पदाधिकारी दो, पोलिंग पदाधिकारी तीन की अलग अलग कार्यों को विस्तार से जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश मंडल, मास्टर ट्रेनर अशोक चौधरी, दुर्गेश कुमार दुबे, हरि प्रसाद राम, राजेश कुमार, रोहित, निरंजन सहित अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने हत्यारोपी के घर चिपकाए इस्तेहार

आवाज प्रतिनिधि



**पोड़ैयाहाट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लत्ता दिकवानी पंचायत के लत्ता गांव के हत्या आरोपी रामकुमार दास के घर इस्तेहार चिपकाया है। विदित हो कि मचखार गांव निवासी गिरधारी यादव की हत्या थाना क्षेत्र के डांडे मुख्य मार्ग शांति नगर स्थित लॉज से उठाकर कानीपाथर पुलिया के नीचे फेंक दिया था। इसके बाद मृतक के चाचा अभिराम यादव ने लिखित आवेदन देकर थाना मे नामजाद मामला दर्ज कराया था। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि एसडीजेएम कोर्ट गोड्डा के आदेश पर हत्याकांड के आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। आरोपी के विरोध थाना कांड संख्या 213/23 धारा 302,201/34 के तहत गिरधारी यादव हत्याकांड में नामजद अभियुक्त था। जिसको लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन अभी तक वह पकड़ से दूर था और फरार चल रहा था, इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DUMKA**

**VERY-VERY SHORT TIME**
**e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. RCD/DUMKA/704 Date 03.05.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Paver Block in Gardi-Sardiha Road in Basukinath Dham under Non Plan (Shrawani Mela 2024) for the year 2024-25. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 1,50,00,000.00 (Rupees One Crore Fifty Lac Only) |
| 3 | Time of completion | Three Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 10.05.2024 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 16.05.2024 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 17.05.2024 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of the Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001 vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 Ansh-I 1984(S)WE dt 02.05.24.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Dumka**

**PR 324369 Road(24-25)#D**


## साइबर पुलिस ने तीन साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा।** साइबर पुलिस की छापामारी में फिशिंग को अंजाम देते तीन साइबर अपराधी एक बार फिर पुलिस के हत्थे चढ़ गए. पुलिस अधीक्षक अनिमेष नथानी को जिले के विभिन्न गांव से साइबर अपराध करने की सूचना प्राप्त हुई. जिसके बाद एसपी के निर्देश पर साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और सभी जगह पर छापामारी किया गया. छापामारी जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव में और कमाटांड़ थाना क्षेत्र के मठटांड़ गांव में की गई। इस दौरान साइबर अपराध को अंजाम देते हुए 23 वर्षीय जुगल सिंह और प्रहलाद मोदक को सोनबाद गांव से और 19 वर्षीय मुशर्रफ अंसारी को मठटांड़ गांव से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 12 एंड्राइड फोन, 16 फर्जी सिम कार्ड, एक पासबुक, एक चेक बुक, दो आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किया है. इसकी पूरी जानकारी साइबर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी गई. वहीं छापामारी दल में साइबर थाना प्रभारी के साथ आरक्षी अब्दुल गनी, अभय कुमार मिश्रा, रविंद्र ठाकुर, चंदन कुमार मिश्रा, सागर दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।



## विभिन्न मामलों में कुल ग्यारह अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार गोड्डा जिलान्तर्गत विभिन्न काण्डों में फिरार वांछित अभियुक्तों-वारंटियों के गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु लगातार छापामारी किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न थाना में अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान पोक्सो एक्ट के तहत शशि कुमार शदव, पे० रंगीला राउत, सा० सरकण्डा, थाना नगर, जिला गोड्डा को गिरफ्तार किया गया। उक्त काण्ड में घर घुस कर वादिनी की नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी करने के आरोप में अंकित किया गया। जिसमें उक्त कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वहीं राम प्रसाद दास, पे० सरजुन दास, मंजू देवी, पति राम प्रसाद दास, पारो कुमारी, पे० राम प्रसाद दास सभी साकिनान बेलारी, थाना नगर, जिला गोड्डा को उक्त सभी गवाही हेतु फिरार अजमानतीय वारंटी को माननीय न्यायालय में उपस्थापन कराया गया। जनार्दन यादव, पे० स्व० परन्त यादव, सा० मकरकोला, थाना मोतिया ओ०पी०, जिला गोड्डा उक्त अजमानतीय वारंटी को माननीय न्यायालय में उपस्थापित किया। वहीं अभियुक्त प्रदीप भगत, पे० जयनारायण भगत, उपेन्दर यादव, पे० सौदागर यादव, दोनों सा० धपरा, थाना बसंतराय, जिला गोड्डा अजमानतीय वारंटी को माननीय न्यायालय में उपस्थापित किया। वहीं मनीषा मुर्मू, पे०-हंजो मुर्मू, सोनाराम मुर्मू, पे०-बब्बु टुडू, छंजू सोरेन, पे०-स्व० बेटाराम सोरेन एवं संतलाल हेम्ब्रम, पे० स्व० ताला हेम्ब्रम, सभी सा० गोरंटिया, थाना-महागामा जिला गोड्डा उक्त सभी अजमानतीय वारंटी को माननीय न्यायालय में उपस्थापित किया। इस प्रकार आज कुल 11 अभियुक्त/अजमानतीय वारंटी की गिरफ्तारी की गई है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# शिक्षकों ने हेलन को ससम्मान के साथ किया विदा

आवाज प्रतिनिधि

**पथरगामा।** पथरगामा बालक मध्य विद्यालय में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हेलन मरांडी एवं प्रखंड साधन सेवी कल्पना कनक का विदाई समारोह का हुआ आयोजन।

बताते चले की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हेलन मरांडी 6 अगस्त 2022 को अपना योगदान पथरगामा में दिया था इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के बीच रहकर काफी बेहतर कार्य किया। 30 अप्रैल को उनकी सेवानिवृत्ति हो गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विदाई गीत गाकर विदाई समारोह में सबको भावुक कर दिया। संत जोसेफ बरमसिया की शिक्षिका ने बाइबिल भेट किया। मंच संचालन शिक्षक संजय कुमार मिश्रा ने किया वही अध्यक्षता बीपीओ कमालुद्दीन ने किया।

संचालन कर रहे संजय मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा की सतत प्रक्रिया है जो सभी के साथ होना है पर इस दौरान हम सबों के बीच जो कार्य शैली रहती है वह हमेशा याद रह जाता है। कल्पना कनक ने कहा कि हमने जितने दिनों तक कार्य किया सभी लोगों ने मेरे साथ अपनी बहन समझकर सहयोग किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हेलेन मरांडी ने कहा कि पथरगामा के शिक्षक काफी मेहनती है। पूरे जीवन के कार्यकाल में पथरगामा मेरा सबसे बेहतर रहा। शिक्षकों को अपना बच्चा समझ कर स्कूल में पढ़ाना चाहिए ताकि बच्चा बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके।

दूसरे जगह के शिक्षक को भी पथरगामा के शिक्षकों से सबक लेना चाहिए। मौके पर शिक्षक आशुतोष पांडे आनंद रजक, प्रियंका कुमारी, रीना रानी, मनोज भगत, अनिल कुमार सहित काफी संख्या में शिक्षक थे।



समारोह में उपस्थित शिक्षक।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DUMKA**

**SHORT TIME**
**e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. RCD/DUMKA/697 Date 03.05.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Renovation and Development of 'E Type' Quarters and Residential Campus of Executive Engineers Posted in RCD, Dumka i.e. Executive Engineer, Advance Planning, Technical Advisor & Executive Engineer (Monitoring) in Road Circle, Dumka under Non Plan (Shrawani Mela 2024) for the year 2024-25. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 1,55,00,000.00 (Rupees One Crore Fifty Five Lac Only) |
| 3 | Time of completion | Twelve Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 13.05.2024 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 23.05.2024 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 24.05.2024 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of the Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001 vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 Ansh-I 1984(S)WE dt 02.05.24.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Dumka**

**PR 324360 Road(24-25).D**

**एक नजर**

### एकतरफा प्यार में छात्र ने टीचर को मारी गोली, हालत गंभीर... आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर :** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक छात्र के एक तरफा प्यार ने एक शिक्षिका को अस्पताल पहुंचा दिया. अपने जुनून में अंधे होकर एक छात्र ने अपनी शिक्षिका को भरे क्लास में गोली मार दी. शिक्षिका को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत सीरियस होने के बाद उसे मेरठ रेफर कर दिया गया है. शिक्षिका की हालत अब भी गंभीर है. छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है. बिजनौर के थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक कंप्यूटर सेंटर में क्लास में पढ़ा रही टीचर को छात्र ने गोली मार दी. गोली लगने से टीचर कोमल गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल अवस्था में टीचर को हायर सेंटर रेफर किया गया है. जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

# मोतिहारी पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शातिर को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। 3 मई**

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने पश्चिमी चंपारण से सटे भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य शशांक पांडेय के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी ने शशांक पाण्डेय को नेपाल के वीरगंज में रूम दिलवाने सहित अन्य कामों में सहयोग किया था। जिसके विरूद्ध शशांक पाण्डेय के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद वह फरार चल रहा था। मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने उक्त वांछित को पश्चिमी चंपारण जिले के इनरवा थाना क्षेत्र के पिपरा से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया वांछित बृजकिशोर प्रसाद के पुत्र



विनय कुमार बताया गया है।

इसकी जानकारी देते रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि इंडो-नेपाल बार्डर पर बिश्नोई गैंग के लोगो की सूचना मिली,जो किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। सूचना पर एसपी के निर्देश पर रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, एसआई हरेराम तिवारी, पीएसआई प्रभात कुमार, प्रकाश कुमार, आनंद कुमार, लालबाबू मियां के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वतरित कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।डीएसपी ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व रक्सौल थाना क्षेत्र से लारेंस बिश्नोई गैंग के तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बेतिया जिले के मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले शशांक पांडे और आदापुर हरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले त्रिभुवन साह तथा उत्तर प्रदेश आजमगढ़ के रहने वाले श्रीकांत कुमार यादव के रूप में हुई थी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक 9 एमएम पिस्टल, दो कारतूस, 2100 नेपाली और 1200 भारतीय रुपये के नोट भी बरामद किये थे। तीनों अपराधी रक्सौल के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में थे। जिसके सहयोगी के रूप में विनय कुमार भी शामिल था।

## दर्जनों दुकानें जलकर राख,बम धमाके की तरह फटे छह सिलेंडर

**कानपुर :** कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सरसौल में हाईवे किनारे जूनियर स्कूल से लगी एक दर्जन दुकानों में भीषण आग लग गई। हादसे में फर्नीचर जलकर राख और लाखों का नुकसान हुआ है। घटनास्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी नरवल ऋषभ वर्मा ने दुकानदरों का जायजा लिया। वहीं, कोई जनहानि न होने की पुष्टि हुई है और नुकसान का आकलन किया या है। बताया जा रहा है कि घटना अगर दिन में हुई होती, तो आने-जाने वाले राहगीरों और आसपास के लोगों के साथ एक बड़ी घटना का रूप ले सकती थी।राहगीरों के अनुसार, अवैध कब्जे पर बनीं दुकानों की वजह से रोड में जाम रहता है। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, यह आगजनी घटना से बाल-बाल बची जूनियर स्कूल कि बिल्डिंग, मिष्ठान भंडार में रखे छह सिलेंडर एक-एक कर बम धमाके के तरह फटे। इससे आग ने विकराल रूप ले लिया था। यह आगजनी घटना अगर दिन में हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित होता है**

राहगीरों और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी नुकसान हो सकता था। जानकारी के अनुसार, सरसौल जूनियर स्कूल के बाहर सरसौल बाजार रोड के किनारे-किनारे फुटपाट की जमीन पर अवैध कब्जेदारों ने दुकानें बना रखी हैं। टीन सेड लगाकर अपनी-अपनी दुकानें बना रखी है। अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित होता है।

**तहसील भेज दी गई है आकलन रिपोर्ट**

सरसौल क्षेत्रीय लेखपाल महेश द्वारा बताया कि आग कि चपेट में आई दुकानों के हुए नुकसान का आकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेज दी गई है। सभी दुकानें फुटपाट में कब्जा कर बनी हुई थी। दिन में घटना हुई होती, तो बड़ा रूप ले सकती थी। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आगरा में तीसरे चरण के मतदान से पहले बवाल, पथराव के बाद आगजनी

- फायरिंग में घायल हुई महिला

**एजेंसी। 3 मई**

**आगरा :** आगरा के लोहामंडी थाना क्षेत्र के टीला गोकुलपुरा में बृहस्पतिवार रात को पानी की टंकी पर हाथ-पैर धोते बच्चों को पीटने पर वाल्मीकि और प्रजापति समाज के लोग आमने-सामने आ गए। आधा घंटे तक जमकर बवाल हुआ। मारपीट और पथराव के बाद पार्षद पति के भाई की दुकान में आग लगा दी गई। फायरिंग भी की गई है। इसमें गोली लगने से एक महिला घायल हो गई। मारपीट में सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष भुल्ले नरवार और उनका बेटा घायल हो गए। संघर्ष की जानकारी पर 4 थानों का पुलिस फोर्स पहुंच गया। इस पर बलवाई भाग गए। पुलिस देर रात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। 6-7 लोगों को पुलिस ने पकड़ा तो लोगों ने हंगामा किया। बवाल में 6 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव, आगजनी और फायरिंग के आरोप लगाए हैं। गोकुलपुरा टीला के रहने वाले चिंकी नरवार ने बताया कि क्षेत्र में पार्षद निधि से पानी की टंकी लगी है। बृहस्पतिवार शाम 7:30 बजे टंकी पर वाल्मीकि समाज के 10-12 साल के 2-3 बच्चे हाथ-पैर धो रहे थे। टंकी के सामने ही पार्षद पति राजेश प्रजापति के भाई वीरेंद्र की परचूनी की दुकान है। आरोप है कि वीरेंद्र ने पानी फैलाने के लिए मना किया और बच्चों को पीटकर भगा दिया। जातिसूचक शब्द भी बोले। बच्चे रोते हुए अपने घर पर पहुंचे। वह अपने बेटे बल्लू सहित अन्य लोगों के साथ वीरेंद्र प्रजापति की दुकान पर आए। इसी दौरान दोनों समाज के लोग जुट गए। बताया गया है कि तमंचे, लाठी-डंडे और फरसे से लैस लोगों ने गालीगलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पथराव हो गया। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर फेंके जाने लगे। इससे अफरातफरी मच गई। कुछ लोगों ने वीरेंद्र की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लगा दी। एक स्कूटी को नाले में फेंक दिया। चंद कदम की दूरी पर पुलिस चौकी से फोर्स पहुंचा। फायरिंग भी की गई। सूचना पर आसपास के सर्किल के थानों की फोर्स पहुंच गई। इस पर बलवाई भाग गए।

**दोनों पक्ष ने लगाए आरोप**

फायरिंग में प्रजापति समाज की लक्ष्मी देवी के सीधे हाथ की कोहनी में गोली लगने की बात कही जा रही है। इस पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश प्रजापति पक्ष का कहना है कि उनसे बल्लू ने मारपीट और पथराव किया गया। उनके घरों के कैमरे तक तोड़ दिए गए। फायरिंग की गई। उधर, घायल भुल्ले और बल्लू ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। बल्लू का कहना है कि फरसे और लाठियों से हमला किया गया। फरसा मारे जाने से उसके सिर में चोट लगी है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से झटका, चुनाव लड़ना हुआ मुश्किल

**एजेंसी। 3 मई**

**इलाहाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सांसद और सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी की दायर की गई याचिका पर आज यानी 3 मई को इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. अफजाल अंसारी को कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है. हाई कोर्ट में अब उनकी याचिका पर 13 मई को सुबह 10 बजे सुनवाई होगी.हाई कोर्ट की तरफ से बढ़ाई गई तारीख की वजह से अफजाल अंसारी की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं.अफजाल अंसारी के गैंगस्टर एक्ट मामले में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सुनवाई की गई. गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट से अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट मामले में 4 साल की सजा मिली थी जिसको रद्द करने की लिए याचिका दायर की गई थी. बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में उनके परिवार ने 4 साल की इस सजा को और बढ़ाए जाने की मांग की.



**13 मई को होगी इस मामले में सुनवाई**

अफजाल अंसारी के इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट 13 मई को गवर्नमेंट अपील पीड़ित की रिवीजन के साथ सुनवाई का आदेश दिया गया है. अंसारी को गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट ने पिछले साल यानी साल 2023 में 29 अप्रैल को गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा सुनाई थी, जिसके तुरंत बाद अफजाल को जेल भेज दिया गया था. जेल जाने की वजह से उनकी लोकसभा की सदस्यता निरस्त हो गई थी. हालांकि बाद में हाई कोर्ट ने इस मामले को लेकर अंसारी को जमानत दे दी थी और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी इस सजा पर रोक लगा दी थी.

**लोकसभा चुनाव लड़ने में आ रही मुश्किल**

सुप्रीम कोर्ट के सजा पर रोक लगाए जाने के बाद अफजाल की संसद सदस्यता बहाल हो गई है. समाजवादी पार्टी ने उन्हें गाजीपुर से लोकसभा का उम्मीदवार भी बनाया है. अफजाल अंसारी को अगर इस मामले में कोर्ट की तरफ से राहत नहीं मिलती है तो फिर वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक हाई कोर्ट को इस मामले को 30 जून तक निपटाना है. लोकसभा चुनाव को और अपनी सजा को देखते हुए उन्होंने हाल ही में अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी चुनावी मैदान में उतार दिया है.

## पटना में गोलघर के पास झुग्गियों में लगी आग, गैस सिलेंडर में विस्फोट से सहमे लोग



**पटना।** राजधानी पटना के बुद्ध कॉलोनी थाना क्षेत्र के नवीन पुलिस लाइन के पास बसे झुग्गियों में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गयी। यहां आग लगने के बाद लगातार विस्फोट की आवाज आ रही है, जिससे आसपास के लोग सहमे हुए है। अगलगी की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे । गोलघर इलाके में पास की एक झुग्गी में आग लग गयी। आग ने अपने लपेटे में एक के बाद एक झुग्गियों को अपने जद में ले लिया और पछुआ हवा के कारण आग ने कुछ देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया । फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं।इस अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना अब तक नहीं है। इस अगलगी में कई घर स्वाहा हो गए। यहां तक कि झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ उड़ गए इससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई।

### फंदे से झूलती मिली छात्र की लाश, लुधियाना से आया था बीसीए की पढ़ाई करने

**पटना :** पटना के बोरिंग रोड स्थित आनंदपुरी इलाके के मां तारा बॉय हॉस्टल में एक छात्र की लाश मिली है। उसकी लाश दीवार में लटक रही थी। कुछ लोग इसे आत्महत्या कह रहे हैं। वहीं एसकेपुरी थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि कमरे में छात्र की लाश मिली है। कमरे का दरवाजा अंदर से लॉक है। एफएसएल की टीम आने के बाद दरवाजा खोला जाएगा। लुधियाना निवासी छात्र रवि कुमार उर्फ गोलू (19) पटना के बोरिंग रोड स्थित एक प्राइवेट कॉलेज से बीसीए कर रहा था। हॉस्टल के लड़कों का कहना कि आज सुबह उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला। काफी आवाज लगाने पर जब उसने प्रतिक्रिया नहीं दी तो हमलोग खिड़की से झांकने गए। वहां उसकी लाश देख दंग रह गए।

## 5 साल से तैयार है पुल, फिर भी 15 किलोमीटर घूमकर जा रहे लोग...

**एजेंसी। 3 मई**

**अररिया :** बिहार के अररिया में सरकारी योजना के नाम पर सिर्फ सरकारी पैसा बर्बाद किया जा रहा है. इसका उदाहरण आपको यहां के अधूरे बने पुल को देखने से ही पता चल जाएगा. जहां पुल तो बन गया लेकिन, किनारे से अप्रोच मार्ग नहीं बना जिसकी वजह से करोड़ों में बना पुल लोगों के किसी काम नहीं आ रहा है. आम लोगों के पैसे को सरकारी योजना के नाम पर कैसे बर्बाद किया जाता है, यह देखना हो तो अररिया जिला आ सकते हैं. यहां आज भी कई अधूरे पुल-पुलिया 10 सालों से विकास को मुंह चिढ़ा रहे हैं. अररिया-पूर्णिया फोरलेन एनएच-57 से अररिया प्रखंड के कुसियारगांव पंचायत के कोचगामा की दूरी सिर्फ 500 मीटर है. कुसियार गांव में कोसी धार पर पुल बनने के बावजूद सिर्फ एप्रोच पथ के न बनने के कारण लोगों



को 500 मीटर की दूरी 15 किलोमीटर घूमकर तय करनी पड़ती है. लोगों को कहना है कि पुल बनाने के बाद ठेकेदार बिना एप्रोच पथ बनाए काम छोड़कर भाग गए. वहीं दोनों तरफ एप्रोच पथ बन जाए उसके लिए न तो प्रशासन न ही किसी जनप्रतिनिधि ने कोई प्रयास किये. अगर यह पुल चालू हो जाता तो कोचगामा और जोकीहाट प्रखंड मुख्यालय सीधे एनएच से जुड़ जाता और करीब 5 लाख लोगों को इससे फायदा होता. वहीं बता दें कि जोकीहाट से ही मो. शाहनवाज आलम विधायक है. इस बार उन्हें राजद ने अररिया लोकसभा से अपना प्रत्याशी बनाया है. इस पुल के बन जाने से पूर्णिया जिले के रौटा और जोकीहाट के दक्षिणी एरिया की सभी पंचायतों का सीधा संपर्क एनएच 57 से जुड़ जाता और कुसियार गांव रेलवे स्टेशन आने में सुविधा होती. लेकिन, विभागीय उदासीनता के कारण यह पुल आज तक अधूरा है. कुसियार गांव में 2015 में इस पुल का शिलान्यास किया गया था, जिसकी लागत 2.56 करोड़ थी. जिसकी लंबाई 58.62 मीटर है. ठेकेदार को इसे 16 जून 2016 में ही पूर्ण कर आवागमन चालू करना था.

## बिहार के बदमाशों ने नेपाल के बैंक में डाला डाका, लूट लिए एक करोड़ 32 लाख रुपए

**एजेंसी। 3 मई**

**पूर्वी चंपारण :** बिहार के पूर्वी चंपारण में अपराधियों ने नेपाल के अपराधियों के साथ मिलकर एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया. ये लूट परसा जिले के बीरगंज स्थित ब्रह्म चौक पर नोबल बैंक में की गई. इसमें बैंक से एक करोड़ 32 लाख रुपये की लूट की गई. रुपये लूटने के बाद जो अपराधी भारत के थे वह बार्डर पारकर भारत आ गए और जो नेपाल के थे वह नेपाल में ही रुक गए. इसके बाद सभी भारतीय अपराधियों ने एक दूसरे के साथ लूट के रुपये को आपस में बांट लिया और अपने घर को निकल पड़े. लूट में शामिल एक महिला सहित दो अंतरराष्ट्रीय लुटेरा गिरोह के सदस्यों को मोतीहारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वही बैंक से लूटे गए रुपयों में से 18 लाख 23 हजार 200 और लूट में इस्तेमाल में सभी सामानों को लगभग बरामद कर लिया है.

**नेपाल को बनाया अपना सॉफ्ट टारगेट**

मोतिहारी जिले का यह गैंग नेपाल को अपना सॉफ्ट टारगेट रखता था और लूट की घटना को अंजाम देता था. वहीं जब मोतीहारी पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तीन डीएसपी रैंक के अधिकारियों को इस घटना की जांच की जिम्मेंदारी सौपी गई थी. पुलिस इस मामले की तह तक जाने के लिए दिन-रात मॉनिटरिंग करती रही. इसका परिणाम यह हुआ की मोतीहारी पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा को यह सफलता मिली और एक करोड़ 32 लाख रुपये के लूट में से 18 लाख 23 हजार रुपये बरामद किए गए.

**नेपाल-भारत सीमा पर नहीं है कोई तार**

नेपाल और भारत की जो सीमा है उस पर कहीं भी कटीली तार नहीं हैं. इससे यह अपराधी मादक पदार्थ हो या कोई भी गैर कानूनी काम हो वह धड़ल्ले से करते हैं. एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि चार दिन पहले बीरगंज के ब्रह्मा चौक स्थित नोबेल बैंक में एक करोड़ से ज्यादा की लूट हुई थी. उसके बाद तुरंत एक हुड्डी कारोबारी से भी 40 लाख रुपए की लूट हुई थी. इसको लेकर नेपाल के परसा जिले के एसपी ने मोतीहारी पुलिस से संपर्क साधा था और मोतीहारी पुलिस अधीक्षक ने यह भरोसा दिया था कि अपराधी कोई भी हो वह बचेंगे नहीं.

**दो अपराधी गिरफ्तार**

उन्होंने गुप्त सूचना पर पकड़ी दयाल एसडीपीओ सिकरहना एसडीपीओ और साथ ही रक्सौल एसडीपीओ के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बनाकर छापेमारी करने का निर्देश दिया था. इसी दौरान छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था. इस अपराधी के पास से लूट के 17 लाख 28 हजार 200 रुपये बरामद किए गए थे. जब उससे पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने एक महिला के बारे में जानकारी दी.

**इस तरह से हुआ गैंग का खुलासा**

दरपा थाना क्षेत्र के तिनकोनी में छापेमारी कर सविता देवी को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से 95000 नेपाली रुपया बरामद किया गया. जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि झरोखर से गिरफ्तार अर्जुन कुमार पर चिरैया और ढाका थाना में चोरी की घटना पर एफआईआर दर्ज है. इस तरह से एक अंतरराष्ट्रीय लुटेरा गैंग का खुलासा मोतीहारी पुलिस ने किया. दूसरी तरफ इस लूट की घटना में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

## डीएम ने जिला में होने वाले मतदान की तैयारी को लेकर किया निरीक्षण

**एजेंसी। 3 मई**

**फारबिसगंज।** अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होना है जिसको लेकर जिलास्तर पर निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, अररिया, इनायत खान द्वारा सभी पोलिंग पार्टी -सह- ईवीएम-वीवीपैट डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित गति से आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी



द्वारा डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों का ब्रीफिंग स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतदान कर्मियों के लिए हेल्प डेस्क, वाहन पार्किंग स्थल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उल्लेखीय है कि अररिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु चार विधानसभावार पोलिंग पार्टी -सह- ईवीएम-वीवीपैट डिस्पैच डिस्पैच सेंटर क्रमशः 47 रानीगंज एवं 49 अररिया विधानसभा क्षेत्र हेतु अररिया अररिया कॉलेज, 46 नरपतगंज एवं 48 फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, 50 जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र हेतु अल शम्स मिल्लिया कॉलेज अररिया तथा 51 सिकटी विधानसभा क्षेत्र एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज अररिया को बनाया गया है।

## पांचवीं शादी में फंसे रामपुर के सपा प्रत्याशी, महिला ने पुलिस से की शिकायत, कहा– धोखे से किया निकाह

**एजेंसी। 3 मई**

**रामपुर :** रामपुर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह के खिलाफ एक महिला ने आगरा के डीसीपी सिटी को तहरीर दी है। आरोप लगाया कि प्रत्याशी ने उससे निकाह किया। मगर, कुछ दिन बाद उसे घर से निकाल दिया। अब प्रत्याशी ने निर्वाचन आयोग में लगाए अपने हलफनामे में पांचवीं पत्नी का नाम लिखा है। पीड़िता ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। मामला परिवार परामर्श केंद्र भेजा गया है। शहीद नगर निवासी रुमाना परवीन बृहस्पतिवार को डीसीपी सिटी ऑफिस आईं थीं।



उन्होंने बताया कि उनका निकाह 22 अक्तूबर 2012 को मोहिब्बुल्लाह से हुआ था। वह मूलरूप से रामपुर के तहसील स्वार स्थित गांव रजानगर के रहने वाले हैं। वर्तमान में जामा मस्जिद, पार्लियामेंट हाउस 5 रेसकोर्स रोड नई दिल्ली में रहे हैं। पति और ससुराली दहेज से खुश नहीं थे। ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाने लगा। 19 अप्रैल 2015 को उसे घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। उसके एक पुत्र अहमद अमीन है। उन्हें निकाह के कुछ दिन बाद पता चला कि मोहिब्बुल्लाह ने पहले से 3 निकाह कर रखे थे।

**हत्या की जताई आशंका**

उसे पता चला है कि मोहिब्बुल्लाह लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की टिकट पर रामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग में जो पर्चा भरा है, उसमें पत्नी का नाम समरा नाज लिखा है। जबकि, उन्होंने पहले संभल की आफिया खातून, दूसरी रायबरेली की युवती, तीसरी रामपुर की नजीफा से की थी। इसके बाद उनसे निकाह किया। अब पांचवीं पत्नी संभल की समरा नाज को हलफनामे में दर्शाया है। उससे अवैध रूप से निकाह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शादियां मुस्लिम कानून के खिलाफ की हैं। यह भी कहा कि षडयंत्र में अन्य लोग लुभना, अनवार, शैफ अनवार, मोहम्मद शिवली, इकरा, अज्जत भी शामिल हैं। यह लोग उसकी हत्या कर सकते हैं। पीड़िता ने केस दर्ज करने की गुहार लगाई है।

"रामपुर के प्रत्याशी पर पांचवीं शादी का आरोप लगाया गया है। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एसीपी पूनम सिरोही को प्रार्थनापत्र की जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले में निकाह से संबंधित दस्तावेज देखे जाएंगे। पीड़िता ने हलफनामे की प्रति भी दी है।"

**सूरज राय (डीसीपी सिटी)**

"मुझे इस बारे में कुछ पता नहीं है कि किसने कहां तहरीर दी है और न ही मैं किसी को जानता हूं।"

**मोहिब्बुल्लाह (सपा प्रत्याशी, रामपुर)**

# प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें और बढ़ीं, अपहरण के नए मामले दर्ज

एजेंसी । 3 मई

**बंगलूरू :** कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही है। जनता दल (एस) के इन नेताओं के खिलाफ अब अपहरण के नए मामले दर्ज किये गये हैं। एक युवक की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। थाने में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रज्वल रेवन्ना द्वारा उसकी मां को कथित तौर पर बांधने और बलात्कार करने का वीडियो सामने आने के बाद उसका अपहरण कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार यह मामला गुरुवार की रात को दर्ज किया है। बता दें कि एच डी रेवन्ना हासन जिले के होलेनरसिपुरा निर्वाचन क्षेत्र से जद (एस) विधायक हैं। हासन से जनता दल (एस) के मौजूदा सांसद प्रज्वल पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। कथित तौर पर 33 वर्षीय सांसद से जुड़े कई वीडियो क्लिप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार थे। इस लोकसभा सीट पर 6 अप्रैल को मतदान हुआ था।



### रेवन्ना के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले दर्ज

*कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ पहले से ही होलेनारसिपुरा पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि बुधवार रात एक और शिकायत दर्ज की गई। हालांकि, गुरुवार रात दर्ज किए गए इस ताजा मामले में, मैसूर जिले के कृष्णराज नगर शहर के 20 वर्षीय शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी मां का रेवन्ना ने अपहरण कर लिया है। उन्होंने कहा कि छह साल पहले उनकी मां होलेनरासीपुरा में रेवन्ना के आवास पर काम करती थीं। तीन साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी और अपने गृहनगर लौट आई। करीब पांच दिन पहले रेवन्ना के विश्वासपात्र सतीश बबन्ना उनके घर आए और कहा कि पुलिस उनके पास पूछताछ के लिए आ सकती है और उन्हें कुछ भी नहीं बताना चाहिए।*

### अब लगा अपहरण करने का आरोप

*शिकायतकर्ता का आरोप है कि 29 अप्रैल को रात लगभग 9 बजे सतीश बबन्ना उनके घर आए और कहा कि अगर उनकी मां पकड़ी गई तो वे मुसीबत में पड़ जाएंगे और वे लोग जेल जा सकते हैं। उसके बाद वे उनकी मां को मोटरसाइकिल से लेकर चले गये। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने उन्हें नहीं पता है कि उनकी मां को कहां ले जाया गया है। हालांकि, 1 मई को उन्होंने कहा कि उन्हें उनके दोस्तों का फोन आया जिन्होंने उन्हें बताया कि एक वीडियो सामने आया है जिसमें उनकी मां को रस्सी से बांधा हुआ दिखाया गया है और प्रज्वल ने कथित तौर पर उनके साथ बलात्कार किया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी मां की जान को खतरा है और उसने यह पता लगाने के लिए पुलिस से मदद मांगी कि उसकी मां कहां है। मैसूरु ग्रामीण उपमंडल के तहत केआर नगर पुलिस ने एचडी रेवन्ना और सतीश बबन्ना के खिलाफ अपहरण, गलत तरीके से कारावास और मिलीभगत का मामला दर्ज किया है।*

# धनबाद के डॉ.अतुल वर्मा बनाये गये हिमाचल प्रदेश के डीजीपी

- **डिनोबिली स्कूल, डिगवाडीह से प्राप्त की थी प्राथमिक शिक्षा**

आवाज प्रतिनिधि । 3 मई

**धनबाद :** धनबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.पी.एन. वर्मा के बेटे डॉ.अतुल वर्मा हिमाचल प्रदेश का नया डीजीपी बनाए गए हैं। 1991 बैच के आईपीएस डॉ. अतुल ने अपनी प्राथमिक शिक्षा डिनोबिली स्कूल, डिगवाडीह (धनबाद) से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई की। एमबीबीएस की डिग्री पूरी कर वे आईपीएस बने। उनके पिता डॉ. पी.एन. वर्मा धनबाद के जाने-माने चिकित्सक थे, 2019 में उनका निधन हो गया। इधर, डॉ. अतुल के डीजीपी बनने की खबर से उनके गृहनगर धनबाद में खुशी का माहौल है। उनका घर डीडीसी आवास के पास है। फिलहाल उनके परिवार का कोई भी सदस्य यहां नहीं रहता है। हांलाकि इस आवास से डॉ.पीएन वर्मा फाउंडेशन का काम चलता है। डॉ. अतुल की तीन बहनें हैं। ये सभी अब अपने परिवार के साथ दूसरे राज्यों में रहती हैं। उनके आवास के केयरटेकर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम डॉ. अतुल की बड़ी बहन प्रो. अलका वर्मा ने उन्हें फोन कर डॉ.अतुल वर्मा हिमाचल प्रदेश को हिमाचल का डीजीपी बनाए जाने की जानकारी दी।



### डॉ. अतुल के परिवार में कई आईएएस

*डॉ. अतुल के हिमाचल प्रदेश के डीजीपी बनने की खबर सुनकर वह बेहद खुश हुए। राजेश 24 साल से इस परिवार के सदस्य हैं। डॉ. अतुल के परिवार में कई आईएएस हैं। उनके जीजा आईएएस अमरजीत सिन्हा रिटायरमेंट के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार हैं। उनके छोटे भाई तालिन कुमार भी आईएएस अधिकारी हैं। वह दिल्ली में गृह मंत्रालय में तैनात हैं। उनकी बड़ी भाभी भी आईएएस थीं। बड़े साले के बेटे आयुष सिन्हा भी आईएएस हैं। फिलहाल वह हरियाणा के यमुनानगर में तैनात हैं। डॉ. अतुल की दो बहनें डॉक्टर हैं।*

# रेप-हत्या के आरोपी के घर पीड़ित पक्ष ने लगाई आग, कई झुलसे

- **आरोपी के घर में आग लगाने के दौरान 7 से 8 लोग झुलसे**

एजेंसी । 3 मई

**दौसा :** राजस्थान के दौसा जिले में रेप और हत्या के एक आरोपी के घर में पीड़िता के रिश्तेदारों ने आग लगा दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 2 मई की रात जिस समय आग लगाई गई, उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के घर में आगजनी में शामिल लोगों में से कुछ झुलस गए हैं। दौसा पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को एक विवाहिता के साथ कथित तौर पर रेप कर उसकी हत्या कर दी गई थी और उसका शव 28 अप्रैल को बरामद किया गया था। इस मामले में आरोपी को 29 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़िता के रिश्तेदारों का एक समूह आरोपी के घर पहुंचा और वहां आग लगा दी, जिससे मकान आंशिक रूप से जल गया। मानपुर के पुलिस उपाधीक्षक दीपक मीणा ने बताया कि घटना में शामिल सात से आठ लोग झुलस गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आक्रोशित लोगों ने एक पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मीणा ने बताया कि रेप का आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच जारी है।

# मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत : कोर्ट से हफ्ते में 1 बार पत्नी से मिलने की इजाजत

- **सिसोदिया की पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी से हैं पीड़ित**

एजेंसी । 3 मई

**नई दिल्ली :** दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाला मामले में आरोपी और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई ) की हिरासत में अपनी बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने की इजाजत दे दी है।



दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक सेंट्रल नर्वस सिस्टम की बीमारी से पीड़ित हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अनुमति दी है, जिसमें मनीष सिसोदिया ने 30 अप्रैल को निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज की गई थी। आपको बता दें कि इससे 2 दिन पहले दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कोर्ट ने कहा था कि आरोपी जानबूझकर ट्रायल को लेट कर रहे हैं। सीबीआई ने पिछले साल 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया था।

### कोर्ट ने ईडी और सीबीआई से मांगा जवाब

*मनीष सिसोदिया ने कोर्ट से यह भी आग्रह किया था कि निचली अदालत के उस आदेश को जारी रखा जाए, जिसमें उन्हें अपनी बीमार पत्नी से हिरासत में सप्ताह में 1 बार मिलने की इजाजत दी गई थी। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की याचिका को स्वीकार किया। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने कहा कि अगर आदेश जारी रहता है, तो जांच एजेंसी को कोई आपत्ति नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर नोटिस जारी करते हुए ईडी और सीबीआई से जवाब मांगा है।*

## खबरें एक नजर में

### रामगढ़ में बंदूक की नोंक पर महिला को बंधक बनाकर लाखों की डकैती

**रामगढ़ :** झारखंड के वेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र के बड़गांव में अपराधियों ने हथियार के बल पर महिला को बंधक बनाकर लाखों रुपये के जेवरात व नकद की लूटपाट की। इस वारदात को अंजाम दे अपराधी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार लीला देवी अपने घर में अकेली रहती है, इनके पति सीसीएल कर्मी थे और इनका निधन पूर्व में हो चुका है। इनके दो बच्चे बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। गुरुवार रात 10 से 12 की संख्या में आए अपराधियों ने घर का मेन गेट तोड़ दिया और अकेली लीला देवी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने घर में घंटों लूटपाट मचाया और लाखों रुपए के जेवरात और नकद रुपए ले लिए। इस दौरान अपराधियों ने एक-एक कमरे की सभी अलमारी, दीवान, ट्रंक को खंगाला और उन्हें पैसे नहीं मिल रहे थे उसे दौरान कई सामानों को भी तोड़फोड़ दिया। सभी युवक 30-32 की उम्र के थे। करीब 10-15 लाख की चांदी और कैश लूट कर ले गए। अपराधी घर के सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ लेकर चले गए। देर रात डकैती की घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिली।

### तिहाड़ जेल में खाने को लेकर हुए विवाद में कैदी की हत्या

**नई दिल्ली :** दिल्ली की तिहाड़ जेल नंबर तीन में शुक्रवार को दीपक नाम के कैदी की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि एक अन्य कैदी ने विवाद होने पर हाथ से बनाए हथियार से दीपक पर हमला किया। हत्या के एक मामले में दीपक जेल में बंद था, जबकि हमला करने वाला कैदी हत्या के प्रयास में जेल में बंद है। सूत्रों के मुताबिक, खाने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तिहाड़ जेल में पहले भी ऐसे कई मामले आ चुके हैं। कुछ दिन पहले दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई। कैदियों ने एक-दूसरे पर सुए से हमला किया, जिसमें चार कैदी घायल हो गए थे। वहीं, बीते साल अप्रैल महीने में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में हत्या कर दी गई थी। बता दें कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी तिहाड़ जेल में बंद हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जासूस युवक गिरफ्तार, आईएसआई को दे रहा था गोपनीय सूचनाएं

**चंडीगढ़ :** पंजाब के होशियारपुर जिले के एक व्यक्ति को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के लिए जासूसी करने और भारत विरोधी गतिविधियों के आयोजन में एजेंसी की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस व्यक्ति पर सेना की तैनाती के बारे में संवेदनशील जानकारी प्रदान करके और अपने मोबाइल फोन से दस्तावेज और तस्वीरें प्रसारित करके भारत विरोधी गतिविधियों में सहायता करने का आरोप है। पुलिस ने गुरुवार रात होशियारपुर में एक रेलवे क्रॉसिंग के पास से हरप्रीत सिंह को पकड़ा। तरनतारन का रहने वाला यह व्यक्ति इन दिनों होशियारपुर के विजय नगर इलाके में रह रहा था। पिछले चार साल से शहर में रह रहे हरप्रीत ने कथित तौर पर विजिटर वीजा पर दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी, जहां उसकी मुलाकात आईएसआई अधिकारियों से हुई थी। वह व्हाट्सएप के जरिए आईएसआई के संपर्क में था। उसने झूठे दस्तावेजों का उपयोग करके भारतीय सिम कार्ड खरीदे और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इन सिम कार्डों के माध्यम से व्हाट्सएप और अन्य इंटरनेट एप्लिकेशन का उपयोग करने में आईएसआई अधिकारियों की मदद की।

### काला जादू का शक : ग्रामीणों ने महिला-पुरुष को जिंदा जलाया, 14 गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक व्यक्ति और महिला को गांववालों ने जिंदा जलाकर मार डाला। दरअसल, गांववालों को दोनों पर काला जादू में शामिल होने का संदेह था। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मृतकों की पहचान देउ अटलामी और जामनी तेलामी के तौर पर की गई है। बताया जाता है कि दर्जनों की संख्या में गांववालों ने बुधवार को दोनों को उनके घरों से घसीटकर बाहर निकाला और आग लगाने से पहले तीन घंटे तक उनकी पिटाई की। उनके शव को बाद में नाले में फेंक दिया गया। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस को दोनों का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी गांव बोलेपल्ली में एक के बाद एक तीन मौतें हुईं, जिसके बाद गांववालों ने इन दोनों पर काला जादू करने का संदेह जताया। इससे ग्रामीण उग्र हो गए और इनके घर पर हमला कर महिला और पुरुष की हत्या कर दी। पुलिस को दोनों की हत्या में तेलामी के पति और बेटे पर भी संदेह है। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सलमान खान के घर फायरिंग मामले के आरोपी ने फांसी लगाकर दी थी जान

- **पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि, सीसीटीवी फुटेज में मिले सबूत**

एजेंसी । 3 मई

**मुम्बई :** सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी मामले के एक आरोपी अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। अनुज ने फांसी लगाकर अपनी जान दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। बता दें कि अनुज थापन ने 1 मई को आत्महत्या की थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी की घटना के आरोपी अनुज थापन की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि उसकी मौत फांसी से हुई है। उसकी गर्दन पर चोट के निशान और दम घुटने के निशान हैं। मालूम हो कि गोलीबारी मामले में अनुज थापन को 26 अप्रैल को उसके सहयोगी सोनू बिश्नोई के साथ पंजाब से पकड़ा गया था। दोनों पर हथियार मुहैया कराने के आरोप लगे। बीते बुधवार को अनुज थापन पुलिस कस्टडी में मृत पाया गया था। उसने लॉकअप के वॉशरूम में चादर से फांसी लगा ली थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'गुरुवार शाम को बायकुला के सरकारी जेजे अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, अनुज थापन की गर्दन पर चोट के निशान और दम घुटने के निशान हैं। इससे पुष्टि होती है कि उसकी मौत फांसी लगाने से हुई।



# शिवसेना ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, बच गई जान

- **तकनीकी खराबी के कारण हुआ हादसा**

एजेंसी । 3 मई

**मुम्बई :** महाराष्ट्र में शुक्रवार को बड़ा हादसा सामने आया जिसमें शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उपनेता और स्टार प्रचारक सुषमा अंधारे को लेने आया हेलिकॉप्टर शुक्रवार को महाड में क्रैश हो गया। इस हादसे में सुषमा अंधारे और पायलट सुरक्षित हैं। यह हेलीकॉप्टर तकनीकी कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इससे पहले कि सुषमा अंधारे महाड में हेलिकॉप्टर पर चढ़तीं, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सुषमा अंधारे लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए पूरे राज्य में घूम रही हैं। वो कोंकण में बैठक कर बारामती जा रही थी। इसके लिए उन्हें लेने के लिए एक हेलीकॉप्टर महाड आया था। लेकिन सुषमा अंधारे के हेलीकॉप्टर में चढ़ने से पहले ही यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस मामले में सुषमा अंधारे ने कहा है कि वह खुश हैं। हादसे में पायलट सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जांच के बाद हादसे का कारण सामने आएगा। मालूम हो कि रायगढ़ लोकसभा सीट पर 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। इस संबंध में सुषमा अंधारे ने कहा कि एक दिन में दो या तीन बैठकें करनी पड़ती हैं। कोंकण में बैठक के बाद हम बारामती जाने के लिए हेलीपैड पर पहुंचे। हम कार से नीचे उतरे, उस समय हेलीकॉप्टर ने दो, तीन चक्कर लगाए और अचानक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



# बाल विवाह रोकने में जोधपुर प्रशासन ने झोंकी ताकत

- **अक्षय तृतीया और पूर्णिमा के दिन होता है बाल विवाह का सामूहिक आयोजन**

एजेंसी । 3 मई

**जयपुर :** राजस्थान में बाल विवाह कुप्रथा पर रोकथाम के लिए लगातार केंद्र और राज्य सरकार प्रयास कर रही हैं। बाल विवाह पर रोकथाम के लिए जोधपुर ग्रामीण जिले में व्यापक स्तर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। इसके लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों विभागों और संस्थाओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जोधपुर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर अक्षय तृतीया और पूर्णिमा के त्योहार के दौरान बाल विवाह रोकने के संबंध में त्वरित कार्रवाई करने के लिए उपयांत्रिक नागरिक सुरक्षा कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 4 मई 2024 से 4 जून 2024 तक 24 घंटे कार्यशील रहेगा। इसके दूरभाष नंबर भी जारी किया गया है। इनके माध्यम से मिली जानकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



### बाल विवाह रोकने को सतर्कता दल गठित

*जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम और तहसील स्तरीय समिति सतर्कता दलों का गठन किया गया है। साथ ही जिले में विभिन्न स्तरों पर समितियां का गठन किया गया है। इनमें ग्राम स्तरीय समिति में सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, बीट कांस्टेबल शामिल किए गए हैं। इसी प्रकार पंचायत समिति, तहसील स्तरीय समिति में संबंधित तहसीलदार, प्रधान विकास अधिकारी व एक थानाधिकारी को शामिल किया गया है। उनके साथ ही सतर्कता दल का गटन किया गया है। इसमें जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला प्रमुख, संबंधित उपखंड अधिकारी संबंधित, वृत्त अधिकारी महिला अधिकारिकता विभाग के उपनिदेशक और महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सम्मिलित हैं।*

### सरकार के बड़े अधिकारियों को भी सौंपा गया दायित्व

*आदेश के तहत यह समस्त समितियों का दल बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम में तहसील स्तर पर पद स्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों की अधिकारी, थानाधिकारी, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, महिला अधिकारिकता तथा बाल अधिकारिता विभाग के परियोजनाओं अधिकारियों पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के अध्यापकों एवं नगर परिषद, नगर पालिका के कर्मचारी जिला परिषद, समस्त पंचायत समिति सदस्यों सरपंचों और वार्ड पंचों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान का व्यापक प्रचार प्रसार का कार्य सुनिश्चित करेगी। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है। इसके अनुसार मुद्रण कार्य करने वाले समस्त व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि विवाह के निमंत्रण पत्रों में वर वधु की आयु संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त का दशार्ना होगा। इसके अलावा निमंत्रण पत्रों की एक प्रति संबंधित मजिस्ट्रेट और अन्य शासकीय अधिकारियों को निरीक्षण के समय उपलब्ध कराना होगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए पंजीकृत जोड़ो और वधुओं की जन्मतिथि को संबंधित अधिकारी को सामूहिक विवाह आयोजन की तारीख से 7 दिन पहले दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।*

# सीपीआई के कद्दावर नेता अतुल अंजान का निधन

**लखनऊ :** सीपीआई के कद्दावर नेता अतुल कुमार अंजान का 61 साल की उम्र में निधन हो गया है। लखनऊ के मेयो अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। अतुल अंजान ने 20 साल की उम्र में लखनऊ विश्वविद्यालय से छात्र राजनीति में कदम रखा। वह आगे चलकर लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ के अध्यक्ष भी चुने गए। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंजान ने चार बार छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव जीता। उन्हें वामपंथी राजनीति का बड़ा चेहरा माना जाता था। अंजान सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव थे। आज सुबह उन्होंने लखनऊ में अंतिम सांस ली। अतुल अंजान को करीब छह भाषाओं की समझ थी। अंजान ने अपनी भाषण कला के जरिए यूपी की राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल किया था।

ऑरेंज कैप
ऋतुराज गायकवाड़
चेन्नई सुपरकिंग्स
509 रन, 10 मैच

पर्पल कैप
टी नटराजन
एसआरएच
15 विकेट, 10 मैच




अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.510 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

**आईसीसी की टीम रैंकिंग जारी**

# वनडे और टी20 में भारत टॉप पायदान पर, टेस्ट में आस्ट्रेलिया फिर नंबर वन

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सालाना टीम रैंकिंग अपडेट जारी की। इसमें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष स्थान पर है, जबकि भारत ने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों, यानी वनडे और टी20 में अपना दबदबा बरकरार रखा है। मौजूदा टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मैच में भारत पर 209 रन की शानदार जीत दर्ज की



थी। उन्होंने सालाना अपडेट में भारत को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है।ऑस्ट्रेलिया के 124 अंक हो गए हैं और वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी और पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के उप विजेता भारत (120) से चार अंक आगे है। वहीं, इंग्लैंड (105) तीसरे स्थान पर है। टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका (103), न्यूजीलैंड (96), पाकिस्तान (89), श्रीलंका (83), वेस्टइंडीज (82) और बांग्लादेश (53) अपने-अपने स्थान पर काबिज हैं।। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी सीरीज शामिल हैं। भारत मुख्यतः 2020-21 में आस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के रैंकिंग के हटाए जाने से दूसरे स्थान पर खिसका। एक टीम को रैंकिंग तालिका में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं। हालांकि, सालना अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के शत प्रतिशत अंक शामिल हैं। भारत (122 अंक) ने टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान खो दिया है, लेकिन वनडे और टी20 में सबसे आगे बने हुए हैं। भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया (116) से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है।

**आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेट टीम रैंकिंग**

| स्थिति | टीम | मैच | पॉइंट | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 30 | 3715 | 124 |
| 2 | भारत | 26 | 3108 | 120 |
| 3 | इंग्लैंड | 30 | 3151 | 105 |
| 4 | दक्षिण अफ्रीका | 18 | 1845 | 103 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 22 | 2121 | 96 |
| 6 | पाकिस्तान | 17 | 1519 | 89 |
| 7 | वेस्टइंडीज | 31 | 2505 | 81 |
| 8 | श्रीलंका | 18 | 1501 | 83 |
| 9 | बांग्लादेश | 17 | 906 | 53 |
| 10 | जिम्बाब्वे | 2 | 46 | 23 |

**आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेट टीम रैंकिंग**

| स्थिति | टीम | मैच | पॉइंट | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 42 | 5117 | 122 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 34 | 3936 | 116 |
| 3 | दक्षिण अफ्रीक | 30 | 3357 | 112 |
| 4 | पाकिस्तान | 26 | 2762 | 106 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 33 | 3349 | 101 |
| 6 | इंग्लैंड | 28 | 2672 | 95 |
| 7 | श्रीलंका | 47 | 4363 | 93 |
| 8 | बांग्लादेश | 40 | 3453 | 86 |
| 9 | अफगानिस्तान | 31 | 2477 | 80 |
| 10 | वेस्टइंडीज | 32 | 2205 | 69 |

**आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट टीम रैंकिंग**

| स्थिति | टीम | मैच | पॉइंट | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 47 | 12410 | 264 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 33 | 8471 | 257 |
| 3 | इंग्लैंड | 30 | 7569 | 252 |
| 4 | दक्षिण अफ्रीका | 23 | 5749 | 250 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 45 | 11229 | 250 |

# कोलकाता ने मुंबई को दिया 170 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। 3 मई**

**कोलकाता।** मुंबई के वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 19.5 ओवर में 169 रनों पर सिमट गई. जसप्रीत बुमराह और नुवान तुषारा ने 3-3 विकेट झटके. वहीं केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए. 52 गेंद की अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के जड़े. इसके अलावा मनीष पांडे ने 42 रनों की पारी खेली. 19 ओवर के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 9 विकेट पर 167 रन हो गया है. वेंकटेश अय्यर केकेआर के लिए वन मैन आर्मी साबित हो रहे हैं. वेंकटेश 47 गेंद में 68 रनों पर पहुंच गए हैं. वह अब तक 6 चौके और 3 छक्के लगा चुके हैं. 18वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सिर्फ दो रन दिए और दो विकेट चटकाए. रमनदीप दो और स्टार्क शून्य पर आउट हुए. 18 ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 9 विकेट पर 155 रन है. हार्दिक पांड्या ने 17वां ओवर किया. इस ओवर में 20 रन आए और दो विकेट गिरे. पहले मनीष पांडे को हार्दिक ने आउट किया और फिर आंद्रे रसेल रन आउट हो गए. 17 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर 7 विकेट पर 153 रन है. हार्दिक पांड्या ने कोलकाता को छठा झटका दिया. मनीष पांडे 31 गेंद में 42 रन बनाकर आउट हुए. हार्दिक ने उन्हें कैच आउट कराया. अब आंद्रे रसेल बैटिंग के लिए आए हैं. 15 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर 5 विकेट पर 128 रन है. वेंकटेश अय्यर 35 गेंद में 49 रनों पर हैं. वह 5 चौके और एक छक्का लगा चुके हैं. मनीष पांडे 26 गेंद में 34 रन पर हैं. पांडे दो चौके और एक छक्का जड़ चुके हैं. 13वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने सिर्फ 3 रन दिए. अब केकेआर का स्कोर 5 विकेट पर 109 रन है. वेंकटेश अय्यर 31 गेंद में 44 रनों पर हैं. वह 5 चौके और एक छक्का लगा चुके हैं. मनीष पांडे 18 गेंद में 20 रन पर हैं. दोनों के बीच 41 गेंद में 52 रनों की साझेदारी हो चुकी है. 12वें ओवर में गेराल्ड कोएत्जी ने 15 रन दिए. अब केकेआर का स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया है. वेंकटेश अय्यर 29 गेंद में 43 रनों पर पहुंच गए हैं. वह 5 चौके और एक छक्का लगा चुके हैं. वहीं मनीष पांडे 14 गेंद में 18 रन पर हैं. दोनों के बीच 35 गेंद में 49 रनों की साझेदारी हो चुकी है. 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आठ रन दिए. अब केकेआर का स्कोर 5 विकेट पर 91 रन हो गया है. वेंकटेश अय्यर 25 गेंद में 30 और मनीष पांडे 12 गेंद में 16 रन पर हैं. दोनों के बीच 29 गेंद में 34 रनों की साझेदारी हो चुकी है. 10 ओवर के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 5 विकेट पर 83 रन है. वेंकटेश अय्यर 20 गेंद में 23 और मनीष पांडे 11 गेंद में 15 रन पर हैं. दोनों के बीच 23 गेंद में 26 रनों की साझेदारी हो चुकी है. 9 ओवर के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 5 विकेट पर 72 रन है. केकेआर ने तूफानी शुरूआत की कोशिश की थी, लेकिन लगातार विकेट गिरने से अब वे दबाव में हैं. वेंकटेश अय्यर 17 गेंद में 19 और मनीष पांडे आठ गेंद में 9 रन पर हैं. 8 ओवर के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन है. वेंकटेश अय्यर 14 गेंद में 17 रन पर हैं. वहीं मनीष पांडे पांच गेंद में सात रन पर हैं. दोनों संयम से खेल रहे हैं. सातवें ओवर में 58 के स्कोर पर कोलकाता ने पांचवां विकेट गंवा दिया है. रिंकू सिंह को पीयूष चावला ने आउट किया. वह आठ गेंद में 9 रन ही बना सके. अब मनीष पांडे इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए हैं. 6 ओवर के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 4 विकेट पर 57 रन है. वेंकटेश अय्यर आठ गेंद में 13 और रिंकू सिंह सात गेंद में 9 रन पर हैं. इन दोनों से केकेआर को एक बड़ी साझेदारी की उम्मीद रहेगी. पांचवें ओवर की पहली गेंद पर सुनील नरेन ने छक्का मारा. हालांकि, अगली गेंद पर हार्दिक पांड्या ने उन्हें बोल्ड आउट कर दिया. फिर इस ओवर में रिंकू सिंह ने दो चौके जड़ दिए. नरेन आठ गेंद में आठ रन बनाकर आउट हुए. 4 ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 3 विकेट पर 37 रन है. वेंकटेश अय्यर ने गेराल्ड कोएत्जी के ओवर में 2 चौके मारे. वहीं सुनील नरेन छह गेंद में दो रन पर हैं. मुंबई को नुवान तुषारा मे तीनों सफलता दिलाई. नुवान तुषारा ने तीसरे ओवर में कोलकाता को दो झटके दिए. पहले उन्होंने अंगकृश रघुवंशी को आउट किया और फिर श्रेयस अय्यर को भी पवेलियन भेज दिया. अय्यर चार गेंद में छह रन ही बना सके. 3 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर 3 विकेट पर 28 रन है।



## मुंबई की शानदार गेंदबाजी

मैच में मुंबई इंडियंस की ओर से शानदार गेंदबाजी हुई. पहले नुवान तुषारा ने 3 विकेट झटक कर ङङफ की बल्लेबाजी की कमर तोड़ कर रख दी थी. इस बीच जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट लिए, जिसके कारण बुमराह अब क्ढछ 2024 में पर्पल कैप की रेस में सबसे ऊपर पहुंच गए हैं. उन्होंने मौजूदा सीजन में कुल 17 विकेट ले लिए हैं. कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके. पीयूष चावला ने शानदार कैच पकड़ कर रिंकू सिंह के रूप में एक बल्लेबाज को आउट ।

**स्कोर बोर्ड**

कोलकाता नाइट राइडर्स 169/10 (19.5 ओवर)

| | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट के तिलक बो तुषारा | 5 | 3 | 1 | 0 |
| सुनील नारायण बो हार्दिक | 8 | 8 | 0 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी के सूर्यकुमार बो तुषारा | 13 | 6 | 0 | 2 |
| श्रेयस अय्यर के डेविड बो तुषारा | 6 | 4 | 1 | 0 |
| वेंकटेश अय्यर बो बुमराह | 70 | 52 | 6 | 3 |
| रिंकू सिंह के & बो चावला | 9 | 8 | 2 | 0 |
| मनीष पांडे के सब. (डी ब्रेविस) बो हार्दिक | 42 | 31 | 2 | 2 |
| आंद्रे रसल रन आउट (तुषारा/हार्दिक) | 7 | 2 | 0 | 1 |
| रमनदीप सिंह के कोएत्जी बो बुमराह | 2 | 4 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क बो बुमराह | 0 | 2 | 0 | 0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** (बा5, लेबा1, वा3,नोबा1,पी0) 7 रन कुल 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन, **विकेटों का पतन** : 1-7, 2-22, 3-28, 4-43, 5-57, 6-140, 7-153, 8-155, 9-155, 10-169, **गेंदबाजी**: नुवान तुषारा 4-0-42-3, जसप्रीत बुमराह 3.5-0-18-3, जेराल्ड कट्जी 2-0-24-0, हार्दिक पंड्या 4-0-44-2, नमन धीर 3-0-25-0, पीयूष चावला3-0-15-1

## बैडमिंटन : न थॉमस कप और ना ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक

### महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी हारी



**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया।दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली। उयुगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं। इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।गुरुवार को जापान के खिलाफ अश्मिता को अया ओहरी के खिलाफ 10-21, 22-20, 15-21 से हार मिली। बीस साल की ईशारानी दुनिया की पूर्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा से 15-21, 12-21 से हार गईं। युगल में प्रिया और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा ने 21-8, 21-9 से हराया।




चास मेन रोड, चंद्रा टॉकीज के पास, फर्स्टक्राई स्टोर के बगल में चास
9263001480 / 9263001481

## चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे कार्लोस अल्काराज

**एजेंसी। 3 मई**



**रोम।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की।इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गयी थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा, मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ। जांच के बाद चोट का पता चला। दुर्भाग्य से इसके कारण मैं रोम में नहीं खेल पाऊंगा। मुझे आराम की जरूरत है ताकि मैं चोट से उबर सकूं और बिना किसी दर्द के खेल सकूं।

*मुक्केबाजी चैंपियनशिप : युवा मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी*

## 4 भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों मादेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी



शुरूआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी।

## श्रीनाथ, नितन मेनन और मदनगोपाल होंगे टी20 विश्व कप के लिए मैच अधिकारी

**एजेंसी। 3 मई**

**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की।इसमें 20



अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं।मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूनार्मेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार आईसीसी महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, ह्यह्यहमने अनुभवी मैच अधिकारियों को चुना है, हमें अपनी टीम पर गर्व है। हमें भरोसा है कि हमारे अधिकारी मजबूत प्रदर्शन करेंगे।

## भारत टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा

*एजेंसी। 3 मई*

***बेंगलुरु।*** *भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा।वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा।इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी।इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेला जायेगा।सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा।*

## मार्केट सूचकांक

**भारतीय**

निफ्टी 22475.85 -172.35

सेंसेक्स 73878.15 -732.96

**अमेरिका**

नैस्डेक 16,116.56 +277.00

डाओ जोंस 38,734.05 +510.38

**यूरोप**

FTSE 8,217.38 +43.36 BRITAIN

CAC 7,974.24 +58.79 FRANCE

**एशिया**

NIKKEI 225 38,236.07 -37.98 JAPAN

शंघाई 3,104.82 -8.22 CHINA

**कमोडिटी**

सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति 70,250.00 -486.00

चांदी प्रति किलो 79,714.00 -236.00

अल्यूमीनियम प्रति किलो 240.45 +6.25

तांबा प्रति किलो 854.00 +8.70

लेड प्रति किलो 0.00 -190.80

जिंक प्रति किलो 0.00 -259.65

मेंथा तेल प्रति लीटर 0.00 -950.00

**मुद्रा**

डॉलर प्रति रुपये 83.4115 +0.0049

पाउंड प्रति रुपये 104.8145 +0.2338

यूरो प्रति रुपये 89.9047 +0.4103

दीनार प्रति रुपये 271.3474 +0.1969

रियाल प्रति रुपये 22.2370 -0.0023

ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये 55.2946 +0.4874

सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये 61.8294 +0.2204

दिरहम प्रति रुपये 22.7131 +0.0045

**क्रूड ऑयल**

डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $ 78.70 -0.25

ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $ 83.79 +0.06

मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $ 83.83 -0.14

# 1,800 मेगावाट के कर्ज में डूबी केएसके महानदी थर्मल पावर

## 26 कंपनियां खरीदने के लिए लाइन में लगीं

- **जिंदल, अडानी से लेकर स्वान एनर्जी, वेदांता, कोल इंडिया और एनटीपीसी भी शामिल**

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी 1,800 मेगावाट की केएसके महानदी थर्मल पावर को खरीदने के लिए 26 कंपनियां लाइन में लगी हैं. इनमें जिंदल, अडानी से लेकर स्वान एनर्जी, वेदांता, कोल इंडिया और एनटीपीसी भी शामिल हैं. बता दें, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने हाल ही में थर्मल पावर की नीलामी पर से लगी रोक हटा दी है. जिससे बोली के नए दौर का रास्ता साफ हो गया है. परियोजना पर ऋणदाताओं का कुल दावा लगभग 32,000 करोड़ रुपये आंका गया है. यह प्रोजेक्ट इनसॉल्वेंसी प्रोसेस के तहत नीलामी के फ्रेश राउंड से गुजर रहा है. एनसीएलटी ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट सौंपने के लिए 26 अप्रैल तक का समय दिया था लेकिन इसके लिए 18 जून तक रिजॉल्यूशन प्लान सौंपा जा सकता है.



### कंपनियां पहले भी लगा चुकी हैं बोली

इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बारे में अडानी पावर, एनटीपीसी, कोल इंडिया, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, वेदांता और स्वान एनर्जी ने ईमेल का जवाब नहीं दिया. जिंदल पावर के एमडी के मुताबिक, जिंदल पावर लिमिटेड बिजली क्षेत्र में संकटग्रस्त एसेट्स को खरीदने के अवसर तलाश रही है. छत्तीसगढ़ में स्थित 1,800 मेगावाट क्षमता वाला केएसके महानदी ऐसा ही एक प्लांट है, जिसे वो खरीदना चाहते हैं. एनसीएलटी ने केएसके महानदी और उसकी दो सहायक कंपनियों की बिक्री पर जून 2022 में रोक लगा दी थी. इंडस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि इस दौर में प्रोजेक्ट को बेहतर वैल्यू मिलने की उम्मीद है. अडानी पावर, जिंदल पावर और वेदांता समेत कई कंपनियों ने पहले दौर की नीलामी में भी बोली लगाई थी.

### क्यों मची है होड़!

जानकारी के मुताबिक, ङरङ महानदी का पावर प्लांट चालू है और हाल में देश में थर्मल पावर कैपेसिटी को रिवाइव करने के प्रयास किए जा रहे हैं. यही कारण है कि कंपनियां ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए बोली लगाने में रुचि दिखा रही हैं. प्रोजेक्ट के स्टेकहोल्डर्स चाहते थे कि प्रोजेक्ट से जुड़ी दो कंपनियों केएसके महानदी वॉटर और रायगढ़ चंपा रेल को कंसोलिडेट किया जाए. केएसके महानदी वॉटर इस प्रोजेक्ट तक पानी की एक पाइपलाइन ऑपरेट करती है जबकि रायगढ़ चंपा रेल प्रोजेक्ट तक कच्चा माल ले जाती है. लेकिन देरी होने के कारण ढउछळ ने ने केएसके महानदी प्रोजेक्ट को स्टैंडअलोन बेसिस पर इनसॉल्वेंसी में भेजने पर सहमति जताई है.

### इनके पास भी है हिस्सेदारी

जब इस कंपनी को पहली बार नीलामी के लिए रखा गया था, तो पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और इसकी सहायक कंपनी आरईसी ने तकनीकी भागीदार के रूप में एनटीपीसी के साथ मिलकर इन्सॉल्वेंसी रेजोल्यूशन पेश किया था. हालांकि, उनके इस प्रस्ताव को निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने खारिज कर दिया था. फिर भी इन्हे एनटीपीसी से बोली लगाने के लिए हरी झंडी मिल गई.

### रइकने दिया था लोन

रइकइस प्रोजेक्ट को लोन देने वाला सबसे बड़ा बैंक था. मार्च में छह एसेट कंस्ट्रक्शन कंपनियों (अफ्ङ) ने 55 फीसदी कर्ज ले लिया था. इसमें आदित्य बिड़ला और कोटक महिंद्रा समर्थित एआरसी शामिल हैं. एआरसी की बात करें तो आदित्य बिड़ला एआरसी के पास केएसके महानदी पावर से प्राप्त दावों में सबसे अधिक 33.38% हिस्सा है. एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड की हिस्सेदारी 11.98% है.

# इनकम टैक्स नियमों में बदलाव की रिपोर्ट को वित्त मंत्री ने बताया अफवाह

## सेंसेक्स में आई थी बड़ी गिरावट

**एजेंसी। 3 मई**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स नियमों में बदलाव की खबरों को अफवाह करार दिया है. इन खबरों को सेंसेक्स में शुक्रवार को आई बड़ी गिरावट की एक वजह माना जा रहा था. रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार कार्यभार संभालने के साथ ही टैक्स में कमी को रोकने, जुर्माने के प्रावधान और सभी एसेट पर यूनिफॉर्म टैक्स लागू कर सकती है. फिलहाल एसेट पर अलग-अलग टैक्स का प्रावधान है. निर्मला सीतारमण ने एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं आश्चर्यचकित हूं कि यह बातें कहां से आ रही हैं. इन्हें चेक क्यों नहीं किया जाता. यह कोरी अफवाह के सिवाय कुछ नहीं है. चैनल ने ट्वीट कर दावा किया था कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट नए नियम लाने की तैयारी में जुटा हुआ है. फिलहाल शेयर और इक्विटी आधारित म्युचुअल फंड से होने वाले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स के 1 लाख रुपये से ज्यादा होने पर 10 फीसदी के रेट से टैक्स लगता है. उधर, एफडी से होने वाली आय पूरी तरह टैक्स के दायरे में आती है.

### एपल के सीईओ टिम कुक बोले

# हम भारत में एपल के प्रदर्शन से बहुत खुश



एपल के सीईओ टिम कुक

**नई दिल्ली।** एपल के सीईओ टिम कुक ने भारत में कंपनी के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में भारत में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि इस दौरान एपल के ओवरऑल कुल राजस्व में 4% की गिरावट आई है। आईफोन की बिक्री भी 10% घटी है। टिम कुक ने कहा, ₹हम भारत में दोहरे अंकों में मजबूत हुए और इसलिए हम इससे बहुत खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही के राजस्व का नया रिकॉर्ड है। जैसा कि मैंने पहले कहा है, मैं भारत को अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार के रूप में देखता हूं और यह हमारे लिए एक प्रमुख फोकस का क्षेत्र है। एपल के मुख्य वित्तीय अधिकारी लुका माएस्ट्री ने कहा, ₹हम उभरते बाजारों में अपनी मजबूत गति से विशेष रूप से खुश हैं। हमने लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और तुर्की सहित कई देशों और क्षेत्रों में पहली छमाही में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। लुका माएस्ट्री ने कहा, ₹हम खुश हैं क्योंकि ये ऐसे बाजार हैं जहां हमारी बाजार हिस्सेदारी कम है, आबादी बड़ी है और बढ़ रही है, और हमारे उत्पाद वास्तव में उन बाजारों में बहुत प्रगति कर रहे हैं। ब्रांड के लिए उत्साह का स्तर बहुत अधिक है।

# अडानी समूह की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस



**नयी दिल्ली।** अडानी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है। बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के साथ अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडानी पावर, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी टोटल गैस और अडानी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी टोटल गैस और अडानी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है। समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी ने सेबी का नोटिस मिलने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

# एफएसएसएआई अब मसालों के साथ-साथ फल-चावल सब्जियों और दूध सहित कई प्रोडक्ट्स पर रखेगा पैनी नजर

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने भारत के बाजारों में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी प्रोडक्ट्स और मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों पर निगरानी शुरू करने की योजना बनाई है. ब्रांडेड मसालों में मानदंडों के कथित उल्लंघन की जांच शुरू करने के बाद ये नया कदम एफएसएसएआई ने उठाया है.

**फल और सब्जियों पर भी रखेगा नजर :** सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) फल और सब्जियों, मछली उत्पादों, मसालों और पाक जड़ी-बूटियों, पोषक तत्व से समृद्ध किये गये चावल, दूध और दुग्ध उत्पाद में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों पर निगरानी की योजना बना रहा है.

**सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग से आई थी खबरें :** सिंगापुर और हांगकांग ने क्वालिटी से जुड़ी चिंताएं जताई थीं जिनको देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही देशभर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांड के पाउडर के रूप में मसालों के नमूने ले रहा है. एक सूत्र ने 22 अप्रैल को कहा था, मौजूदा घटनाक्रम को देखत हुए, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं.



सांकेतिक तस्वीर

### एवरेस्ट और एमडीएच के कुछ मसालों पर उठे सवाल

पिछले महीने की शुरूआत में, हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने कंज्यूमर्स से एमडीएच के मद्रास करी पाउडर (मद्रास करी के लिए मसाला मिश्रण), एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर और एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर को न खरीदने और व्यापारियों को न बेचने के लिए कहा था. सीएफएस ने कहा था कि दो भारतीय ब्रांड के कई प्रकार के प्री-पैकेज्ड मसाला-मिश्रण उत्पादों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया था. सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने भी ऐसे मसालों को वापस मंगाने का निर्देश दिया है. हांगकांग के निर्देश के बाद सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने भी भारत से आयातित 'एवरेस्ट फिश करी मसाला' को वापस मंगाने का आदेश दिया. पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक बेबी अनाज के अखिल भारतीय नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है.

# बोइंग व्हिसलब्लोअर की मौत रिपोर्ट में कहा गया- 'अचानक तेजी से फैला संक्रमण'

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बोइंग के आपूर्तिकर्ता स्पिरिट एयरोसिस्टम्स के पूर्व गुणवत्ता ऑडिटर जोशुआ डीन का मंगलवार को 45 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दावा किया गया है कि डीन की मौत के लिए ₹अचानक और तेजी से फैलने वाला संक्रमण₹ जिम्मेदार है। इससे पहले बोइंग के एक अन्य व्हिसलब्लोअर जॉन बार्नेट की मौत हो गई थी, जिन्होंने कथित तौर पर दो महीने पहले आत्महत्या कर ली थी।

डीन दो हफ्ते पहले सांस लेने में तकलीफ के कारण बीमार पड़ गए थे। ईसीएमओ मशीन सहित अन्य चिकित्सकीय इंतजामों के बावजूद डीन बच नहीं सके। उन्होंने मरने से पहले कुछ दिनों तक संघर्ष किया। डीन बोइंग के 737 मैक्स विमानों में महत्वपूर्ण विनिर्माण दोषों से जुड़ी चिंताओं को उठाने वाले पहले लोगों में से एक थे।

डीन बोइंग के 737 मैक्स विमानों में महत्वपूर्ण विनिर्माण दोषों की अनदेखी करने वाले स्पिरिट नेतृत्व के बारे में चिंताओं को उठाने वाले पहले लोगों में से एक थे। उन्होंने अपनी टिप्पणियों का दस्तावेजीकरण किया, जिसमें पिछाड़ी दबाव बल्कहेड में अनुचित तरीके से ड्रिल किए गए छेद शामिल हैं - केबिन दबाव बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक। स्पिरिट ने अप्रैल 2023 में डीन को निकाल दिया, उनका मानना था कि विमान की खामियों को उजागर करने के लिए उनसे बदला लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार डीन और बार्नेट की मौत लगभग एक ही समय पर हुई है। बार्नेट 787 ड्रीमलाइनर से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को उजागर करने के लिए प्रतिशोध के रूप में किए गए मुकदमे में उलझे हुए थे।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हाई कोकिंग कोल | 208.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 156 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 151 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 150 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

### कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 350 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 335 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 325 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 320 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# देश के खनन क्षेत्र में बीते वित्त वर्ष 7.5 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** देश के खनन क्षेत्र में बीते वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। इस दौरान लौह अयस्क और चूना पत्थर के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मार्च में खनिज उत्पादन सूचकांक सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 156.1 रहा। बयान के अनुसार, चूना पत्थर का उत्पादन भी वित्त वर्ष 2022-23 के 40.65 करोड़ टन के उत्पादन आंकड़े को पार कर लिया। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 10.7 प्रतिशत बढ़कर 45 करोड़ टन रहा। लौह अयस्क और चूना पत्थर की उत्पादन वृद्धि इस्पात और सीमेंट जैसे संबंधित उद्योगों में मजबूत मांग दिखाती है।

अलौह धातु क्षेत्र में प्राथमिक एल्यूमीनियम का उत्पादन 2023-24 के दौरान बढ़कर 41.59 लाख टन हो गया, जो 2022-23 में 40.73 लाख टन था।



चूना पत्थर और इनसेट में लौह अयस्क

## धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 12,000 |
| लो एश 30% | 13,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 12,000 |
| 65% FC | 14,500 |
| 70% FC | 16,500 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

# आरबीआई : 7961 करोड़ रुपये के 2000 के नोटों का बैंकिंग सिस्टम में लौटना बाकी

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर आरबीआई ने कहा है कि 30 अप्रैल 2024 तक 2000 रुपये के नोटों का सकुर्लेशन 29 मार्च 2024 को 8202 करोड़ रुपये से घटकर 7961 करोड़ रुपये पर आ गया है. आरबीआई ने बताया कि 30 अप्रैल तक कुल 97.76 फीसदी 2000 रुपये के नोट्स बैंकिंग सिस्टम में वापस लौट चुका है. भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बयान जारी कर बताया कि 19 मई 2023 को आरबीआई ने 2000 रुपये के नोटों को सकुर्लेशन से वापस लेने का एलान किया था. उस समय बैंकिंग सिस्टम में कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के वैल्यू के 2000 रुपये के नोट्स सकुर्लेशन में मौजूद थे. 30 अप्रैल 2024 को ये घटकर 7961 करोड़ रुपये अब रह गया है. यानि 2.73 लाख करोड़ रुपये के 2000 रुपये के नोट्स बैंकिंग सिस्टम में डिपॉजिट कराया जा चुका है. यानि केवल 2.24 फीसदी नोटों का लौटना अभी बाकी है. आरबीआई ने बताया कि 19 मई 2023 से ही उसके 19 इश्यू ऑफिसेज में 2000 रुपये के नोटों के एक्सचेंज की सुविधा शुरू कर दी गई थी. आरबीआई ने बताया कि 2000 रुपये के नोट को डिपॉजिट करने या उसे एक्सचेंज करने की फैसिलिटी 7 अक्टूबर 2023 तक सभी बैंकों में उपलब्ध थी. 9 अक्टूबर 2023 से आरबीआई के दफ्तर व्यक्ति या इकाई से भी 2000 रुपये के नोट को स्वीकार कर उनके बैंक खाते में डिपॉजिट कर रहे हैं. आरबीआई ने बताया कि इसके अलावा आम लोग पोस्ट ऑफिसेज के जरिए भी 2000 रुपये के नोट को भेजकर अपने बैंक अकाउंट में डिपॉजिट कर रहे हैं. इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आरबीआई के दफ्तर आने की आवश्यता नहीं है. आरबीआई एक बार फिर यसे ये साफ किया है कि 2,000 रुपये का बैंक नोट लीगल टेंडर बना रहेगा. 9 मई, 2023 को आरबीआई ने 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने का ऐलान करते हुए कहा था कि क्लीन नोट पॉलिसी के तहत आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट्स को सकुर्लेशन से वापस लेने का फैसला किया है.



# क्या है जेनोफोबिक, अमेरिका ने क्यों भारत पर लगाया आरोप !



**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का भारत और चीन को लेकर जेनोफोबिक वाला बयान चर्चाओं में है। बाइडेन एक रैली में कहा था, भारत, चीन, रूस और जापान जेनोफोबिक देश हैं. जेनोफोबिक उनको कहा जाता है, जो बाहरी लोगों से नफरत करते हैं. यानी बाइडेन ने भारत को एक ऐसा देश कहा है, जो दूसरे देशों के लोगों से नफरत करता है. बाइडेन के मुताबिक, चीन, जापान और भारत में जेनोफोबिया की वजह से ही डवलेपमेंट नहीं हो पा रहा है. ये देश जेनोफोबिया की भावना की वजह से माइग्रेशन के नाम से डरते हैं।

## क्या है जेनोफोबिया का मतलब !

*कैंब्रिज डिक्शनरी के अनुसार, जेनोफोबिया का अर्थ विदेशियों, उनके रीति-रिवाजों, उनके धर्मों आदि को नापसंद करना या उनसे डरना से है. मरियम-वेबस्टर के अनुसार, जेनोफोबिया का मतलब -अजनबियों या विदेशियों या किसी भी अजीब या विदेशी चीज से डर और नफरत है. दूसरे शब्दों में कहें तो विदेशी लोगों को नापसंद करना जेनोफोबिया कहलाता है।*

## इस साल चुनाव, इसलिए दे रहे ऐसे बयान !

*अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति का चुनाव है. बुधवार को बाइडेन एक रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने अप्रवासियों का मुद्दा उठाते हुए कहा, हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक मुख्य कारण आप लोग हैं. हम बाहरी लोगों का स्वागत करते हैं, लेकिन कई देश ऐसे लोगों को बोझ समझते हैं. चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है, जापान को परेशानी क्यों हो रही है, रूस को क्यों दिक्कत है, भारत क्यों नहीं बढ़ रहा है, क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं. वे अप्रवासियों को नहीं चाहते, लेकिन सच ये है कि आप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं. दरअसल चुनाव के लिए माइग्रेशन एक बड़ा मुद्दा बन गया है. बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप की अप्रवासी विरोधी बयानबाजी की भी निंदा की है. बाइडेन का कहना है कि प्रवासी परेशानी का सबब नहीं, हमारी अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं।*

# पहली बार भारत से खौफजदा होकर यूएन में इस तरह फूट-फूट कर रोया पाकिस्तान

**एजेंसी। 3 मई**

**संयुक्त राष्ट्र :** कभी आतंकियों के दम पर भारत को बात-बात में गीदड़भभकी देने वाला पाकिस्तान मोदीराज में इस कदर खौफजदा हो गया है कि वह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अजीबोगरीब शिकायतें करने पहुंच गया। भारत के खिलाफ शिकायतों की लंबी लिस्ट लिए पाकिस्तान को यूएन में गिड़गिड़ाते और रोने के अंदाज में शिकायतें करते देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस बार पाकिस्तान की शिकायतें भी अजब-गजब की थीं। आइए अब आपको बताते हैं कि पीएम मोदी की सरकार से पाकिस्तान क्यों इतना डरा और घबराया हुआ है...?पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर भारत की लंबी-चौड़ी



शिकायत की है। इसमें पाकिस्तान ने भारत पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा संबंधी शिकायतें करते हुए बुनियादी मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि हमें ऐसे सुबूत मिले हैं कि भारत पाकिस्तान में क्षेत्रीय और न्यायेत्तर हत्याएं करवा रहा है। इसमें पड़ोसी ने अपने देश में हुई कई हत्याओं का जिक्र भी किया है, जिनकी किसी अज्ञात हमलावरों ने अलग-अलग जगहों पर पूर्व के दिनों में हत्या कर दी थी।

## पाकिस्तान ने लगाया ये बेबुनियाद आरोप

*पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ शिकायत में कहा है कि उक्त हत्याएं अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन हैं। इससे पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के साथ मानवाधिकार के मामले भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि इन जघन्य मामलों में हमने जो गिरफ्तारियां की हैं, उनसे एक ऐसे नेटवर्क का पता चलता है, जिसमें भारतीय नागरिकों के साथ किसी तीसरे देश के एजेंट शामिल हैं। पाकिस्तान का आरोप है कि भारत इसके लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भर्ती अभियान चलाकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिलवा रहा है।*

## शिकायत में हरदीप निज्जर की हत्या का भी जिक्र

*संयुक्त राष्ट्र में अपना रोना रोते वक्त पाकिस्तान ने कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भी जिक्र किया और कहा कि भारतीय एजेंटों की ऐसी कार्रवाइयां सिर्फ पाकिस्तान तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि कनाडा समेत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैली हुई हैं। इसमें अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश का मामला भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान कनाडा और अमेरिका के जिन मामलों का जिक्र कर रहा है, भारत उन आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है और इसमें उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित किया है।*

## पाकिस्तान में बस दुर्घटना २० की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली।** *पाकिस्तान में सुबह सुबह एक पहाड़ी इलाके में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में जा गिरी। बस में बैठे 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं 21 लोग अभी घायल हैं। उत्तर पश्चिम पाकिस्ताान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार कई लोगों जख्मी हो गए। लगभग 15 लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं कई शव को बरामद किया गया है। सूत्रों की मानें तो मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है।बस में 43 लोग सवार थे।*

# भारत- अमेरिकी समूह ने अमृतसर के विकास के लिए दिए 100 मिलियन डॉलर

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** प्रवासी भारतीयों ने भारतीय शहर के विकास के लिए पहली पहल की है। इसके तहत उन्होंने अमृतसर के सामाजिक और आर्थिक विकास के स्टार्टअप के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की है।फिडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज



(फिक्की) और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से, अमेरिका में रहने वाले प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों और भारतीयों के एक समूह ने वाशिंगटन के मैरीलैंड उपनगर में अपनी पहली बैठक की। जिसमें अमृतसर के विकास के लिए समिति का गठन करेंगे। इसके लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू जो कि वापस अमृतसर लौट आए हैं, उन्होंने इसकी शुरूआत की है। अमृतसर आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है।

# पाकिस्तान : सीपीईसी पर काम कर रहे चीनी नागरिकों की जान को खतरा

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर कुछ समय से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। हमले में अनेकों चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। ड्रैगन अपने लोगों के मारे जाने पर गुस्से में है। बताया जा रहा है कि उसने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई है। वहीं, अब भारत के पड़ोसी देश ने चीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक नया




कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने चीनी नागरिकों को बिना बख्तरबंद वाहन के प्रांत में यात्रा नहीं करने का आदेश दिया है।

## सुरक्षा प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं होगा : पाकिस्तान

*पाकिस्तान प्रशासन का स्पष्ट तौर पर कहना है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हाल ही में चीनी नागरिकों को बुलेट प्रूफ वाहन के अलावा किसी भी वाहन में यात्रा करने से एक तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हजारा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ताहिर अयूब खान ने कहा, 'हम चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपायों को अपना रहे हैं। इन लोगों को सरकार के निदेशों के अनुसार बिना बख्तरबंद वाहनों के प्रांत में यात्रा नहीं करनी चाहिए।*

# स्वीडन में फिर जलाई जाएगी कुरान, पुलिस ने दी मंजूरी





**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** स्वीडन में अधिकारियों ने एक बार फिर मुसलमानों की पवित्र किताब कुरान जलाने की अनुमति दी है, जिसके बाद तनाव चरम पर है. यह जानकारी तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने दी है. अनादोलू के मुताबिक, दक्षिणी स्वीडन की माल्मो पुलिस ने यह मंजूरी दी है. शुक्रवार को शहर के गुस्ताव्स एडोल्फ्स टॉर्ग चौराहे पर कुरान जलाए जाएंगे. इस कार्यक्रम को ऐसे समय में मंजूरी दी गई है, जब माल्मो शहर यूरोविजन सप्ताह गीत प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी कर रहा है. पुलिस के कमांडिंग अफसर पेर यंगस्ट्रॉम ने कुरान जलाने के फैसले के बाद यूरोविजन सप्ताह में चुनौती बढ़ने की बात कही है. स्वीडिस मीडिया के मुताबिक, प्रदर्शन को आयोजित करने वाले आयोजक पहले भी ऐसा करते आए हैं. स्वीडिस में कुरान जलाने का पुराना इतिहास रहा है. इसके अलावा शनिवार को कुरान जलाने के एक और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पुलिस को आवेदन मिला है. स्वीडन में इसके पहले भी कुरान जलाने की घटनाएं हुई हैं, जिसकी वजह से कई मुस्लिम देशों और स्वीडन के बीच तनाव है।

## कानून बनाने पर विचार कर रहा स्वीडन

*डेनमार्क ने पिछले साल दिसंबर महीने में एक आदेश जारी किया था, जिसके आधार पर सार्वजनिक स्थलों पर कुरान की प्रतियों को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया. स्वीडन भी अब इसी तरह के कानूनी विकल्प तलाश रहा है, जिससे देश की पुलिस को तनाव का सामना नहीं करना पड़े. इसके अलावा अन्य मुस्लिम देशों से संबंध सामान्य हो सकें।*

## यूरोविजन सप्ताह में इजरायल ले रहा भाग

*इसके अलावा माल्मो में होने वाले यूरोविजन सांग कॉन्टेस्ट में इजरायल भी भागीदारी कर रहा है, जिसके चलते इस कार्यक्रम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इजरायल ने इस बीच माल्मों में इजरायली लोगों और यहूदियों के लिए खतरा बताते हुए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है. इजरायल ने बताया कि माल्मो शहर में अरब के प्रवासी भारी संख्या में रहते हैं, इसलिए माल्मो को इजरायल विरोधी शहर के रूप में जाना जाता है।*

## कुरान को जलाना अभिव्यक्ति की आजादी

*सलवान मोमिका नाम के एक शख्स के द्वारा जून 2023 में कुरान जलाई गई थी, जिसकी पूरी दुनिया में निंदा की गई थी. इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य कुरान को जलाने और उसे अपवित्र करने वाले स्वीडन और डेनमार्क समेत अन्य देशों पर लगातार आर्थिक प्रतिबंध लगाने की मांग करते हैं. स्वीडन और डेनमार्क में कुरान जलाने के आयोजन को अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कानूनी मान्यता है. लेकिन इस तरह के आयोजनों का इन देशों पर खराब प्रभाव पड़ा है. मुस्लिम बहुल देशों में जोरदार प्रदर्शन हुए हैं, साथ ही राजनयिक मिशनों को खतरों का सामना करना पड़ा।*




# इंसुलिन से 17 मरीजों की हत्या करने वाली अमेरिकी नर्स को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी। 3 मई**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक नर्स को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. इस नर्स पर घातक इंसुलिन खुराक से 17 मरीजों की हत्या करने का आरोप था. उसे हत्या के तीन मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है.पिट्सबर्ग से लगभग 48 किलोमीटर उत्तर में बटलर में एक सुनवाई के दौरान 41 वर्षीय हीथर प्रेसडी को लगातार तीन आजीवन कारावास और 380-760 साल की लगातार जेल की सजा दी गई।

## मां को भेजा संदेश

*अदालती दस्तावेजों के अनुसार, प्रेसडी ने अप्रैल 2022 और मई 2023 के बीच अपनी मां को संदेश भेजे, जिसमें उन्होंने विभिन्न रोगियों और सहकर्मियों के साथ अपनी नाखुशी के बारे में चर्चा की और उन्हें संभावित रूप से नुकसान पहुंचाने की बात कही. उन्होंने रेस्तरां और अन्य स्थानों पर मिले लोगों के बारे में भी ऐसी ही शिकायतें व्यक्त की थीं।*

## 17 मरीजों की मौत

*अभियोजकों ने कहा कि उसने 2020 और 2023 के बीच चार काउंटियों में पांच स्वास्थ्य सुविधाओं में रहने वाले कम से कम 17 मरीजों की मौत में भूमिका निभाई. पीड़ितों की उम्र 43 से 104 वर्ष के बीच थी. अधिकारियों ने कहा कि सहकर्मी अक्सर प्रेसडी के व्यवहार पर सवाल उठाते थे और कहते थे कि वह अक्सर अपने मरीजों के प्रति तिरस्कार दिखाती थी और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करती थी।*

## 19 मामलों में दोषी ठहराया

*प्रेसडी को हत्या के तीन मामलों और हत्या के प्रयास के 19 मामलों में दोषी ठहराया गया. मई 2023 में शुरू में उस पर नर्सिंग होम के दो मरीजों की हत्या करने और तीसरे को घायल करने का आरोप लगाया गया था. आगे की जांच में उसके खिलाफ दर्जनों और आरोप सामने आए. फरवरी की सुनवाई के दौरान, जिसमें उसने अपने वकीलों के साथ बहस की, उसने संकेत दिया कि वह अपना दोष स्वीकार करना चाहती है. अधिकारियों ने कहा कि याचिका की सुनवाई शुक्रवार तक चलने की उम्मीद थी क्योंकि कई लोग पीड़ित प्रभाव वाले बयान देना चाहते थे।*

## रात की शिफ्ट में दी इंसुलिन

*अभियोजकों ने आरोप लगाया कि हैरिसन के प्रेसडी ने रोगियों को ज्यादा मात्रा में इंसुलिन दिया. वह आमतौर पर रात की शिफ्ट के दौरान इंसुलिन देती थी, जब स्टाफ कम होता था और आपात स्थिति के कारण तत्काल अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ता था. प्रारंभिक आरोप दायर होने के कुछ ही समय बाद, पिछले साल की शुरूआत में उसका नर्सिंग लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था।*

वर्ष 6 अंक 20 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा. लि.ओम भवन, झौंसागढ़ी, दुमका रोड, नजदीक गौशाला, देवघर 814112 से प्रकाशित। संपादक - अमित कुमार सिन्हा। स्थानीय संपादक उदय शंकर खवाड़े* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, फैक्स (06432) 240300 RNI No. JHAHIN/2019/78205 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awazdesk@gmail.com